हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



# अलनीनो का सूखा दूर करेंगे गंगरेल और तांदुला, आधी खेती को सम्हाल लेंगे दोनों बांध

*अलनीनो के खतरे के बीच रायपुर-दुर्ग संभाग की लाइफलाइन कही जाने वाली नदियों पर बने बांध एक बड़ी राहत भरी खबर दे रहे हैं। महानदी पर स्थित गंगरेल यानी रविशंकर शुक्ल जलाशय शिवनाथ की सहायक नदी तांदुला पर स्थित तांदुला जलाशय में सूखे के खतरे को बहुत हद तक कम करने के लायक पानी है। इन दोनों बांधों से इस इलाके में 50 फीसदी कृषि भूमि में सिंचाई हो जाती है, जो सूख के भयावह खतरे को काफी हद तक कम कर देगी।*

दिलीप देवांगन ▶▶| धमतरी

खास खबर

जिले में स्थित गंगरेल बांध राज्य का सबसे लंबा और सबसे बड़ा बांध है। महानदी पर बना यह विशाल बांध रायपुर संभाग की लाइफलाइन है। अलनीनो से उत्पन्न स्थिति से सबकी नजर बांध की ओर लगी है। 1830 मीटर लंबे इस बांध की ऊंचाई नदी तल से 30.5 मीटर है। इसका जलाशय क्षेत्र लगभग ▶▶| शेष पेज 7 पर

**निस्तारी के लिए पानी देने के बाद भी 50 फीसदी खेती संभालने लायक पानी**

### 2.64 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता

गंगरेल बांध की कुल वार्षिक सिंचाई क्षमता लगभग 2,39,000 हेक्टेयर है। खरीफ फसल मानसून के दौरान 2,64,310 हेक्टेयर और रबी फसल के दौरान 40 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचित करने ▶▶| शेष पेज 7 पर



### खुद प्यासा, फिर भी बचाई थी फसलों की जान

*गंगरेल बांध सूखे की आशंका के बाच इसलिए आस जगा रहा है क्योंकि पहले भी गंभीर संकट की स्थिति में बांध ने राहत पहुंचाई है। 2019 में गंगरेल बांध गंभीर जलसंकट और सूखे जैसी स्थिति से जूझ रहा था। मानसून के आगमन में देरी और कैचमेंट एरिया में कम बारिश के कारण जुलाई और अगस्त की शुरुआत तक गंगरेल बांध में उसकी कुल क्षमता का महज* ▶▶| शेष पेज 7 पर

## सूखे जैसे हालात में भी पिछले साल से 26 प्रतिशत पानी अधिक



देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

तांदुला जलाशय, पहले अभिवभाजित दुर्ग जिले का एकमात्र जलाशय था। विभाजन के बाद बालोद जिले में है। दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले के किसानों की सिंचाई और लोगों के पेजयल का मुख्य स्रोत है। 1907 में इस जलाशय निर्माण के बाद अविभाजित मध्यप्रदेश व वर्तमान छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद इलाके को सूखे की स्थिति में संबल देता रहा है। बांध ने कभी पीने के पानी के लिए मोहताज नहीं होने दिया। जलाशय की क्षमता 302.31 एमसीएम की है। तांदुला जलाशय का इतिहास गवाह है कि सबसे कम जलभराव वर्ष 2024 में था। यानी महज 5 प्रतिशत 15 एमसीएम पानी 30 जून ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पानी का इस तरह होता है उपयोग

*तांदुला जलाशय की कुल केपेसिटी का 50 प्रतिशत पानी खेती-किसानी के उपयोग में लाई जाती है। जलसंसाधन विभाग के मुताबिक 151 एमसीएम पानी सिंचाई के लिए होती है। जो बालोद, दुर्ग और बेमेतरा के किसानों को दी जाती है। शेष 151 एमसीएम पानी इन तीनों जिले के पेयजल व निस्तारी* ▶▶| शेष पेज 7 पर

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹107997/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹131900/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹143982/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
aNaND Jewels Pandri, Raipur
*Conditions apply

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ प्रचारकों की वार्षिक बैठक 10 से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक आगामी सप्ताह कर्नाटक के बेलगावी शहर में होने वाली उसकी वार्षिक बैठक में शामिल होंगे। इसमें जनगणना सहित कई समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। तीन दिवसीय यह बैठक 10 जुलाई से 12 जुलाई तक आयोजित होगी।

### ट्रक से टकराई ट्रैवलर चार तीर्थयात्रियों की मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के बठिंडा में बठिंडा-डबवाली राजमार्ग पर टेम्पो ट्रैवलर के खड़े ट्रक से टकरा जाने से राजस्थान के चार तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। पयह घटना जोधपुर रोमाना गांव के पास उस समय हुई, जब राजस्थान के बाड़मेर से श्रद्धालुओं का एक समूह तीन जुलाई से शुरू हो रही वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए जा रहा था।

### 1 जुलाई से कई बदलाव : कमर्शियल सिलेंडर 183 रुपए सस्ता, विमान ईंधन के भी घटे दाम

# ट्रेन में बिना टिकट सफर पर दोगुना जुर्माना, पासपोर्ट बनाना हुआ महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जुलाई महीने के पहले दिन से रेलवे ने नया नियम लागू कर दिया। रेल मंत्रालय ने ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करने पर लगने वाले न्यूनतम जुर्माने को 250 से बढ़ाकर 500 कर दिया है। अब पकड़े जाने पर यात्री को टिकट के वास्तविक किराए के साथ कम से कम 500 का चार्ज देना होगा। इसके अलावा, मामला मजिस्ट्रेट कोर्ट में जाने और दोषी पाए जाने पर अधिकतम 6 महीने की जेल, 1,000 का जुर्माना या दोनों सजाएं हो सकती हैं। बिना टिकट सफर करने वाले यात्रियों की जेब पर अब दोगुनी मार पड़ेगी। उदाहरण के लिए, यदि चेकिंग पॉइंट तक का वास्तविक किराया 150 है।

इधर, ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर कट का तोहफा देते हुए 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 183 रुपए से ज्यादा की कटौती की है। इस बदलाव के बाद 1 जुलाई से दिल्ली में 3,113.50 रुपए का मिलने वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर अब 2,930 रुपये का ▶▶| शेष पेज 7 पर

जुलाई महीने का पहला दिन कई बड़े बदलाव लेकर आया। इनमें कहीं राहत है, तो कहीं बोझ बढ़ गया। पहली तारीख से तेल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम घटा दिए हैं, तो पेट्रोल-डीजल के दाम भी कम हो गए हैं। किआ समेत अन्य कंपनियों ने अपनी कारों के दाम में इजाफा कर दिया है। इसके अलावा बिना टिकट रेल सफर में दोगुना जुर्माना और पासपोर्ट बनाना महंगा हो गया।

**बड़े बदलाव**

- नायरा का पेट्रोल 5 और डीजल 3 रुपए सस्ता
- डीजल की बिक्री पर लिमिट 1 जुलाई से हटी
- हवाई ईंधन की कीमतों में 5 रुपए प्रति लीटर की कटौती

**रेलवे में कितना जुर्माना**

- पहले (पुराने नियम से): किराया 150 + जुर्माना 250 = कुल 400 रुपए
- अब (नए नियम से): किराया 150 + जुर्माना 500 = कुल 650 रुपए




### आधार कार्ड में फ्री अपडेट

1 जुलाई से आधार कार्ड पर ईमेल एड्रेस को अपडेट कराने के लिए लगने वाली 75 रुपए की फीस को हटा दिया है। यह सर्विस अगले छह महीने यानी 31 दिसंबर, 2026 तक मुफ्त रहेगी। इस समयसीमा के खत्म होने के बाद ही दोबारा चार्ज लिया जाएगा। इस फैसले से उन करोड़ों नागरिकों को सीधी राहत मिलेगी जो अपने आधार में ईमेल आईडी लिंक या अपडेट कराना चाहते हैं। अब वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के ऑनलाइन या निर्धारित केंद्रों के माध्यम से अपना ईमेल एड्रेस मुफ्त में अपडेट करा सकेंगे।

### नायरा का पेट्रोल और डीजल सस्ता

*प्राइवेट फ्यूल रिटेलर कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल 3 रुपए प्रति लीटर सस्ता कर दिया है। अब भोपाल में पेट्रोल की कीमत 114.79 रुपए और डीजल 99.57 रुपए पर आ गया है। नायरा के देशभर में 7000 हजार से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं। इससे आम आदमी को महंगाई से राहत मिलेगी। डीजल के दाम घटने से सामान को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने* ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पासपोर्ट के लिए एक से दो हजार ज्यादा

केंद्र सरकार ने पासपोर्ट की फीस में बढ़ोतरी की है, जो 1 जुलाई से लागू हो गई है। इससे पहले 2012 में पासपोर्ट की फीस बढ़ाई गई थी। यानी 14 साल बाद ये बढ़ोतरी हुई है। अब नया पासपोर्ट बनवाने या पुराने पासपोर्ट को री-इश्यू कराने वाले नागरिकों की जेब पर सीधा असर पड़ेगा। उन्हें 1,000 से लेकर 2,000 तक अधिक खर्च करने होंगे।

### कारों की कीमत में दो फीसदी तक बढ़ोतरी

ज्यादातर ऑटोमोबाइल कंपनियों ने 1 जुलाई से अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। इसके तहत किया इंडिया ने अपने सभी वाहनों की रेंज में 2% तक की बढ़ोतरी की है, जबकि टाटा मोटर्स कीमतों में 1.5% तक की बढ़ोतरी करने जा रही है। 1 जुलाई से नई कार खरीदने वाले ग्राहकों की जेब पर बोझ बढ़ेगा और उन्हें पहले के मुकाबले ज्यादा कीमत चुकानी होगी।

## लिव-इन में रहकर शादी नहीं करना, दुष्कर्म नहीं माना जाएगा- हाईकोर्ट

**सहमति भी देखनी होगी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

'यदि दो बालिग लंबे समय तक आपसी सहमति से लिव-इन रिलेशनशिप में रहे हों, तो बाद में शादी नहीं होने मात्र से उसे रेप का मामला नहीं माना जा सकता।' छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने शादी का भरोसा देकर बनाए गए शारीरिक संबंध के एक मामले में यह टिप्पणी करते हुए फैसला सुनाया है। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की तरफ से आरोपी को बरी किए जाने के फैसले को सही ठहराते हुए पीड़िता की अपील शुरुआती सुनवाई (एडमिशन स्टेज) में ही खारिज कर दिया।

जस्टिस संजय एस अग्रवाल और जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की डिवीजन ▶▶| शेष पेज 7 पर

### भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाया

दरअसल, 40 साल की महिला ने 2019 में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) रायपुर में एमबीए में प्रवेश लिया था। इसी दौरान उसकी पहचान सहपाठी युवक से हुई। पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच बातचीत बढ़ी। महिला का आरोप था कि, 5 जुलाई 2019 को युवक ने ग्रुप स्टडी का बहाना बनाकर उसे अपने घर बुलाया, लेकिन वहां कोई दूसरा छात्र मौजूद नहीं था। उसने शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद दोनों लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहे। महिला का कहना था ▶▶| शेष पेज 7 पर

### जिला कोर्ट ने भी किया था युवक को बरी

बाद में महिला ने पहले महिला आयोग और फिर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चालान पेश किया। ट्रायल कोर्ट ने पाया कि दोनों बालिग थे और लंबे समय तक आपसी सहमति से संबंध में रहे। इसलिए आरोपी को बरी कर दिया। इस फैसले को महिला ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि दोनों के बीच लंबे समय तक ▶▶| शेष पेज 7 पर

## सराफा दुकान में संचालक पर ताना कट्टा, लुटेरों से भिड़ गया व्यापारी, भाग निकले अपराधी





- पकड़े जाने के डर से कट्टा, बाइक छोड़कर भागे लुटेरे
- एक महिला सहित तीन लोग अंगूठी खरीदने के बहाने पहुंचे थे सराफा दुकान
- कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी मेन रोड में संचालित राज ज्वेलर्स का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

एक सराफा दुकान में नकाबपोश महिला व दो पुरुष बाइक में सवार होकर चांदी की अंगूठी खरीदने के बहाने पहुंचे और लूटपाट की कोशिश की, लेकिन दुकान संचालक की बहादुरी ने प्रयास विफल कर दिया। दरअसल, दुकान के संचालक उनको चांदी की अंगूठी दिखा रहे थे तभी उसमें से एक युवक ने अपने पास रखे मिर्ची पाउडर को दुकान संचालक पर छिड़ककर देशी कट्टा अड़ा दिया लेकिन दुकान संचालक ने हिम्मत की और लुटेरों से भिड़ गया। इससे लुटेरे हड़बड़ा गए और अफरातफरी की स्थिति निर्मित हो गई। हंगामे की आवाज सुन और पकड़े जाने के भय से लुटेरे मौके पर ही अपनी बाइक, चप्पल और देशी कट्टा छोड़कर भाग निकले। जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छुरी रोड में राजकुमार अग्रवाल 59 वर्ष पिता गुलाबचंद अग्रवाल द्वारा राज ज्वेलर्स के नाम से सराफा दुकान का संचालन किया जाता है। रोज की तरह राजकुमार अग्रवाल अपनी ▶▶| शेष पेज 7 पर

### गैरेज संचालक पर चाकू से हमला

बताया जाता है कि सराफा कारोबारी राजकुमार अग्रवाल ने जैसे ही लूटपाट करने पहुंचे तीनों लोगों पर जब हमला शुरू कर दिया तो पकड़े जाने के डर से तीनों लोग इधर उधर से भागने लगे। इस दौरान रोड में ऑटो गैरेज दुकान का संचालन करने वाले एक युवक ने मौके से भाग रही महिला को धरदबोचा था लेकिन इस दौरान महिला ने अपने पास में रखे चाकू से गैरेज संचालक पर हमला कर दिया और भागने में सफल हो गई।

### रायगढ़ से चोरी की गाड़ी लेकर पहुंचे थे आरोपी

पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि लुटेरे जिस प्लेटिना मोटर सायकल से पहुंचे थे वह चोरी की है और रायगढ़ क्षेत्र से चोरी की गई है। फिलहाल पुलिस मौके से मिले सीसीटीवी फुटेज और विभिन्न क्लू के आधार पर लुटेरों की छानबीन में जुटी हुई है।

**इंडिगो का बड़ा ऑफर**

## सिर्फ हैंड बैगेज वाले यात्रियों को मिलेगा सस्ता टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एयर इंडिया द्वारा पिछले महीने 16 जून को कुछ डोमेस्टिक रूटों पर मील (खाना) ना लेने वाले यात्रियों को सस्ते टिकट देने वाली 'बेसिक' फेयर स्कीम लॉन्च करने के बाद बुधवार 1 जुलाई को इंडिगो ने भी यात्रियों के लिए 'इंडिगो लाइट' नाम की एक स्कीम लांच की है। इस स्कीम में अगर किसी यात्री के पास चेक इन लगेज नहीं है और केवल केबिन (हैंड बैगेज) बैगेज ही है, तो ऐसे यात्रियों को सस्ती टिकट मिल ▶▶| शेष पेज 7 पर



### नॉन-स्टॉप फ्लाइट पर लागू होगी स्कीम

'इंडिगो लाइट' किराया विशेष रूप से इंडिगो के डायरेक्ट चैनलों (वेबसाइट, मोबाइल एप्लिकेशन और संपर्क केंद्र) पर उपलब्ध होगा। यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों रूटों पर केवल नॉन-स्टॉप यानी डायरेक्ट फ्लाइटों के लिए लागू होगी। भले ही यह फ्लाइट वन-वे, राउंडट्रिप और मल्टीसिटी वाली होंगी। कनेक्टिंग फ्लाइटों के लिए यह स्कीम लागू नहीं होगी। इससे ग्राहकों को किफायती 'बेस प्राइस' का लाभ मिलेगा।

**देश के साथ प्रदेश में वीबी जीरामजी लागू**

## श्रमिकों को अब मिलेगी 300 रुपए रोजी, 125 दिन काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

बुधवार को विकसित भारत जी-राम-जी अभियान का शुभारंभ किया गया। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को नई गति देना है। बताया गया कि योजना के तहत पात्र परिवारों को अब 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही बेरोजगारी भत्ता का भी प्रावधान किया गया है। वीबी जी राम जी के लागू होने के पहले दिन ही श्रमिकों को बड़ी सौगात मिली। ▶▶| शेष पेज 7 पर



### बोडला के गंडईखुर्द में विशेष कार्यक्रम

आज से वीबी जीरामजी पूरे देश के साथ राज्य में भी लागू हो गयी है। इसका पूरे राज्य में श्रमिकों द्वारा उत्साह के साथ स्वागत किया जा रहा है। कार्य स्थलों पर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। राज्य के हर ग्राम में वीबी जी राम जी के आगमन को एक उत्सव की तरह मनाते सभी को योजना की जानकारी दी जा रही है। 2 जुलाई को तिरुपति, आंध्रप्रदेश से केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा, वहीं प्रदेश ▶▶| शेष पेज 7 पर

### इन कार्यों पर फोकस

*योजना के अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन, ग्रामीण अधोसंरचना का विकास, आजीविका के नए अवसर, बाढ़ प्रबंधन तथा अन्य जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।*

**प्राइवेसी और सुरक्षा की हो रही जांच**

# रडार पर व्हाट्सएप, यूजरनेम फीचर पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार ने मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्स ऐप के प्रस्तावित यूज़रनेम फीचर को लेकर गंभीर चिंता जताई है। सरकार ने कहा है कि इस नए फीचर के कानूनी पहलुओं की जांच की जाएगी। यदि इससे फर्जी पहचान बनाकर धोखाधड़ी या लोगों को गुमराह करने का खतरा पाया गया तो आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। सूत्रों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स ▶▶| शेष पेज 7 पर



### राष्ट्रीय सुरक्षा और यूजर सेफ्टी पर फोकस

सूत्रों के अनुसार, सरकार का स्पष्ट रुख है कि किसी भी डिजिटल फीचर की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अगर समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि फीचर में पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं हैं, तो मेटा को आवश्यक बदलाव करने के निर्देश दिए जा सकते हैं।

### नया यूजरनेम फीचर

कंपनी ने हाल ही में घोषणा की है कि व्हाट्सएप पर जल्द ही नंबर शेयर करने का झंझट खत्म हो जाएगा। इंस्टाग्राम और टेलीग्राम की तरह यूजर्स अब यूजरनेम के जरिए एक-दूसरे से जुड़ सकेंगे। कंपनी ने इस फीचर के लिए शुरुआती यूजरनेम रिजर्वेशन भी शुरू कर दिया है और इसे आधिकारिक तौर पर इस साल के अंत तक सभी यूजर्स के लिए रोलआउट किया जाएगा।

### फीचर कैसे काम करेगा?

*इस फीचर को लेकर व्हाट्सएप का कहना है कि यह फीचर यूजर्स की प्राइवेसी को मजबूत बनाने के लिए तैयार किया गया है। इसके जरिए किसी नए व्यक्ति, ग्रुप या बिजनेस से जुड़ने के लिए मोबाइल नंबर साझा करने की जरूरत नहीं होगी। कंपनी के अनुसार इसमें यूजरनेम अधिकतम 35 कैरेक्टर तक का हो सकेगा। कुछ हाई-प्रोफाइल और सेलिब्रिटी यूजरनेम सुरक्षित रखे जाएंगे।*

### स्कूलों में मंत्रोच्चार के आदेश को चुनौती

**बिलासपुर।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के स्कूलों में मंत्रोच्चार शुरू करने के आदेश को चुनौती देते हुए छत्तीसगढ़ राज्य वक़्फ़ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इस मामले में अभी सुनवाई की तिथि निर्धारित की जानी है। अब्दुल सलाम रिजवी की ओर से पेश याचिका में कहा गया है कि यह आदेश भारत के संविधान का उल्लंघन करता है। इसके साथ ही यह आरोप लगाया गया है कि सरकार जानबूझ कर हिन्दू मुस्लिम कर रही है, जबकि मुस्लिम और क्रिश्चियन धर्म में भी अच्छी बातें लिखी है, पर सिर्फ हिन्दू धर्म का मंत्रोपचार स्कूलों में कराया जा रहा है। याचिकाकर्ता ने 12 जून 2026 को जारी ▶▶| शेष पेज 7 पर

# हॉर्मुज में बीच समंदर फंसा विदेशी जहाज, ईरान का 'तय रूट' नहीं अपनाने का दावा

एजेंसी ▶▶| तेहरान

दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में शामिल स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में बुधवार को एक विदेशी कंटेनर जहाज फंस गया। ईरान के सरकारी टेलीविजन के अनुसार, जहाज ने ईरान द्वारा निर्धारित आधिकारिक समुद्री मार्ग का पालन नहीं किया, जिसके कारण वह उथले पानी में जाकर फंस गया और आगे बढ़ने में असमर्थ हो गया। हालांकि ईरान ने जहाज के नाम, उसके झंडे या उसके गंतव्य के बारे में तत्काल कोई जानकारी साझा नहीं की। सरकारी टीवी ने केवल इतना कहा कि जहाज विदेशी कंटेनर पोत था और गलत मार्ग चुनने के कारण यह हादसा हुआ। ईरानी मीडिया ने दावा किया कि हॉर्मुज से गुजरने वाले सभी जहाजों को IRGC द्वारा निर्धारित रूट ऑफ अथॉरिटी का पालन करना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया कि आईआरजीसी पहले भी दुनिया भर के जहाज मालिकों, कप्तानों और शिपिंग कंपनियों को चेतावनी दे चुका है कि निर्धारित मार्ग से हटकर आने-जाने पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं।



### जारी है कूटनीतिक वार्ता

यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच हालिया संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच युद्धविराम को स्थायी बनाने के लिए कतर की राजधानी दोहा में कूटनीतिक वार्ता जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जेरेड कुशनर कतर पहुंचे हुए हैं। क्षेत्रीय अधिकारियों के अनुसार, दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों के बीच तकनीकी स्तर की बातचीत शुरू हो चुकी है, हालांकि ईरान ने आधिकारिक तौर पर इन वार्ताओं की पुष्टि नहीं की है।

### हॉर्मुज है वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा

सूत्रों के मुताबिक, अंतरिम समझौते के तहत ईरान और अमेरिका ने 60 दिनों तक जहाजों को बिना शुल्क हॉर्मुज से गुजरने देने पर सहमति जताई थी। लेकिन इसके साथ ही ईरान ने यह भी शर्त रखी कि समुद्री मार्गों का नियंत्रण उसके पास रहेगा और भविष्य में वह जहाजों से पारगमन शुल्क वसूलने का अधिकार चाहता है। अमेरिका और कई खाड़ी देशों ने इस मांग का विरोध किया है। गौरतलब है कि हॉर्मुज वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा माना जाता है। सामान्य परिस्थितियों में दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इसी समुद्री मार्ग से होती है। इसलिए इस क्षेत्र में किसी भी तरह की अस्थिरता का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर पड़ सकता है।

## विदेश मंत्री अराघची ने ट्रंप को दी 'धमकी' — 'तेल अवीव में 'पालतू जानवरों' का मुंह बंद कराएं, वरना सबक सिखाएंगे'

ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव के बीच विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप को अमेरिका से तेल अवीव में अपने सहयोगियों को मुंह बंद करने के लिए कहना चाहिए। यदि वे उनकी बात नहीं माने, तो ईरान उन्हें सबक सिखाने के लिए तैयार है। सैयद अब्बास अराघची ने कहा, 'ट्रंप ने अमेरिका को तेल अवीव में अपने पालतू जानवरों का मुंह बंद करने के लिए कहा है। यदि वे अपने मालिक की बात नहीं मानेंगे, तो ईरान उन्हें सबक सिखाएगा। हमारे लोगों और लीडरशिप के खिलाफ किसी भी खतरे का तुरंत कड़ा जवाब दिया जाएगा। हम किसी तरह का दबाव स्वीकार नहीं करेंगे।' ईरानी विदेश मंत्री का यह बयान क्षेत्रीय तनाव के बीच आया है, जहां ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच लगातार बयानबाजी जारी है। सैयद अराघची ने ईरान के लोगों और नेतृत्व को लेकर भी सख्त रुख दिखाया। उन्होंने साफ संदेश दिया कि देश अपनी सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़े मामलों में किसी दबाव को स्वीकार नहीं करेगा।



### इधर, वार्ता के लिए अमेरिकी अधिकारी पहुंचे कतर

इसी बीच युद्ध खत्म करने के लिए शुरुआती डील को लागू करने के बारे में बातचीत के लिए अमेरिका के दो दूत मंगलवार को कतर पहुंचे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खास दूत स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जेरेड कुशनर का यह दौरा होर्मुज स्ट्रेट को शिपिंग ट्रैफिक के लिए फिर से खोलने की कोशिशों को लेकर वीकेंड में हुई गोलीबारी के बाद हुआ है। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने कहा कि दोहा में अमेरिकी दूत ईरानी डिप्लोमैट के साथ सीधी बातचीत नहीं करेंगे। यूएस और ईरान पहले भी अप्रत्यक्ष बातचीत कर चुके हैं।

---

## खबर संक्षेप

### दीक्षित बने भारतीय वायुसेना के उप प्रमुख

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित भारतीय वायु सेना के नए और 51वें उप प्रमुख बनाए गए हैं। उन्होंने एयर मार्शल नागेश कपूर का स्थान लिया है। इससे पहले वे एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख के रूप में सेवा दे रहे थे। उससे पहले वे केंद्रीय वायु कमान के वायु अधिकारी कमांडिंग-इन-चीफ थे। आशुतोष दीक्षित दक्षिण पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ वायु सेना अधिकारी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। तीन दशकों से अधिक के अपने करियर में, उनके पास विभिन्न लड़ाकू जेट विमानों पर 3300 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव है।



### नहीं रहीं दिग्गज निर्देशक विजय मेहता

**मुंबई।** मराठी थिएटर को नई पहचान देने वाली सीनियर डायरेक्टर, अभिनेत्री और रंगकर्मी विजय मेहता का मंगलवार रात निधन हो गया। वह 92 साल की थीं। उम्र संबंधी बीमारियों के कारण उन्होंने दक्षिण मुंबई स्थित अपने घर पर अंतिम सांस ली। एक्टर विजय केंकरे ने उनके निधन की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि विजय मेहता का निधन रात करीब 9:30 से 10 बजे के बीच हुआ।



### पर्सनैलिटी राइट्स : राघव को अंतरिम राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की पर्सनैलिटी राइट्स से जुड़ी याचिका पर फिलहाल कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि इसमें कोई पर्सनैलिटी राइट्स शामिल नहीं है। हालांकि, कोर्ट इस मामले में पहले ही पहली ही मानहानि कारक माने गए पोस्ट और दस्तावेजों को हटाने का आदेश दे चुका है। मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने स्पष्ट किया कि अदालत पहले ही उन पांच चुनिंदा पोस्ट और दस्तावेजों को हटाने का आदेश दे चुकी है जो प्रथम दृष्टया मानहानिकारक प्रतीत हो रहे थे।



---

### हॉर्स ट्रेडिंग के आरोपों में पुलिस ने किया 3 लोगों को गिरफ्तार

# तमिलनाडु में विजय सरकार गिराने की साजिश 35 करोड़ का ऑफर, रडार पर थे 15 विधायक

तमिलनाडु की सियासत से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां अभिनेता से नेता बने विजय के नेतृत्व वाले टीवीके विधायक ने दावा किया है कि उन्हें सदन अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्तावित विधानसभा प्रस्ताव पर अपना वोट प्रभावित करने के लिए 35 करोड़ रुपये की पेशकश की गई थी।

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में करिश्माई जीत हासिल करके मुख्यमंत्री बने सीएम सी जोसेफ विजय 10 जुलाई को दो महीने पूरे करेंगे। इस पहले तमिलनाडु में विजय की सरकार को अस्थिर करने की साजिश सामने आई है। तमिलनाडु पुलिस ने तीन लोगों को विधायकों को 35 करोड़ रुपये ऑफर करने और हॉर्स ट्रेडिंग के आरोपों में अरेस्ट किया है। इस पूरे मामले में डीएमके के कद्दावर और पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी का नाम उछलने से राजनीति गरमा गई है। दावा किया जा रहा है कि पुलिस के इंटेलीजेंस विभाग ने इस मामले की भनक लगते ही सरकार गिराने की साजिश को विफल कर दिया। दावा किया जा रहा है कि करीब 15 विधायकों से विपक्ष में वोट दिलवाने की साजिश रची जा रही थी।

डीएमके के कद्दावर पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी पर लगे गंभीर आरोप

डीएमके के सहयोगी दलों से मिले समर्थन से चल रही है टीवीके सरकार



### विधायक की शिकायत पर एक्शन

पुलिस ने यह कार्रवाई तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के विधायक एन. इलैयाराजा के आरोपों के बाद की गई है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें विधानसभा स्पीकर के खिलाफ प्रस्तावित प्रस्ताव पर अपना वोट प्रभावित करने के लिए 35 करोड़ रुपये का ऑफर दिया गया था। बुधवार को पुलिस ने बताया, जांच में पूर्व डीएमके मंत्री वी सेंथिल बालाजी और उनके भाई वी अशोक कुमार का नाम भी कथित तौर पर इस साजिश से जुड़ा पाया गया है। 29 जून को चेन्नई पुलिस कमिश्नर के पास इलैयाराजा द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में विजय की पार्टी टीवीके बहुमत से चूक गई थी।

### शिकायत में यह है आरोप

टीवीएके एमएलए इलैयाराजा की शिकायत के अनुसार, थिरुनावुक्करसु नाम के एक व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया। उसने दावा किया कि वह 'इंडियन पॉलिटिकल डेमोक्रेटिक स्ट्रैटेजीज' (आईपीडीएस) नाम की एक ओपिनियन पोलिंग संस्था का प्रमुख है और एक बड़ी राजनीतिक पार्टी के सदस्यों की ओर से बात कर रहा है। कॉलर ने कथित तौर पर टीवीके विधायक से कहा कि तमिलनाडु विधानसभा के स्पीकर के खिलाफ एक प्रस्ताव लाया जाएगा और उनसे कहा कि वे सत्ताधारी पार्टी का सदस्य होने के बावजूद एक खास तरीके से वोट करें। इसके बदले में उसने कथित तौर पर इलैयाराजा को 35 करोड़ रुपये तक का ऑफर दिया।

### टीवीके विधायक ने ठुकराया प्रस्ताव

इलैयाराजा ने आरोप लगाया कि उन्होंने यह ऑफर ठुकरा दिया और कॉलर से दोबारा संपर्क न करने को कहा। हालांकि थिरुनावुक्करसु ने कथित तौर पर उन्हें धमकी दी और चेतावनी दी कि अगर उन्होंने इस बातचीत का खुलासा किया तो उन्हें और उनके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पुलिस ने बताया कि बाद की जांच में पता चला कि पूर्व डीएमके मंत्री और कोयंबटूर दक्षिण के विधायक वी सेंथिल बालाजी के भाई वी अशोक कुमार ने चेन्नई में नरेश से मुलाकात की थी। जांच करने वालों का आरोप है कि सेंथिल बालाजी और अशोक कुमार के कहने पर थिरुनावुक्कारासु ने इलैयाराजा से संपर्क किया।

### टीवीके एक नैरेटिव गढ़ रहा : डीएमके

*डीएमके के प्रवक्ता ए सरवनन ने कहा- टीवीके जांच से जुड़ी जानकारी लीक करके सिर्फ जनता के बीच सनसनी फैलाना चाहती है। इससे पता चलता है कि उन्हें तथ्यों की जानकारी नहीं है और वे सिर्फ एक मनगढ़ंत कहानी बना रहे हैं। अगर उसके पास पुख्ता सबूत हैं तो वह सेंथिल बालाजी को गिरफ्तार करके दिखाए। उन्होंने आगे कहा- विजय और सेंथिल बालाजी के बीच संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं। डीएमके के पूर्व मंत्री करूर से ताल्लुक रखते हैं, जहां विजय की चुनावी रैली के दौरान भगदड़ मच गई थी। विजय ने तब बालाजी पर उन्हें बदनाम करने के लिए भगदड़ की साजिश रचने का आरोप लगाया था। बालाजी ने इस आरोप से इंकार किया था।*

---

### वेनेजुएला में मारे गए भारतीय का इंडिया पहुंचा शव

# दिल-दिमाग, गुर्दा, लिवर सब गायब, शॉक में परिवार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेनेजुएला में मई में दिल का दौरा पड़ने से मरे एक भारतीय नाविक की मौत का रहस्य उस समय और गहरा गया, जब उसका शव भारत लाया गया। 33 वर्षीय राकेश चौहान के परिवार ने आरोप लगाया है कि उसके शरीर से दिमाग, दिल और फेफड़ों समेत कई अंग गायब थे। इसके बाद फेडरेशन ऑफ सीफेरर्स यूनियंस ऑफ इंडिया (एफएसयूआई) ने इस मामले की पूरी जांच की मांग की है। एफएसयूआई ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि चौहान का शव बिना किसी पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वेनेजुएला के अधिकारियों की किसी जानकारी के उनके गृहनगर उत्तर प्रदेश के देवरिया भेज दिया गया।



### शरीर पर पहले चोट के नहीं थे कोई निशान

परिवार ने दोबारा पोस्टमार्टम की मांग की थी। संगठन ने लिखा, 'भारत में हुए आधिकारिक पोस्टमार्टम में एक भी अंग नहीं मिला. दिमाग गायब, दिल गायब, दोनों फेफड़े गायब, लिवर, किडनी, तिल्ली, अग्नाशय, पेट और आंतें, थायरॉइड, हायॉइड, लैरिंक्स और ट्रेकिया, सब कुछ गायब था।' पोस्ट में यह भी लिखा गया कि शव की गर्दन से लेकर प्यूबिक हिस्से तक 22 टांके और एक कान से दूसरे कान तक 21 टांके पहले से लगे हुए मिले। शरीर पर पहले चोट के कोई निशान नहीं थे। शव को करीब एक महीने तक डीप फ्रीज में रखा गया था। चूंकि सारे अंग गायब थे, इसलिए मौत का असली कारण पता ही नहीं चल सका।

### परिवार ने की जांच की मांग

राकेश चौहान देवरिया के लगड़ा बाजार टोला के रहने वाले थे। वे नवंबर 2025 में एक मालवाहक जहाज पर काम करने वेनेजुएला गए थे। उन्हें एक्सफिनिटी नाम की कंपनी ने भेजा था। कंपनी ने पहले परिवार को बताया कि राकेश जहाज पर गिर गए और घायल हो गए। अगली सुबह बताया गया कि उनके बचने की संभावना सिर्फ पांच प्रतिशत है, और शाम तक उनकी मौत की खबर आ गई। राकेश के पिता रामदेव चौहान ने कहा, 'हमें अंधेरे में रखा गया। पहले भी एक पोस्टमार्टम हुआ था, लेकिन जिलाधिकारी के आदेश पर हुए दूसरे पोस्टमार्टम में पता चला कि शरीर से सारे अंग गायब थे और मौत का कारण पता नहीं चल सका. हम चाहते हैं कि सरकार कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करे और मामले की जांच हो।'

---

## सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी | चार्जशीट की प्रति नहीं मिलने मात्र से डिफॉल्ट जमानत का अधिकार नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को स्पष्ट किया कि किसी आरोपी को आरोप-पत्र (चार्जशीट) की प्रति उपलब्ध नहीं कराए जाने को डिफॉल्ट जमानत का आधार नहीं बनाया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह टिप्पणी करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें एक आरोपी की ऐसी ही एक याचिका खारिज कर दी गई थी। आरोपी का तर्क था कि उसे चार्जशीट की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई, इसलिए उसे डिफॉल्ट जमानत दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 193(8) के तहत चार्जशीट की अतिरिक्त प्रतियां दाखिल नहीं किए जाने से स्वयं चार्जशीट अमान्य नहीं हो जाती। अदालत ने कहा कि पूर्ववर्ती दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की तरह ही बीएनएसएस के तहत भी डिफॉल्ट जमानत का अधिकार तभी उत्पन्न होता है, जब जांच एजेंसी 60 या 90 दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर, जैसा भी मामला हो, चार्जशीट दाखिल नहीं करती।



### यह कहा पीठ ने

पीठ ने कहा, 'निर्धारित अवधि के भीतर बीएनएसएस की धारा 193(3) के तहत निर्धारित प्रारूप में चार्जशीट दाखिल हो जाने के बाद डिफॉल्ट जमानत का अधिकार समाप्त हो जाता है। बीएनएसएस की धारा 193(8) का पालन नहीं करने को धारा 187(3) के समान नहीं माना जा सकता।' बता दें कि बीएनएसएस, 2023 की धारा 187(3) डिफॉल्ट जमानत से संबंधित प्रावधानों को नियंत्रित करती है।

### साइबर ठगी से जुड़े मामले पर हो रही थी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक मामले में गिरफ्तार आरोपी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। यह मामला करीब 3.81 करोड़ रुपये की कथित बड़े पैमाने की साइबर ठगी से जुड़ा है। सीबीआई के अनुसार, अज्ञात साइबर अपराधी अत्याधुनिक डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल कर लोगों से ठगी कर रहे हैं। इसके लिए वे फर्जी पहचान, जाली दस्तावेज और अन्य तकनीकी तरीकों का उपयोग करते हैं।

### जैन मुनि को खामेनेई के अंतिम संस्कार का न्योता

**नई दिल्ली।** जैन संत और अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक आचार्य लोकेश मुनि को ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण मिला है। यह कार्यक्रम 4 और 5 जुलाई को तेहरान में होगा। ईरान के सर्वोच्च नेता के कार्यालय की ओर से भेजे गए निमंत्रण पत्र में कहा गया है कि भारत और ईरान के ऐतिहासिक रिश्तों को देखते हुए आचार्य लोकेश मुनि की मौजूदगी दोनों देशों के बीच गहरे सम्मान और मित्रता का प्रतीक होगी। ईरानी मीडिया के मुताबिक, अंतिम संस्कार में 1.2 करोड़ से 2 करोड़ लोगों के शामिल होने का अनुमान है। इसी वजह से पूरे तेहरान में सुरक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य व्यवस्थाओं के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

## तीन लोग हुए गिरफ्तार | चारधाम हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी, कई राज्यों में नेटवर्क

एजेंसी ▶▶| देहरादून

चारधाम या केदारनाथ जाने की सोच रहे हैं और हेलीकॉप्टर बुक करना चाहते हैं तो सावधान हो जाएं क्योंकि हाल ही में साइबर अपराधियों ने एक अधिकारी को निशाना बना लिया। 12 मई को एक सरकारी अधिकारी ने एक वेबसाइट के जरिए कुछ ही मिनटों में अपराधियों ने ठग लिया। दरअसल, सरकारी अधिकारी केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग करना चाहते थे और इसके लिए उन्होंने गूगल पर सर्च किया उन्हें गूगल सर्च में अधिकृत बुकिंग वेबसाइट से मिलती-जुलती वेबसाइट मिली। उन्होंने कुछ ही मिनटों में भुगतान कर बुकिंग किया और जब परिवार फाटा हेलीपैड पहुंचा तो उन्हें पता चला कि टिकट नकली है।



### लोगों को गुमराह करने के लिए बनाई वेबसाइट

मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने बताया कि यह वेबसाइट लोगों को गुमराह कर धोखाधड़ी से तीर्थयात्रियों से पैसे ऐंठने के लिए बनाई गई थी। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, सरकारी अधिकारी ने गूगल लिंक '**irctc-heliyatra.com**' पर क्लिक किया था। पोर्टल पर चार पवित्र हिमायली धामों की दिव्य यात्रा टैगलाइन के साथ-साथ 4 धाम, 5 रात/6 दिन,89,999 रुपये से शुरू नामक एक पैकेज का विज्ञापन और चारों तीर्थ स्थलों की तस्वीरें भी थीं।

### कई राज्यों में फैला हुआ नेटवर्क

पुलिस ने कहा, 'जो शुरू में ऑनलाइन धोखाधड़ी का एक अकेला मामला लग रहा था, वह कई राज्यों में फैला हुआ एक नेटवर्क निकला।' बैंक अकाउंट, धन के लेन-देन, डोमेन रजिस्ट्रेशन, जीमेल रिकॉर्ड, आईपी लॉग और तकनीक सबूतों के विस्तृत विश्लेषण के जरिए पुलिस ने इन आरोपियों की पहचान की और 2 जून को बिहार के नालंदा से ओमप्रकाश कुमार, रोहित कुमार नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान पुलिस ने बताया कि उन्होंने तीसरे आरोपी श्रेयांश तिवारी उर्फ शिवम की भूमिका का खुलासा किया, जो यूपी के जौनपुर का रहना वाला बीटेक का छात्र है। उसे बाद में नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया।

---

### दोनों देशों के 117 नेताओं ने लिखा प्रधानमंत्री मोदी, पाक पीएम शाहबाज को पत्र

# भारत, पाकिस्तान में हो बातचीत, खत्म होनी चाहिए दुश्मनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के 100 से अधिक प्रमुख नागरिकों के एक ग्रुप ने मंगलवार को दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों से दुश्मनी खत्म करने, शांति, सामान्य स्थिति, संवाद करने की दिशा में कदम उठाने के आग्रह किया। आगे कहा कि यह दोनों देशों के लाखों युवाओं को अवसरों, समृद्धि और एक सुरक्षित भविष्य से वंचित कर रही है। उन्होंने पूर्ण राजनयिक संबंधों की बहाली और भारत और पाकिस्तान में उच्चायुक्तों की पुनःनियुक्ति के साथ-साथ दोनों देशों के नागरिकों के लिए सामान्य वीजा सेवाओं को फिर से शुरू करने की मांग की।

### सेंटर फॉर पीस एंड प्रोगेस की ओर से जारी किया गया पत्र

**इन नेताओं ने लिखा पत्र**

सेंटर फॉर पीस एंड प्रोगेस की ओर से जारी एक पत्र में भारत और पाकिस्तान के अहम राजनीतिक हस्तियों समेत 117 लोगों ने तुरंत राजनायिक से लेकर संवाद होने, लोगों के बीच संबंधों को फिर से जोड़ने के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक पहुंच को बढ़ावा देने तक के सुझाव दिए हैं। भारत से नेशनल कॉन्फ्रेंस के चीफ फारूक अब्दुल्ला, अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, राजद सांसद मनोज झा, पूर्व टीएमसी मंत्री और वर्तमान एजएयूपी नेता हुमायुं कबीर समेत 61 लोगों ने पत्र में साइन किए थे। जबकि पाकिस्तान की ओर से पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी, राजनयिक अशरफ जहांगीर काजी, राष्ट्रीय सभा के सदस्य इस्फन्यार भंडारा जैसे राजनेताओं के अलावा न्यूक्लियर फिजिक्स साइंटिस्ट और राइटर परवेज हुडभोय समेत 56 लोगों ने साइन किए थे।



'शांति का रास्ता चुनना चाहिए': पत्र में कहा गया, 'भारत और पाकिस्तान की आबादी दुनिया की आबादी का एक पाँचवाँ हिस्सा हैं। दोनों देशों के आबादी का एक बड़ा हिस्सा युवा है। दोनों देशों के लोग निरंतर अविश्वास और टकराव के बजाय शांति, विकास, संपर्क और सहयोग से भविष्य के हकदार हैं।' आगे कहा, 'दशकों के अलगाव ने हमारी सामूहिक क्षमता को बाधित किया है और इसके फलस्वरूप सामाजिक, आर्थिक और मानवीय स्तर पर भारी नुकसान हुआ है। हमारा मानना है कि निरंतर जुड़ाव और संवाद ही मतभेदों को सुलझाने और एक स्थिर एवं समृद्ध क्षेत्र का एकमात्र सही रास्ता है।'

### अहम मुद्दों पर द्विपक्षीय संवाद का आह्वान

पत्र में जम्मू-कश्मीर पर चर्चा समेत सभी लंबित मुद्दों पर एक व्यापक द्विपक्षीय संवाद को फिर से शुरू करने का भी आह्वान किया, जिसमें 2004 से 2007 के बीच बातचीत से तैयार किए गए ढांचे पर पुनर्विचार करना, विसैन्यीकरण की दिशा में कदम उठाना और क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए तनाव कम करना शामिल हैं। अटारी-वाघा बॉर्डर को व्यापार और यात्रा के लिए पूरी तरह से खोलने, श्रीनगर-मुजफ्फराबाद बस सर्विस को फिर से शुरू करने और अन्य कनेक्टिविटी पहलों के सुझावों के अलावा, उन्होंने यात्रा के समय और लागत को कम करने और कनेक्टिविटी में सुधार के लिए कॉमर्शियल एयरलाइनों के लिए एयर स्पेस को फिर से खोलने का भी आह्वान किया।

### टीएमसी ने भाजपा पर लगाया आरोप

# महुआ पर फेंके गए अंडे बैंगन, गरमाया माहौल

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा ने बीजेपी समर्थकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महुआ मोइत्रा का दावा है कि नादिया के कालीगंज स्थित अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के पार्टी कार्यालय में उनके ऊपर अंडे और बैंगन फेंके गए। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी समर्थक लगातार पार्टी कार्यालय की तीसरी मंजिल को निशाना बनाकर अंडे और बैंगन फेंक रहे थे। मोइत्रा ने सोशल मीडिया पर घटना की जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस काफी देर से मौके पर पहुंची, लेकिन वहां मौजूद रहने के बावजूद उसने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की और मूकदर्शक बनी रही। फेसबुक लाइव में उन्होंने आरोप लगाया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाने के बजाय पुलिस केवल तमाशा देखती रही।



रायपुर

गुरुवार 2 जुलाई 2026

आषाढ़, कृष्ण पक्ष तृतीया

वर्ष : 24, अंक : 341

पृष्ठ : 12+4+4 =20 मूल्य : 5.00**

मौसम

अधि. 31.8

न्यून. 26.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## ग्रेडिंग रुकने की वजह-किन बिंदुओं में हो मूल्यांकन, यही तय नहीं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत नैक ग्रेडिंग में होना है बदलाव

# देशभर में रुकी नैक ग्रेडिंग, वेटिंग में छग के कॉलेज भी, तीन माह पुरानी रैंक को एक्सटेंशन

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

देशभर के उच्च शैक्षणिक संस्थानों में नैक ग्रेडिंग रूक गई है। इससें छत्तीसगढ़ के भी विश्वविद्यालय और महाविद्यालय शामिल हैं। इसका कारण शैक्षणिक संस्थानों की लापरवाही नहीं बल्कि यूजीसी द्वारा अब तक नैक ग्रेडिंग का क्षेत्र निर्धारित नहीं किया जाना है। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत नैक ग्रेडिंग के लिए होने वाली मूल्यांकन पद्धति में बदलाव किया जाना है। बदलाव संबंधित यह योजना लंबे समय से प्रस्तावित है। अब तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। अब तक सात बिंदुओं में नैक ग्रेडिंग होती रही है। नई पद्धति में इसे बढ़ाकर 10 किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, प्राचीन बिंदुओं को समाप्त नहीं किया जाएगा बल्कि इसे ही विस्तार दिया जाएगा। गौरतलब है कि बीते वर्ष नैक मूल्यांकन उस वक्त विवादों में आ गया था, जब निरीक्षण दल द्वारा रिश्वत लेकर संस्थान को अच्छे अंक प्रदान करने ▶▶|शेष पेज 7 पर




पुरानी पद्धति में 7 क्षेत्र निर्धारित इन्हें बढ़ाकर किया जाएगा 10

### पुरानी पद्धति में इन बिंदुओं के अंतर्गत मूल्यांकन

1. पाठ्यचर्या के पहलू
2. अध्यापन-अधिगम और मूल्यांकन
3. अनुसंधान, नवाचार और विस्तार
4. बुनियादी ढांचा और शिक्षण संसाधन
5. छात्र सहायता और प्रगति
6. शासन, नेतृत्व और प्रबंधन
7. सांस्थानिक मूल्य और सर्वोत्तम प्रथाएं

### अवधि खत्म हुई तो अतिरिक्त समय

चूंकि ग्रेडिंग में विलंब यूजीसी की ओर से हो रहा है, इसलिए यदि महाविद्यालयों की ग्रेडिंग समाप्त हो जाती है तो वे अपनी पुरानी ग्रेडिंग का इस्तेमाल अतिरिक्त तीन माह के लिए कर सकेंगे। इस दौरान प्रकाशित होने वाली अंकसूची में पुरानी ग्रेडिंग का जिक्र किया जा सकेगा। किसी भी संस्थान को प्रदान की जानी वाली ग्रेडिंग अधिकतम पांच साल के लिए मान्य होती है। इसके बाद संस्थान को पुनः मूल्यांकन करवाना होता है। पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालय जहां नैक ग्रेडिंग समाप्त हो चुकी है अथवा होने वाली है, उनमें साइंस कॉलेज, शासकीय महाविद्यालय आरंग तथा महासमुंद, अग्रसेन महाविद्यालय, विप्र कॉलेज प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा भी कई कॉलेज हैं।

### 3 माह पूर्व हुआ था ऑनलाइन सर्वे

यूजीसी द्वारा तीन माह पूर्व ऑनलाइन सर्वे किया गया था। इस सर्वे में उन महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया था जिनकी नैक ग्रेडिंग या तो समाप्त हो चुकी है अथवा समाप्त होने वाली है। इस सर्वे के जरिए यह पता लगाने की कोशिश की गई थी कि दोनों में से कौन सी मूल्यांकन पद्धति शिक्षा व्यवस्था के लिए बेहतर साबित होगी। इस सर्वे के बाद महाविद्यालयों को उम्मीद थी कि अब उनके संस्थानों की ग्रेडिंग हो सकेगी, लेकिन अब तक किसी तरह की प्रगति इसमें नहीं हो सकी है।

### हमारी तैयारी पूर्ण

महाविद्यालय स्तर पर हमने अपनी तैयारी पूर्ण कर ली है। नैक द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए जाने के पश्चात हम आगे की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।
- प्रो.अमिताभ बनर्जी, प्राचार्य, विज्ञान महाविद्यालय


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 'काला हिरण' फिल्म पर 6 को सुनवाई



नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अभिनेता सलमान खान की उस याचिका पर सुनवाई के लिए छह जुलाई की तारीख तय की, जिसमें फिल्म 'काला हिरणः द बैटल फॉर लीगल' की रिलीज रोकने का अनुरोध किया गया है। अदालत ने इस बात पर भी संज्ञान लिया कि फिल्म को अभी तक रिलीज के वास्ते प्रमाणपत्र के लिये प्रमाणन बोर्ड के पास नहीं भेजा गया है।

### विदेश सचिव मिसरी का एक साल सेवा विस्तार

नई दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिसरी का कार्यकाल बुधवार को एक साल के लिए बढ़ाकर अगले साल 14 जुलाई तक कर दिया गया। चीन मामलों के जानकार मिसरी को जून 2024 में इस पद पर नियुक्त किया गया था। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 14 जुलाई 2027 तक कार्यकाल बढ़ाने को अनुमति दे दी है। इस नियम में रक्षा सचिव, विदेश सचिव, गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के सचिव और कुछ अन्य अधिकारियों के लिए 60 साल की सेवानिवृत्ति की उम्र के बाद भी सेवा का कार्यकाल बढ़ाने का प्रावधान है।

### 13 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, 6 गिरफ्तार



गुवाहाटी। बराक घाटी क्षेत्र से लगभग 13 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए और छह संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि श्रीभूमि पुलिस और कछार पुलिस ने 49,800 याबा गोलियां और 535 ग्राम हेरोइन बरामद की है। इनकी कीमत लगभग 13 करोड़ रुपए है। साथ ही छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मादक पदार्थों के खतरे के खिलाफ राज्य की लड़ाई पूरी ताकत के साथ जारी रहेगी। उन्होंने (तस्करों ने) दावा किया कि यह उनका कारोबार है।

### दो ट्रकों की टक्कर होने से तीन की जलकर मौत

बोयापालेम। आंध्र प्रदेश के बोयापालेम में बुधवार को दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर होने के बाद आग लगने से तीन लोगों की जलकर मौत हो गई। दुर्घटना सुबह करीब छह बजे बोयापालेम गांव में हुई। हादसे के बाद एक ट्रक में लदे कागजों ने आग पकड़ ली। अधिकारी ने कहा, दोनों ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर के बाद लगी आग में तीन लोगों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है।

### छापेमारी के दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच में बड़ा खुलासा, किराए के घर में 10 साल से रह रहा था आरोपी अविनाश

# राम मंदिर चढ़ावा मामले में आरोपी के ठिकाने से बरामद हुआ 'रामराज्य कोष'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

खास खबर

अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा हेराफेरी मामले में जांच लगातार तेज हो रही है। चढ़ावे की रकम में गड़बड़ी करने के आरोप में मुख्य आरोपी पहले से जेल में हैं। पुलिस उनके बैंक खातों और दूसरे जरूरी दस्तावेजों की जांच कर रही है। अयोध्या के जिस योग केंद्र में आरोपी अविनाश किराए पर रहता था, वहां से पुलिस ने एक बक्सा बरामद की है। इसमें 'रामराज्य कोष' लिखा है औैर क्यू.आर. कोड चिपका हुआ है।

राम मंदिर वित्तीय अनियमितता मामले में एक आरोपी के ठिकाने से पुलिस ने एक बक्सा बरामद किया है, जिसपर 'रामराज्य कोष' लिखा है और क्यू.आर. कोड चिपका हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने अयोध्या के एक योग केंद्र से यह बक्सा बरामद किया है, जहां आरोपी अविनाश शुक्ला पिछले 10 साल से रह रहा था। केंद्र में तैनात योग प्रशिक्षक सुंदर लाल ने बताया कि पुलिस ने पांच जून को छापेमारी करके सीसीटीवी फुटेज की जांच की थी। उन्होंने बताया कि इसका वीडियो अब वायरल हुआ है। लाल ने कहा, पुलिस अविनाश को साथ लेकर आई थी और हमें उस जगह से बाहर निकाल दिया जहां वह रह रहा था। पुलिस के जाने के बाद हमें पता चला कि ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ट्रस्ट की बैठक पर सबकी नजर

चंदा चोरी विवाद के बीच अब ट्रस्ट की बैठक पर सबकी नजर है। बैठक में इस्तीफों के अलावा ट्रस्ट की आगे की रणनीति और संभावित बदलावों पर भी चर्चा हो सकती है। चंपत राय, जो विश्व हिंदू परिषद के वाइस प्रेसिडेंट भी हैं, ट्रस्ट के अहम पदाधिकारी रहे हैं। यदि चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे स्वीकार हो जाते हैं तो ट्रस्ट में तीन पद खाली हो जाएंगे। ट्रस्ट के सदस्य बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्रा के निधन के बाद एक पद करीब एक साल से खाली है।




### किससे क्या मिला?

लवकुश मिश्रा
14,25000
अनुकल्प मिश्रा
16,82000
अविनाश शुक्ला
20,39000
करुणेश पांडे
18,0700
रमाशंकर मिश्रा
7,32000
रामशंकर यादव टिन्नू के पास से एक लाख

### 400 निजी सुरक्षाकर्मी भी जांच के घेरे में

राम मंदिर परिसर में तैनात 400 निजी सुरक्षाकर्मी भी जांच के घेरे में हैं। उनकी ड्यूटी, रोस्टर, सीसीटीवी, एंट्री-एग्जिट रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मंदिर की सुरक्षा का जिम्मा जिस निजी सुरक्षा कंपनी के पास था, वह बिहार के पूर्व सांसद की है। ट्रस्ट इस पर हर महीने 1 करोड़ खर्च करता था। यानी निजी सुरक्षा पर सालाना 12 करोड़ खर्च किए जा रहे थे।

### एसआईटी को जांच के लिए और मिले 15 दिन

चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही एसआईटी को सरकार ने 15 दिन का समय और दिया है। सूत्रों के मुताबिक, चढ़ावा चोरी की जांच का दायरा बढ़ाने के लिए ईडी को भी शामिल किया जा सकता है। अयोध्या पुलिस ने लखनऊ में ऑफिसर्स से इसका आग्रह किया है। मंगलवार को पुलिस ने फैजाबाद जेल में बंद सभी आठों आरोपियों से पूछताछ की।

### महंत नृत्य गोपाल दास अस्पताल में भर्ती

अयोध्या स्थित राम मंदिर से जुड़े श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को स्वास्थ्य खराब होने के बाद यहां मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दास (89) को 29 जून को अपराह्न लगभग 1:30 बजे आपातकालीन विभाग में लाया गया था और उस समय वह अचेत अवस्था में थे। अस्पताल के अनुसार प्रारंभिक जांच के दौरान उनके मूत्र मार्ग में संक्रमण की पुष्टि हुई है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू

# जम्मू से आज रवाना होगा पहला जत्था



### उपराज्यपाल जम्मू से पहले जत्थे को करेंगे रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जम्मू

वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण बुधवार को शुरू हो गया। हालांकि इससे एक दिन पहले ही सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु निर्धारित केंद्रों पर जमा हो गए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा गुरुवार को यहां भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को रवाना करेंगे। अमरनाथ गुफा मंदिर की 57 दिनों की यह यात्रा तीन जुलाई से शुरू होने वाली है। यह यात्रा अनंतनाग जिले के पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवां-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले के 14 किलोमीटर लंबे लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से होगी।

### संधू ने किया आकर्षित

श्रद्धालुओं में उत्तर प्रदेश निवासी संधू राम किशन भी शामिल थे, जिनका अनोखा पहनावा लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा था। सिर और सीने पर रुद्राक्ष के साथ विभिन्न देशों के सिक्के लगाए हुए किशन ने कहा कि उनका यह पहनावा भगवान शिव के प्रति उनकी अटूट आस्था को दर्शाता है। किशन ने कहा, रुद्र के बिना कुछ नहीं होता। श्रद्धालु ने बताया कि उन्होंने 14 वर्षों तक मौन व्रत रखा और वर्ष 2006 से वह इस गुफा के दर्शन के लिए आ रहे हैं।

### राहत की बारिश

# मुंबई में भारी बारिश, हिमाचल में चट्टान गिरने से कई रास्ते बंद



### छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों को जल्द मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में मानसून पहुंचने के बाद भारी बारिश हो रही है। मुंबई में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय है। पिछले कई दिनों से लगातार मुंबई में दिन की शुरुआत बारिश के साथ हो रही है। उत्तरभारत के कई राज्यों में बरसात ने लोगों को राहत दी है। छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों को गर्मी के रौद्र रूप के बीच अब लोगों को राहत मिलने वाली है। हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने से नदियों का जलस्तर बढ़ गया, बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और कई मार्गों को बंद कर दिया गया। इस दौरान मंडी जिले के औट के पास चट्टान गिरने से एक महिला की मौत हो गई।

### 19 राज्यों में अलर्ट

मौसम विभाग के अलर्ट के मुताबिक 2 जुलाई को यूपी, बिहार समेत 19 राज्यों में भारी बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वी भारत के राज्यों में भारी बारिश और आंधी का कहर देखने को मिलेगा। नदी किनारे रहने वाले किसानों और मछुआरों को जल्द से जल्द सुरक्षित जगहों पर जाने की सलाह है। कुछ राज्यों में बड़े-बड़े ओले गिरने की भी चेतावनी है। पहाड़ी राज्यों में भी मौसम का मिजाज बिगड़ने वाला है। अगर यात्रा कर रहे हैं तो पूरी सतर्कता के साथ निकलें। घने जंगलों के रास्तों से जाने से बचें। उत्तरी बंगाल की खाड़ी और उसके आस-पास के इलाकों में ऊपरी हवा में एक चक्रवाती परिसंचरण बन रहा है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुक रहा है।

### पहाड़ी से गिरा पत्थर, महिला की मौत

हिमाचल के सोलन जिले के नालागढ़ की रहने वाली सुखबीर कौर (38) अपने परिवार के साथ मणिकरण जा रही थीं। चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर औट के पास जैसे ही वह कार से बाहर निकलीं, वह पहाड़ी से गिरे एक बड़े पत्थर की चपेट में आ गईं जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को पास के अस्पताल भिजवाया है। लगातार बारिश की वजह से चंबा जिले के लनोट और फागडोग गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हादसा

# बस और ट्रक की टक्कर से आग, पांच जिंदा जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जयपुर

राजस्थान के दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बुधवार तड़के एक बस के ट्रक से टकरा जाने के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। यह हादसा कोलवा थाना क्षेत्र में धनावड़ा के पास हुआ। दौसा के पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित ने बताया कि हादसे में पांच लोग जिंदा जल गए, जबकि दो की मौत सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हुई। एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### यात्रियों में अफरा-तफरी

उत्तराखंड के ऋषिकेश से इंदौर जा रही हंस ट्रेवल्स की बस दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद बस और ट्रक दोनों में आग लग गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचीं तथा राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। बाद में आग पर काबू पा लिया गया।

# सिया ने मर्डर से पहले लिया मंगेतर का फोन, चैट भी की थी डिलीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पुणे

पुणे के केतन अग्रवाल हत्याकांड में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। शहर के पास लोहागढ़ किले से मंगेतर केतन अग्रवाल को कथित तौर पर खाई में धक्का देने से ठीक पहले 20 वर्षीय सिया गोयल ने उसका मोबाइल फोन अपने पास ले लिया था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या सिया ने फोन अपने पास रहने के दौरान कोई अहम सबूत मिटाए थे। पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद सिया ने केतन का मोबाइल उसके एक रिश्तेदार को लौटा दिया था। जांच अधिकारियों का कहना है कि यह पता लगाया जा रहा है कि फोन से कोई डेटा या अन्य सबूत तो नहीं हटाए गए।

अब सबूत मिटाने के एंगल से जांच



### 18 जून को हुई थी केतन की हत्या

आपको बता दें कि 18 जून को पुणे जिले के लोहागढ़ किले पर सिया गोयल (20) और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी (22) ने केतन को कथित रूप से एक खाई में धक्का दे दिया था। केतन और सिया की सगाई इसी साल फरवरी में हुई थी और शादी नवंबर में होने वाली थी। कथित हत्या के बाद सिया और चेतन को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### चेतन को क्राइम सीन पर ले गई पुलिस

बुधवार सुबह वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ 22 वर्षीय चेतन को क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए लोहागढ़ फोर्ट ले जाया गया। इससे पहले पुलिस टीम सिया को भी वहां लेकर गई थी। पुलिस अब घटना वाले दिन लोहागढ़ किले पर चेतन की मौजूदगी साबित करने के लिए सीसीटीवी फुटेज का वैज्ञानिक तरीके से विश्लेषण कर रही है। इसके लिए 'गेट एनालिसिस' तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। गेट एनालिसिस एक फॉरेंसिक तकनीक है जिसमें किसी व्यक्ति के चलने के तरीके (चाल) का अध्ययन कर उसकी पहचान की जाती है।

### सुप्रीम कोर्ट ने तय किए आय की गणना के लिए दिशा-निर्देश

# आयकर रिटर्न से तय होगी हादसे में पीड़ितों की आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मोटर दुर्घटना मुआवजे में एकरूपता लाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण फैसले में बुधवार को दिशा-निर्देश तय किए कि अदालतें मृत लोगों या घायल दावेदारों की वार्षिक आय का निर्धारण आयकर रिटर्न (आईटीआर) के आधार पर कैसे करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि वेतनभोगी व्यक्तियों के लिए वार्षिक आय दिखाने के लिए केवल पिछले वर्ष की आईटीआर पर्याप्त होगी, जबकि स्वरोजगार करने वाले व्यक्तियों के मामले में, पिछले तीन वर्षों तक के आईटीआर में घोषित औसत आय को सामान्यतः संदर्भ के रूप में माना जाना चाहिए। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत वार्षिक आय की गणना के लिए कोई निश्चित सूत्र नहीं हो सकता, लेकिन उन्होंने मुआवजे के निर्धारण के उद्देश्य से आईटीआर ▶▶|शेष पेज 7 पर




### हाल ही में पदोन्नति या वेतन बढ़ा हो तो क्या होगा?

हालांकि, यदि दुर्घटना से ठीक पहले किसी व्यक्ति को पदोन्नति या वेतन वृद्धि मिली हो और वह नवीनतम आईटीआर में पूरी तरह न दिखी हो, तो अदालतें पदोन्नति पत्र और अन्य वित्तीय दस्तावेज भी देख सकती हैं। स्व-रोजगार और व्यवसाय करने वाले लोगों के लिए पीठ ने कहा कि पिछले तीन वर्षों के आईटीआर में दिखाई गई आय का औसत सामान्य रूप से वार्षिक आय तय करने का आधार होना चाहिए, क्योंकि इनकी आय बदलती रहती है।

### किसके लिए कैसे तय होगा

1. **वेतनभोगीः** आय निर्धारण के लिए पिछले एक साल का आयकर रिटर्न (आईटीआर) ही पर्याप्त माना जाएगा।
2. **स्वरोजगार और व्यवसायीः** आय तय करने के लिए दुर्घटना से ठीक पहले के तीन वर्षों के आयकर रिटर्न (आईटीआर) का औसत निकाला जाएगा।
3. **भविष्य की संभावनाएंः** आय में भविष्य की आय वृद्धि को भी जोड़ा जाएगा। अगर पीड़ित 40 वर्ष से कम उम्र का स्थायी कर्मचारी था, तो आय में 50% और 40-50 वर्ष के बीच 30% की वृद्धि जोड़ी जाएगी।

## चिंतन

# तनाव के बाद राहत की नई शुरुआत

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव ने न केवल वैश्विक शांति बल्कि अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित किया। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, आपूर्ति बाधित होने की आशंका और बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की चिंताएं बढ़ा दी थीं, लेकिन अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं और इसके साथ राहत के संकेत भी दिखाई देने लगे हैं। एक जुलाई से लागू हुए कई बदलाव यह भरोसा दिलाते हैं कि संकट के बाद बेहतर दौर की शुरुआत संभव है। इसे तनाव के बाद राहतों की नई शुरुआत माना जा रहा है। सबसे बड़ी राहत ऊर्जा क्षेत्र से मिली है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें घटकर करीब 73 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं। इसका असर भारत में भी दिखाई देने लगा है। निजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल 5 रुपये और डीजल 3 रुपये प्रति लीटर सस्ता कर दिया है। यह केवल कीमतों में कमी नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि वैश्विक परिस्थितियां सामान्य होने का लाभ अब आम उपभोक्ता तक पहुंचने लगा है। अब उम्मीद की जा सकती है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह नियंत्रित रहीं तो अन्य तेल कंपनियां भी जल्द राहत देने की दिशा में कदम बढ़ाएंगी। महंगाई पर नियंत्रण की दिशा में एक और सकारात्मक खबर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में औसतन 180 रुपये की कमी है। इससे होटल, रेस्तरां और छोटे कारोबारियों की लागत घटेगी। यदि यह लाभ ग्राहकों तक पहुंचता है तो बाहर खाना, छोटी-बड़ी कैटरिंग और कई सेवाएं अपेक्षाकृत सस्ती हो सकती हैं। डीजल भरवाने की दैनिक सीमा हटने से परिवहन और उद्योग जगत को भी राहत मिलेगी, जिससे माल ढुलाई सुचारू होगी और बाजार में वस्तुओं की उपलब्धता बेहतर बनेगी। इसी बीच प्रकृति ने भी राहत का संदेश दिया है। मानसून ने देश के अधिकांश हिस्सों में दस्तक दे दी है। अच्छी बारिश किसानों के चेहरों पर मुस्कान लेकर आती है। खेतों में हरियाली बढ़ती है, फसल की उम्मीद मजबूत होती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलती है। कृषि उत्पादन अच्छा रहने पर खाद्य महंगाई पर भी नियंत्रण रखने में मदद मिलती है। ऐसे में बारिश और ईंधन क्षेत्र से मिली राहत मिलकर अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक माहौल तैयार कर सकती है। हालांकि पासपोर्ट शुल्क में बढ़ोतरी और बिना टिकट यात्रा पर जुर्माना बढ़ना कुछ लोगों की जेब पर असर जरूर डालेगा, लेकिन व्यापक तस्वीर देखें तो एक जुलाई कई ऐसे बदलाव लेकर आया है जो अर्थव्यवस्था और आम जनजीवन में सकारात्मक संकेत दे रहे हैं। संकट के दौर के बाद ऐसे छोटे-छोटे कदम ही लोगों में विश्वास जगाते हैं कि हालात सुधर रहे हैं। भारत ने हमेशा कठिन परिस्थितियों का सामना धैर्य और संतुलन से किया है। आज भी दुनिया जब भू-राजनीतिक चुनौतियों से जूझ रही है, तब राहत के ये संकेत केवल आर्थिक आंकड़े नहीं, बल्कि उम्मीद के प्रतीक हैं। यदि वैश्विक शांति बनी रहती है, कच्चे तेल की कीमतें नियंत्रित रहती हैं और मानसून अनुकूल रहता है, तो आने वाले महीनों में महंगाई पर और लगाम लग सकती है तथा आर्थिक गतिविधियां नई रफ्तार पकड़ सकती हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि यदि ईंधन की कीमतों में और कमी आती है, महंगाई नियंत्रित रहती है और कृषि उत्पादन बेहतर होता है, तो यह केवल अस्थायी राहत नहीं, बल्कि आर्थिक मजबूती की नई शुरुआत साबित हो सकती है। आखिरकार किसी भी नीति की सफलता का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि उसका लाभ आम आदमी की थाली, जेब और जीवन में कितना दिखाई देता है।



कोर्ट का फैसला
प्रमोद भार्गव

# इस्लाम धर्म अपनाने पर आरक्षण नहीं

अदालत ने कहा कि धर्म बदलने वाला व्यक्ति 'पिछड़ा वर्ग मुस्लिम' का दर्जा मांगने का अधिकार नहीं रखता है। क्योंकि मुस्लिम समाज में भी अलग-अलग समुदाय और वर्ग होते हैं, परंतु उनकी पहचान जन्म से तय होती है न कि धर्म परिवर्तन से ? अदालत ने यह भी कहा कि इस्लामिक उपदेशक और ईसाई मिशनरियां सदियों से यह प्रचार करती आई हैं कि उनके धर्मों में सामाजिक समानता है, जबकि हिंदू धर्म में जाती व्यवस्था एक बुनियादी विसंगति है। अतएव धर्म परिवर्तन के लिए ऐसा रुख अपनाने के बाद यह कहना बेमानी है कि इस्लाम में भी ऊंच-नीच या वर्गभेद है। अतएव ऐसे उपाय हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य के तहत आरक्षण नीतियों की मूल भावना के विपरीत हैं।

उच्च न्यायालय मद्रास ने तमिलनाडु सरकार के उस अहम आदेश को रद्द कर दिया, जिसके तहत हिंदू धर्म के पिछड़े, अति पिछड़े या अनुसूचित जाति वर्ग के लोग इस्लाम अपनाने के बाद भी 'पिछड़े वर्ग मुस्लिम' का जाति प्रमाण पत्र ले सकते थे। सरकारी नौकरी और शिक्षा में आरक्षण पा लेने की इस सुविधा को न्यायालय ने दो टूक शब्दों में असंवैधानिक माना है। अदालत ने कहा कि धर्म बदलने वाला व्यक्ति 'पिछड़ा वर्ग मुस्लिम' का दर्जा मांगने का अधिकार नहीं रखता है। क्योंकि मुस्लिम समाज में भी अलग-अलग समुदाय और वर्ग होते हैं, परंतु उनकी पहचान जन्म से तय होती है न कि धर्म परिवर्तन से ? अदालत ने यह भी कहा कि इस्लामिक उपदेशक और ईसाई मिशनरियां सदियों से यह प्रचार करती आई हैं कि उनके धर्मों में सामाजिक समानता है, जबकि हिंदू धर्म में जाती व्यवस्था एक बुनियादी विसंगति है। अतएव धर्म परिवर्तन के लिए ऐसा रुख अपनाने के बाद यह कहना बेमानी है कि इस्लाम में भी ऊंच-नीच या वर्गभेद है।

हमारी राय में कुछ मुस्लिम समुदायों को पिछड़ा और कुछ को अगड़ा मानना कुरान की शिक्षाओं के खिलाफ है। दरअसल इस्लाम एक ऐसा समाज बनाना चाहता है, जिसमें सब का दर्जा एक समान रहे। यह ऐतिहासिक फैसला न्यायामूर्ति जीआर स्वामीनाथन और पीबी बालाजी की पीठ ले दिया है। इस मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने तमिलनाडु सरकार के तीन मार्च 2024 के आदेश को आधार बनाया था। इसमें आरक्षित श्रेणियों से धर्मांतरित लोगों को तमिलनाडु में अधिसूचित सात पिछड़े वर्ग के मुस्लिम समूहों में से एक से संबंधित होने का सामुदायिक प्रमाण-पत्र जारी किया जा सकता था। सरकार ने अपने आदेश में यह प्रावधान किया था कि अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग या डी-नोटिफाइड समुदायों से आने वाले व्यक्ति यदि इस्लाम धर्म अपनाते हैं तो उन्हें पिछड़ा वर्ग मुस्लिम की क्षेणी में आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है। इस सिलसिले में सरकार का तर्क था कि धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे और सामाजिक संतुलन बना रहेगा, किंतु अदालत ने कहा कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं, बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन है। इसी से मिलती-जुलती प्रकृति के एक एक मामले में फैसला देते हुए सर्वोच्च न्यायालय कह चुका है कि बिना किसी वास्तविक आस्था के केवल आरक्षण के लाभ हेतु किया गया धर्म परिवर्तन संविधान के साथ धोखाधड़ी है। सी सेल्वरानी की याचिका पर 26 नवंबर 2024 को फैसला सुनाते हुए, मद्रास उच्च न्यायालय के 24 नवंबर के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें ईसाई धर्म अपना चुकी एक महिला को अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र देने से इनकार कर दिया गया था। महिला ने बाद में आरक्षण के तहत रोजगार का लाभ प्राप्त करने के लिए हिंदू होने का दावा किया था, लेकिन इस पीठ ने फैसले में साफ किया कि कोई व्यक्ति किसी अन्य धर्म को तभी अपनाता है, जब वह वास्तव में उसके सिद्धांतों और धर्म आधारित आध्यात्मिक विचारों से प्रेरित होता है। यदि धर्म परिवर्तन का मकसद दूसरे धर्म में वास्तविक आस्था होने की बजाय आरक्षण का लाभ प्राप्त करना है तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसी गलत इच्छा रखने वाले लोगों को आरक्षण



का लाभ देने से आरक्षण नीति के सामाजिक व्यवहार को क्षति पहुंचेगी। बावजूद सेल्वरानी हिंदू होने का दावा करती है और नौकरी के लिए अनुसूचित जाति का प्रमाण-पत्र मांगती है, तब यह दोहरा दावा अस्वीकार्य है। साफ है, वह ईसाई धर्म अपनाने के बावजूद एक हिंदू के रूप में अपनी पहचान नहीं बनाए रख सकती हैं। संविधान के तीसरे अनुच्छेद, अनुसूचित जाति आदेश 1950 जिसे प्रेसिडेंशियल ऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है, के अनुसार केवल हिंदू धर्म का पालन करने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इसी तारतम्य में पिछले पचास सालों से दलित ईसाई और दलित मुसलमान संघर्षरत रहते हुए हिंदू अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले अधिकारों की मांग करते चले आ रहे हैं। वर्तमान में मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई और बौद्ध ही अल्पसंख्यक दायरे में आते हैं। जबकि जैन, बहाई और कुछ दूसरे धर्म-समुदाय भी अल्पसंख्यक दर्जा हासिल करना चाहते हैं। लेकिन जैन समुदाय केन्द्र द्वारा अधिसूचित सूची में नहीं है। इसमें भाषाई अल्पसंख्यकों को अधिसूचित किया गया है, धार्मिक अल्पसंख्यकों को नहीं। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के मुताबिक जैन समुदाय को भी अल्पसंख्यक माना गया है, परंतु इन्हें अधिसूचित करने का अधिकार राज्यों को है, केंद्र को नहीं। इन्हीं वजहों से आतंकवाद के चलते अपनी ही पुश्तैनी जमीन से बेदखल कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यक के दायरे में नहीं आ पा रहे हैं। मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह की कांग्रेस सरकार के दौरान जैन धर्मावलंबियों को भी अल्पसंख्यक दर्जा दिया था, लेकिन अल्पसंख्यकों को दी जाने वाली सुविधाओं से ये आज भी वंचित हैं।

संविधान के अनुच्छेद-342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद-341 जैसे प्रावधान में लोच है। 341 में स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति (एससी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। जबकि 342 के अंतर्गत संविधान निर्माताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेश राष्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुशंसा पर दिया जाता है। इस आदेश के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेश के लागू होने के उपरांत भी इसमें संशोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। इसी परिप्रेक्ष्य में 1956 में एक संशोधन विधेयक द्वारा अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध के लिए प्रावधान किया गया था कि यदि इस जाति का कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म स्वीकारता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा, किंतु यह विधेयक पारित नहीं हो पाया है। अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जातियों के वही लोग आरक्षण के दायरे में हैं, जो भारतीय धर्म हिन्दू, बौद्ध और सिख अपनाने वाले हैं। गोया, अनुच्छेद-342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुश लग जाएगा। अनुसूचित जातियों के परिप्रेक्ष्य में न्यायालय के इस फैसले ने साफ कर दिया है कि ईसाई या इस्लाम धर्मावलंबी बने अनुसूचित जाति के लोग केवल नौकरी के लिए फिर से धर्म परिवर्तन कर हिंदू नहीं बन सकते हैं। यह उपाय आरक्षण के मूल उद्देश्य के विरुद्ध होने के साथ संविधान के साथ धोखाधड़ी है। यह उपाय आरक्षण नीति के मौलिक समाजिक लक्ष्यों को कमजोर करता है। अतएव ऐसे उपाय हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य के तहत आरक्षण नीतियों की मूल भावना के विपरीत हैं।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
ममता कुशवाहा



# आराम की दौड़ में आखिर सुरक्षा से समझौता क्यों


नोएडा के एक बहुमंजिला अपार्टमेंट में हाल ही में एयर कंडीशनर (एसी) में हुए विस्फोट से लगी आग ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि आधुनिक सुविधाएं यदि सावधानी के साथ न अपनाई जाएं तो वही जीवन के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग पर काबू पाने में दमकल विभाग को कई घंटे लग गए। इससे पहले भी देश के विभिन्न शहरों में एसी फटने या उसमें शॉर्ट सर्किट से आग लगने की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन हादसों ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल तकनीक पर भरोसा करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसके सुरक्षित उपयोग और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था पर भी उतना ही ध्यान देना आवश्यक है। भीषण गर्मी के इस दौर में एयर कंडीशनर अब केवल विलासिता का साधन नहीं रह गया है। पहले जहां एसी केवल बड़े घरों, कार्यालयों या होटलों तक सीमित था, वहीं आज मध्यम वर्गीय परिवारों के घरों में भी यह आम जरूरत बन चुका है। लगातार बढ़ते तापमान और बदलती जीवनशैली ने एसी को रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बना दिया है। लेकिन सुविधा का यह साधन तभी तक उपयोगी है, जब तक उसका उपयोग जिम्मेदारी और सावधानी के साथ किया जाए। जैसे-जैसे एसी का उपयोग बढ़ा है, वैसे-वैसे उससे जुड़ी दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ी है।

यह स्थिति केवल व्यक्तिगत लापरवाही का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें तकनीकी खामियां, घटिया गुणवत्ता वाले उपकरण, अपर्याप्त रखरखाव और सुरक्षा मानकों की अनदेखी भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। यदि समय-समय पर प्रशिक्षित तकनीशियन से एसी की जांच कराई जाए, गैस का स्तर देखा जाए और बिजली की वायरिंग की स्थिति पर ध्यान दिया जाए, तो अधिकांश हादसों को रोका जा सकता है। बढ़ती दुर्घटनाओं के पीछे एक और चिंता का विषय बाजार में उपलब्ध निम्न गुणवत्ता वाले उत्पाद हैं। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में कई कंपनियां कम कीमत पर उपकरण बेचने के लिए गुणवत्ता से समझौता कर लेती हैं। दूसरी ओर उपभोक्ता भी कम कीमत के लालच में बिना प्रमाणित उत्पाद खरीद लेते हैं। ऐसे उपकरणों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होता और उनमें प्रयुक्त पुर्जे भी टिकाऊ नहीं होते। परिणामस्वरूप थोड़ी-सी तकनीकी खराबी भी बड़े हादसे का रूप ले सकती है। इसलिए उपभोक्ताओं को हमेशा प्रमाणित और भरोसेमंद कंपनियों के उत्पाद ही खरीदने चाहिए। यह समस्या केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरी विकास और भवन निर्माण व्यवस्था से भी जुड़ी हुई है। आज महानगरों में ऊंची-ऊंची इमारतें तेजी से बन रही हैं, लेकिन उनमें अग्नि सुरक्षा के मानकों का पालन हमेशा संतोषजनक नहीं होता। परिणामस्वरूप छोटी-सी आग भी भयावह रूप धारण कर लेती है। दमकल विभाग की चुनौतियां भी कम नहीं हैं। देश के अनेक शहरों में संसाधनों और आधुनिक उपकरणों का अभाव है। ऊंची इमारतों तक पहुंचने वाली हाइड्रोलिक सीढ़ियां और उच्च क्षमता वाले अग्निशमन उपकरण पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं। कई बार संकरी सड़कें, अवैध पार्किंग और अव्यवस्थित यातायात भी दमकल वाहनों के समय पर पहुंचने में बाधा बन जाते हैं। ऐसे में आग पर नियंत्रण पाने में देरी होती है और नुकसान कई गुना बढ़ जाता है। जलवायु परिवर्तन भी इस समस्या को और गंभीर बना रहा है।

हर वर्ष तापमान के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं, जिससे एसी का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। बिजली की मांग बढ़ने से विद्युत व्यवस्था पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है। कई क्षेत्रों में पुरानी वायरिंग और ओवरलोड ट्रांसफार्मर दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ा देते हैं। इसलिए ऊर्जा अवसंरचना को भी समय के अनुरूप आधुनिक बनाना आवश्यक है, ताकि बढ़ती जरूरतों को सुरक्षित ढंग से पूरा किया जा सके। वास्तव में आधुनिक तकनीक का उद्देश्य जीवन को सरल और आरामदायक बनाना है, न कि उसे संकट में डालना। इसलिए सुविधा और सुरक्षा का संतुलन बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। नोएडा जैसी घटनाएं केवल समाचार नहीं हैं, बल्कि चेतावनी हैं कि यदि हम अभी भी नहीं चेते तो भविष्य में ऐसे हादसे और बढ़ सकते हैं। सरकार को सुरक्षा मानकों का कठोर पालन सुनिश्चित करना होगा, भवन निर्माताओं को अग्नि सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी, कंपनियों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराने होंगे और नागरिकों को जिम्मेदार उपभोक्ता बनना होगा। जब तकनीक के साथ सतर्कता, गुणवत्ता के साथ जिम्मेदारी और सुविधा के साथ सुरक्षा भी जुड़ जाएगी, तभी आधुनिक जीवन वास्तव में सुरक्षित, सुखद और विश्वासपूर्ण बन सकेगा।

( लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित
दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## भक्ति करने का मतलब ये नहीं कि जीवन में दुख नहीं आएंगे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सके। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### साइबर सुरक्षा के लिए जनचेतना जरूरी

आज हमारे देश में साइबर फ्रॉड के मामले बहुत बढ़ गए हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान बहुत जरूरी है। साइबर सुरक्षा के लिए इन बातों पर ध्यान रखना जरूरी है। एसएमएस या व्हाट्सएप पर आए किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। किसी को भी ओटीपी या अपने इंटरनेट बैंकिंग की डिटेल न दें। केवाईसी के नाम पर भी साइबर फ्रॉड हो सकता है। इसके लिए बैंक से संपर्क करें। आजकल तो ई-चालान, बिजली बिल भरने के नाम पर धोखाधड़ी के मैसेज आ रहे हैं, इनसे भी सावधान रहें। अपने नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के पासवर्ड और पिन बदलते रहें। हालांकि सरकार ने साइबर धोखाधड़ी से बचने के अनेक उपाय किए हैं, लेकिन समूह समाज को भी सचेत रहना होगा।

*- मनीष अग्रवाल, धमतरी*

## ट्रेंड

### विजया मेहता को श्रद्धांजलि



दिग्गज अभिनेत्री और थिएटर डायरेक्टर विजया मेहता के निधन की खबर दिल तोड़ने वाली है। उन्हें मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि। विजया ताई ने कई नाटकों और फिल्मों के ज़रिए अहम योगदान दिया।
**- नितिन गडकरी,** केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### इज़राइल दौरा



हम इज़राइल के रणनीतिक दायरे में और गहरे धंसते जा रहे हैं, जबकि दुनिया उससे तेज़ी से दूर हो रही है। प्रधानमंत्री का इज़राइल दौरा एक हैरान करने वाले रणनीतिक फैसले के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा।
**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### नई ईवी पॉलिसी



दिल्ली की नई ईवी पॉलिसी को आधिकारिक तौर पर गैजेट में नोटिफाई कर दिया गया है और यह अब लागू हो गई है। आज से, इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर खरीदने वालों को 30,000, थ्री-व्हीलर को 50,000 और एन1 कैटेगरी के हल्के कमर्शियल वाहनों के लिए 1 लाख की सब्सिडी मिलेगी।
**-रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### विकास का अगला चरण



इस साल असम में बिजली की अधिकतम मांग के 3,000 एमडब्ल्यू से ज़्यादा होने की उम्मीद है, इसलिए हम राज्य को बिजली के मामले में सरप्लस बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम असम को विकास के अगले चरण के लिए तैयार कर रहे हैं।
**- हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

## करंट अफेयर

# अमेरिकी डाक सेवा दिवाली पर जारी करेगी डाक टिकट


अमेरिकी डाक सेवा (यूएसपीएस) ने दिवाली के त्योहार पर आधारित एक डाक टिकट जारी करने की घोषणा की है। यह टिकट इस वर्ष के अंत में जारी किया जाएगा। दिवाली के इस डाक टिकट पर ह्यूस्टन की कलाकार संगीता भूटाडा द्वारा बनाई गई रंगोली की आकृति है जिसकी तस्वीर बिनय दीक्षित ने ली थी। यूएसपीएस ने कहा कि रंगोली फर्श पर की जाने वाली एक खूबसूरत कलाकारी है जिसे पारंपरिक रूप से चावल के रंगीन पाउडर, चॉक और फूलों की पंखुड़ियों जैसी सामग्री से बनाया जाता है तथा इसे शुभ माना जाता है। यूएसपीएस के अनुसार, भूटाडा मूल रूप से भारत की रहने वाली हैं और लंबे समय से ह्यूस्टन क्षेत्र में रह रही हैं। वह करीब 30 वर्षों से रंगोली की प्राचीन लोककला से जुड़ी हुई हैं। इस डाक टिकट को जेनिफर अर्नोल्ड ने डिजाइन किया है और विलियम जे. गिकर इसके कला निदेशक हैं। यूएसपीएस ने बताया कि दिवाली पर आधारित यह डाक टिकट अक्टूबर में जारी किया जाएगा। यूएसपीएस ने कहा, 'हिंदू पंचांग के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में शामिल दिवाली हर वर्ष शरद ऋतु में मनाई जाती है और यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। दिवाली आमतौर पर पांच दिन तक मनाई जाती है। वर्ष 2026 में त्योहार का मुख्य दिन आठ नवंबर को होगा।'



## ऑफ बीट

# कैसे साफ किया जा सकता है अंतरिक्ष में मौजूद कचरा

सत्तर साल पहले पृथ्वी का सिर्फ एक ही प्राकृतिक उपग्रह था-चंद्रमा। आज पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे उपग्रहों की संख्या 15,000 से अधिक हो चुकी है, जिनमें से लगभग 10,000 एलन मस्क की कंपनी 'स्पेसएक्स' के हैं। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क की योजना 10 लाख और उपग्रह अंतरिक्ष में भेजने की है। इनमें से प्रत्येक की लंबाई लगभग 70 मीटर और चौड़ाई करीब 20 मीटर होगी तथा ये मिलकर अंतरिक्ष में डेटा केंद्रों के रूप में काम करने वाला एक विशाल उपग्रह समूह बनाएंगे। अंतरिक्ष कचरे से आशय पृथ्वी की कक्षा में मौजूद उन सभी वस्तुओं से है, जिनका अब कोई उपयोग नहीं रह गया है। इनमें इस्तेमाल हो चुके रॉकेट के हिस्से, निष्क्रिय या क्षतिग्रस्त उपग्रह तथा अति सूक्ष्म कण भी शामिल हैं। वर्तमान में पृथ्वी की कक्षा में 10 सेंटीमीटर से बड़े कचरे के करीब 36,000 टुकड़े हैं, जबकि इससे छोटे कणों की संख्या करोड़ों में है। अनुमान है कि इस पूरे मलबे का कुल वजन 13,486 टन है। इस मलबे में सबसे बड़ा योगदान अमेरिका, रूस और चीन का है। अंतरिक्ष मलबा इसलिए बेहद खतरनाक है क्योंकि यह लगभग सात किलोमीटर प्रति सैकंड की औसत गति से पृथ्वी की निचली कक्षा में घूम रहा होता है। इतनी तेज गति से होने वाली एक टक्कर किसी उपग्रह को पूरी तरह तोड़ सकती है तथा उससे और भी अधिक अंतरिक्ष मलबा पैदा हो सकता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# मुसाफिर कैफे का टीजर रिलीज रोमांटिक अंदाज में नजर आए विक्रांत

**मुंबई।** अभिनेता विक्रांत मैसी जल्द ही नेटफ्लिक्स की नई रोमांटिक फिल्म 'मुसाफिर कैफे' में नजर आने वाले हैं। बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म का टीजर साझा किया। इस फिल्म में विक्रांत के साथ वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना अहम भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 24 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 'मुसाफिर कैफे' की कहानी भोपाल और मसूरी की खूबसूरत जगहों पर आधारित है। यह तीन ऐसे अजनबियों की कहानी है, जिनकी जिंदगी आगे चलकर एक-दूसरे से जुड़ जाती है। यह फिल्म लेखक दिव्या प्रकाश दुबे के मशहूर उपन्यास पर आधारित है। इसे शरण्य राजगोपाल ने लिखा है और रुचिर अरुण ने निर्देशित किया है।

लाइफ Style

# आयशा
## मुझे मार दो, किस्सा खत्म करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

धुरंधर और किस किसको प्यार करूं 2 में नजर आई एक्ट्रेस आयशा खान ने एक ऐसा दावा किया है, जिसने फैंस को भी चौंका दिया है। आयशा का कहना है कि उन पर किसी ने काला जादू किया और हो सकता है कि वह अभी श्रापित हों।

आयशा ने बताया कि उनके पास एक पार्सल आया। चार दिन से एक शख्स उन्हें फोन कर रहा था और कह रहा था कि उनकी डिलीवरी है। जबकि आयशा के मुताबिक, उन्होंने कुछ ऑर्डर नहीं किया था, और ऐसा कुछ याद भी नहीं था। फिर भी उन्होंने उस डिलीवरी वाले शख्स को घर आने को कहा। उसने आयशा खान को पार्सल दिया। आयशा खान के मुताबिक, उन्होंने डिलीवरी बॉय को मना किया कि पार्सल उनका नहीं है, क्योंकि उन्होंने कुछ ऑर्डर नहीं किया है, पर शख्स ने कहा कि पार्सल उन्हीं के नाम पर है। फिर आयशा ने पार्सल के पैसे पूछे, तो उसने 600 रुपये बताए। आयशा ने पैसे दे दिए और जब पार्सल खोला तो हैरान रह गईं ,क्योंकि अंदर मिट्टी का एक पैकेट था। आयशा ने आर्यमन और योगिता को बताया कि उनके ऊपर किसी ने काला जादू किया है। मिट्टी का पैकेट काले जादू वाला था। वह फिर बोलीं, 'मेरे कहने का मतलब बस इतना है कि अगर आप चाहते हो मेरे पर काला जादू करना चाहते हो, तो आप मुझे थोड़ी सी तकलीफ मत दो। मुझे सीधा ही मार दो। आप मेरा किस्सा ही खत्म करो। मैं भी जाऊं, आपका भी काम हो ये सब थोड़ा थोड़ा करके मत करो।



## हॉलीवुड मसाला



# बाल्ड लुक में नजर आए जॉन

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर और पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन जॉन सीना ने अपने हेयर ट्रांसप्लांट ट्रीटमेंट के दूसरे राउंड के बाद सिर मुंडवाकर फैंस को चौंका दिया। एक्टर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर डॉक्टर के साथ मुस्कुराते हुए एक फोटो पोस्ट की और अपने हेयर रेस्टोरेशन प्रोसीजर के बारे में बताने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। जॉन सीना ने दूसरा फॉलिक्युलर यूनिट एक्सट्रैक्शन प्रोसीजर करवाने के बाद एक्स पर एक तस्वीर पोस्ट की। इस अपडेट को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, एफयूई ट्रीटमेंट का दूसरा राउंड और इस बार मैंने सबसे अच्छे रिजल्ट के लिए पूरी कोशिश की।




# टेलर की शादी में खर्च होंगे 189 करोड़ रुपए

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया की सबसे मशहूर, सबसे सफल और सबसे अमीर सिंगर टेलर स्विफ्ट शादी कर रही हैं। मैडिसन स्क्वायर गार्डन में वह ट्रैविस केल्स के साथ कथित तौर पर जुलाई के पहले वीकेंड में विवाह करने वाली हैं। यह कपल शादी की रस्मों और तैयारियों को गुप्त रखने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। अनुमान है कि मैडिसन स्क्वायर गार्डन में टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की कथित शादी पर $10 मिलियन से $20 मिलियन के बीच खर्च आएगा। भारतीय रुपए में यह 94.72 करोड़ से 189.52 करोड़ की भारी-भरकम लागत है। इस खर्च का बड़ा हिस्सा शादी के सेटअप, डेकोरेशन, वेन्यू बुकिंग और खाने-पीने पर खर्च होने वाला है। शादी की तैयारी के लिए मैनहट्टन शहर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बताया जाता है इस दौरान पूरे वीकेंड शहर की कई सड़कों को बंद करने की अनुमति मांगी गई है।



# अल्फा से हटाए गए चाकू गोदने वाले सीन


**मुंबई।** यश राज फिल्म्स की आने वाली स्पाई थ्रिलर 'अल्फा' में आलिया भट्ट और शर्वरी लीड रोल्स में हैं। फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज होने से पहले सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से मंजूरी मिल गई है, लेकिन हमेशा की तरह सेंसर बोर्ड को कुछ सीन्स में आपत्ति भी थी, जिसमें उन्होंने बदलाव के लिए कहा है। बात करें सेंसर बोर्ड को आपत्ति की, तो धुरंधर और बंगाल फाइल्स जैसी फिल्मों के हिंसक सीन्स से बोर्ड को कोई दिक्कत नहीं थी जबकि भर-भरके इन फिल्मों में ऐसे सीन थे। लेकिन, अल्फा के चाकू से हमले पर आपत्ति हो गई और ऐसे सीन्स पर कैंची भी चल गई। इंग्लिश सबटाइटल वाली इस फिल्म 'अल्फा' के हिंदी वर्जन को यूए16+ सर्टिफिकेट दिया गया है। फिल्म का मंजूर किया गया रनटाइम 140 मिनट और 48 सेकंड (2 घंटे, 20 मिनट और 48 सेकंड) है।



# एक्शन अवतार में दिखीं नयनतारा

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर के बाद अब यश की टॉक्सिक धमाका करने वाली है। लंबे समय से फिल्म का इंतजार हो रहा है। इस बीच फिल्म का के नया टीजार आ गया है जिसमें फिल्म की 5 लीडिंग हीरोइन के लुक से पर्दा हटा दिया गया है। इस डेढ़ मिनट से ज्यादा के टीजर में कियारा अडवानी का खूबसूरत अवतार, नयनतार का एक्शन, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुकमनी वसंत को देखा जा सकता है। साथ ही यश को औरतों के साथ एक्शन सीक्वेंस करते देखा जा सकता है। इस टीजर को 1 घंटे के समय में लाखों लोगों ने देख लिया है। यश स्टारर टॉक्सिक का टीजर 1.41 मिनट का है जिसमें फिल्म की पांचों लीडिंग लेडीज के जलवे दिखाए गए हैं। टीजर का टाइटल है 'लेडीज एंड लेडीज'। टीजर की शुरुआत यश के लव मेकिंग सीन से होती है।

## टीवी मसाला



# लॉकअप सीजन 2 में लौट रहीं क्वीन वीकेंड पर आएगा सबसे बड़ा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाला विवादित रियलिटी शो 'लॉकअप सीजन 2' पहले दिन से ही चर्चा बटोर रहा है। राम कपूर की बयानबाजी से लेकर आकांक्षा चौधरी और श्रेया कालरा के बीच झगड़ा लगातार ऑडियंस का ध्यान खींच रहा है। हालांकि, इस बीच ही अब शो की पुरानी होस्ट लॉकअप सीजन 2 में धमाल मचाने आ रही हैं, जहां वो ऐसे-ऐसे ट्विस्ट लेकर आने वाली हैं, जिसे जानकर कंटेस्टेंट के पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। फराह खान और रितेश देशमुख भले ही लॉकअप सीजन 2 के जेलर बने हैं, लेकिन कंगना रनौत ओजी हैं। अब विवादित रियलिटी शो में ओरिजिनल क्वीन लौट रही हैं, तो धमाका होना तो लाजमी है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंगना रनौत रियलिटी शो में 'जनता की आवाज' बनकर आ रही हैं। कंगना रनौत ने भी सेकंड सीजन के एक एपिसोड में लौटने की खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "यह शो हमेशा से ही अपने सच को स्वीकार करने के बारे में था, चाहे फिर आप कितने भी अनकंफर्टेबल हो। लॉकअप: सच या सजा फर्स्ट टर्मिनेशन' के वीकेंड एपिसोड में मैं फराह खान और रितेश देशमुख के साथ आ रही हूं। मैं बस यही कह सकती हूं कि हर च्वाइस की एक कीमत होती है।"अब वह कीमत नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स का टर्मिनेशन है या फिर क्या ट्विस्ट आएगा, ये तो वीकेंड पर पता चलेगा। लॉकअप के सीजन 2 में पहले हफ्ते का टर्मिनेशन का वक्त आ चुका है। शो के इस हफ्ते के सुरक्षित टॉप 3 कंटेस्टेंट्स हर्षद चोपड़ा, आकांक्षा चमोला और सुनीता आहूजा ने मिलकर जिन पांच कंटेस्टेंट्स को खतरे में डाला है, उनमें श्रेया कालरा, सूफी मोतीवाला, श्रेष्ठा अय्यर, माधुरी ग्रोवर और रियाज अली का नाम शामिल हैं।

## कश्मीरा ने मेरे पैर पर गिरकर माफी मांगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों शो लॉकअप में नजर आ रही हैं। शो में सुनीता ने अब अपने परिवार यानी कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह को लेकर बात की। सुनीता ने बताया कि वह 14-15 साल बाद दोनों से मिलीं कुछ दिनों पहले और कश्मीरा ने उनके पैर पर गिरकर माफी मांगी थी। सुनीता ने शो में कहा, 'लाफ्टर शेफ पर मैं गई न तो कृष्णा और मेरा पैचअप हो गया 14-15 साल बाद। मैंने उसके बच्चे को भी नहीं देखा था, वो अब 9 साल के हो गए हैं जबकि मैंने कृष्णा को तो पाला था। लेकिन कश्मीरा के बारे में बता दूं कि वह बहुत स्वीट है। उसने पैर पर गिरकर रो-रोकर माफी मांगी। मैं भी रोने लगी थी क्योंकि 14 साल बाद मैं उनसे मिली और उन्हें देखा। कश्मीरा मेरे पैरों पर थी और कहा सॉरी मेरे से गलती हो गई।



# काम मिलेगा या नहीं, अपनी क्षमताओं को लेकर इनसिक्योर हैं अभिषेक

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में 26 साल पूरे किए हैं। उनकी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' 2000 में रिलीज हुई थी और इसी फिल्म से करीना कपूर ने भी एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। हाल ही में एक बातचीत में अभिषेक ने अपने सफर को याद किया और बताया कि कैसे इतने साल में एक एक्टर के तौर पर उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। अभिषेक ने एक एक्टर के तौर पर खुद में आए सबसे बड़े बदलाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बस एक ही बदलाव आया है कि अब मैं ज्यादा कम्फर्टेबल महसूस करता हूं। मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तो थोड़ी असहजता थी। लेकिन, अब कैमरे के सामने मैं ज्यादा कम्फर्टेबल रहता हूं। जब आप जैसे हैं वैसे ही रहते हैं और खुद में सहज महसूस करते हैं, तो आपको उन फैसलों के बारे में स्पष्टता मिलती है जो आपको लेने होते हैं।



आज मैं बहुत स्पष्ट हूं या यूं कहूं कि पिछले पांच से सात साल से कि किसी खास समय पर मुझे क्या नहीं करना है। कॅरियर की शुरुआत में बहुत उत्साह होता है और काम मिलेगा या नहीं, इसे लेकर असुरक्षा भी होती है। इसलिए जो भी काम मिलता है, आप उसे कर लेते हैं। अभिषेक ने उन इनसिक्योरिटीज के बारे में भी बात की जिनका सामना अक्सर एक्टर्स को करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि उन्हें अपने साथियों की सफलता को लेकर कभी असुरक्षा महसूस क्यों नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मैं क्लियर होता हूं कि मुझे यह नहीं करना है। इसका मतलब है कि मैं निश्चित रूप से यह करना चाहता हूं। इसलिए, इसमें बहुत ज्यादा पक्का इरादा होता है और यह एक तरह की परिपक्वता और शांति से आता है। मुझे लगता है कि इससे आपके काम में भी मदद मिलती है। अब हम हर जगह नहीं भटकते। मैं कभी भी इस बात को लेकर इनसिक्योर एक्टर नहीं रहा कि 'वह क्या कर रहा है'।

हर प्रेमी का फेवरेट है पुराना रोमांटिक सॉन्ग, राज कपूर पर फिल्माया गया था गीत

# 60 सालों से कल्ट क्लासिक बना हुआ है मुकेश का ये गाना...

**नई दिल्ली।** मुकेश हिंदी सिनेमा के उन चुनिंदा गायकों में से एक थे, जो आजाद भारत से पहले सिनेमा की आवाज बने थे। उन्होंने अपने शानदार सिंगिंग करियर में एक से बढ़कर एक गीत को आवाज दी थी। आज भी उनके द्वारा गाए गए नगमों को श्रोता खूब सुनना पसंद करते हैं। इस आधार पर हम आपको मुकेश के एक कल्ट क्लासिक सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 60 सालों से प्यार की परिभाषा बयां कर रहा है। आइए जानते हैं कि यहां कौन से गीत के बारे में जिक्र किया जा रहा है।

## राज कपूर -मुकेश की जोड़ी

1945 में बतौर गायक मुकेश ने अपनी नई पारी का आगाज किया। हालांकि, वह सिनेमा जगत में एक्टर बनने आए थे, लेकिन कुछ मूवीज को करने के बाद उन्हें पता लग गया था कि एक्टिंग में उनका भला नहीं हो सकता। अभिनेता राज कपूर संग मुकेश की जोड़ी काफी हिट रही थी और उन्होंने राज साहब के लिए कई यादगार गीत भी गाए। उनमें से एक सॉन्ग रहा- सजन रे झूठ मत बोलो...



## शैलेंद्र ने लिखा था गीत

राज कपूर और वहीदा रहमान स्टारर फिल्म तीसरी कसम का ये गाना आज भी कल्ट माना जाता है। रोमांटिक सॉन्ग के तौर पर प्यार में पड़ा हर शख्स इसे सुनना पसंद करता है। साल 1966 में आई तीसरी कसम फिल्म की सफलता में मुकेश के सजन रे झूठ मत बोलो... गाने ने अहम योगदान दिया था। गौर किया जाए तीसरी कसम के सजन रे झूठ मत बोलो गाने की मेकिंग की तरफ तो इस गीत को मुकेश की गायिकी के अलावा संगीतकार शंकर-जय किशन की जोड़ी ने अपनी धुनों से तैयार किया, जबकि सॉन्ग के लिरिक्स को गीतकार शैलेंद्र ने अपनी कलम से लिखा था। इस तरह से मुकेश का सजन रे झूठ मत बोलो... बनकर तैयार हुआ।

## एक्टर के तौर पर शुरू किया था कॅरियर

बतौर गायक मुकेश करीब 3 दशक तक सिनेमा जगत में एक्टिव रहे। इस दौरान उन्होंने 1300 से अधिक गानों को अपनी आवाज दी थी। अन्य सिंगर्स की तुलना में ये संख्या कम इस वजह से लगती है, क्योंकि मुकेश का शुरुआती कॅरियर एक एक्टर के तौर पर शुरू हुआ था, ना कि एक गायक के रूप में।

## हॉलीवुड-मूवीज भी दिखाएंगी दम, बॉलीवुड में मिलेगा एक्शन-कॉमेडी का डबल डोज

# इस माह होगी फिल्मों की बारिश, अल्फा से लेकर धमाल 4 तक जमाएंगी रंग

**अल्फा:** आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्टारर और शिव रावल निर्देशित स्पाई ड्रामा और एक्शन से भरपूर फिल्म 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म में बॉबी देओल और अनिल कपूर जैसे एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

**बेबी डू डाई डू:** हुमा कुरैशी की फिल्म 'बेबी डू डाई डू' भी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में हुमा कुरैशी का अलग अंदाज दर्शकों को देखने को मिलेगा। वह एक फीमेल किलर का रोल कर रही हैं। फिल्म को नचिकेत सामंत ने निर्देशित किया है।

**धमाल 4:** इंद्र कुमार निर्देशित और अजय देवगन स्टारर फिल्म 'धमाल 4' भी थिएटर में दस्तक देगी। इसमें एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। अपनी कॉमेडी के लिए यह फ्रैंचाइज जानी जाती है। इस बार देखना होगा ये दर्शकों को हंसा पाते हैं या नहीं। यह फिल्म 10 जुलाई को थिएटर में रिलीज होगी।

***नई दिल्ली।*** *कभी रिमझिम फुहार, तो कभी झमाझम बारिश होगी, कभी सिर्फ टिप-टिप करके पानी बरसेगा। यह सारे नजारे जुलाई के महीने में देखने को जब-तब मिल जाएंगे। सिनेमाघरों में भी फिल्मों की बारिश जुलाई महीने में भरपूर होगी, कहने का मतलब है कि कई फिल्में थिएटर में रिलीज होंगी। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ तक के बड़े स्टार की फिल्में दर्शकों को एंटरटेन करने की कोशिश करेंगी।*



## द इंडिया स्टोरी

श्रेयस तलपदे स्टारर फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' 24 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म को चेतन डीके ने निर्देशित किया है। फिल्म में काजल अग्रवाल भी हैं। बड़ी फिल्मों के अलावा कुछ अलग कहानी कहती बॉलीवुड फिल्में भी जुलाई में रिलीज होंगी। इसमें 'उत्तर दा पुतर' और 'तेरा यार हूं मैं' 24 जुलाई को रिलीज होंगी।

# साउथ फिल्में भी मचाएंगी धमाल

*बॉलीवुड फिल्मों के अलावा साउथ की फिल्में भी पैन इंडिया लेवल पर रिलीज होंगी। कई फिल्मों की चर्चा भी सोशल मीडिया पर हो रही है।*

**नागबंधम** : यह फिल्म 3 जुलाई 2026 को देश और दुनिया भर के थिएटर में रिलीज होगी। विराट कर्णा और नाभा नतेश स्टारर यह एक माइथोलॉजिकल एक्शन एडवेंचर फिल्म है। इसे तेलुगु, तमिल और हिंदी सहित कई भाषाओं में रिलीज किया जा रहा है। इस फिल्म के डायरेक्टर अभिषेक नामा हैं।

**राव बहादुर:** वेंकटेश महा निर्देशित फिल्म 'राव बहादुर' भी 3 जुलाई को रिलीज होगी। इस तेलुगु साइकोलॉजिकल ड्रामा फिल्म में सत्यदेव लीड रोल में हैं।



**विश्वम्भरा:** मेगास्टार चिरंजीवी की यह फिल्म 10 जुलाई को रिलीज होगी। इसे मल्लीदी वशिष्ठ ने निर्देशित किया है। फिल्म में तृषा कृष्णन, कुणाल कपूर और आशिका रंगनाथ जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

**लेनिन:** अखिल अक्किनेनी और भाग्यश्री बोर्से की तेलुगु एक्शन फिल्म 'लेनिन' 10 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म को मुरली किशोर अब्बुरु ने डायरेक्ट किया है।

उमस भरी गर्मी में हैवी वर्कआउट करने से डिहाइड्रेशन की आशंका बढ़ जाती है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए आपको वर्कआउट करने से पहले लिक्विड डाइट जरूर लेना चाहिए। इससे आपकी बॉडी में हाइड्रेशन लेवल मेंटेन रहेगा।

## प्री-वर्कआउट ड्रिंक्स बॉडी रहेगी हाइड्रेटेड

**सजेशन**
**ललिता गोयल**



शरीर को फिट रहने के लिए कुछ लोग जिम में हैवी वर्कआउट जरूर करते हैं, लेकिन इस दौरान अगर वे खाली पेट रहते हैं, शरीर के लिए सही नहीं होता है। इसके कारण वे कमजोरी महसूस कर सकते हैं और उनका ब्लड प्रेशर भी लो हो सकता है। हाइड्रेशन लेवल कम होने पर वे बेहोश भी हो सकते हैं। इससे बचने के लिए जिम में वर्कआउट करने से पहले कुछ नेचुरल प्री-वर्कआउट ड्रिंक्स पीना फायदेमंद होता है, जो वर्कआउट के दौरान एनर्जी लेवल बढ़ाने में मदद करते हैं। लेकिन अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या रहती है तो एक्सपर्ट की सलाह पर ही इनका सेवन करें।

**नीबू पानी:** नीबू पानी में विटामिन-सी मौजूद होता है, जो बॉडी में इलेक्ट्रोलाइट लेवल बढ़ाने में मदद करता है। नीबू पानी में थोड़ा-सा शहद और चुटकी भर नमक



मिला लेने से यह एक बेहतरीन प्री-वर्कआउट ड्रिंक बन जाता है, जो शरीर को डिटॉक्स और हाइड्रेट करता है और वर्कआउट के लिए जरूरी एनर्जी भी देता है।

**नारियल पानी:** बॉडी में एनर्जी लेवल नेचुरली बढ़ाने के लिए नारियल पानी सबसे अच्छा माना जाता है, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स की उच्च मात्रा, सोडियम और मैग्नीशियम होता है, साथ ही इसमें मौजूद नेचुरल शुगर शरीर में एनर्जी के लेवल को मेंटेन रखती है। इलेक्ट्रोलाइट्स का यह नेचुरल सोर्स शरीर में हाइड्रेशन और एनर्जी को बनाए रखता है, जिससे वर्कआउट करने में आसानी होती है।

**गोंद कतीरा ड्रिंक:** इस मौसम में बॉडी को हाइड्रेट रखने के लिए गोंद कतीरा को भी प्री-वर्कआउट ड्रिंक के रूप में लिया जा सकता है। यह पानी ज्यादा सोखता है इसलिए इसके सेवन से बॉडी हाइड्रेट रहती है, कूलिंग इफेक्ट मिलता है। इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट से बॉडी में एनर्जी मेंटेन रहती है और इसमें मौजूद फाइबर डाइजेशन ठीक रखने में भी मदद करता है। पानी में चिया सीड्स, नीबू और गोंद कतीरा डालकर हेल्दी ड्रिंक बनाया जा सकता है।

**सत्तू शरबत:** प्रोटीन इनटेक बढ़ाने के लिए सत्तू का शरबत एक बेहतरीन प्री-वर्कआउट ड्रिंक ऑप्शन है। इसके सेवन से बॉडी हाइड्रेटेड रहती है और वर्कआउट के बाद कमजोरी महसूस नहीं होती है।

**बेल का शरबत:** उमस भरी गर्मी के लिए बेल का शरबत एक सुपरड्रिंक है। यह शरीर को ठंडक देने के साथ डिहाइड्रेशन से बचाता है। बेल के शरबत में मौजूद नेचुरल शुगर तुरंत एनर्जी देती है और वर्कआउट से पहले इसे पीने से डाइजेशन भी सही रहता है।

**ग्रीन टी:** ग्रीन टी एक बेहद हेल्दी और लो कैलोरी प्री-वर्कआउट ड्रिंक है। ग्रीन टी, कैफीन और एंटीऑक्सीडेंट्स का अच्छा



सोर्स होती है, जो वर्कआउट के दौरान एनर्जी बढ़ाने और फोकस करने में मदद करती है।

**तरबूज का जूस:** तरबूज का जूस प्री-वर्कआउट के लिए एक टेस्टी और हेल्दी ऑप्शन है। तरबूज में 90 प्रतिशत से अधिक पानी होता है और इसका जूस पीने से शरीर तुरंत हाइड्रेट हो जाता है और इसमें मौजूद लाइकोपीन, विटामिन ए और सी शरीर को एनर्जी देते हैं। *

**(जिम इंस्ट्रक्टर राहुल चौहान से बातचीत पर आधारित)**

---

**डॉक्टर्स एडवाइस**
**डॉ. लोकेश महाजन**
वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ
मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल, फरीदाबाद

वैसे तो कोई भी दवा बिना डॉक्टर की सलाह के नहीं लेनी चाहिए। लेकिन कफ सिरप को लेकर और सावधानी बरतने की जरूरत होती है। खासतौर पर बच्चों को कफ सिरप का सेवन डॉक्टर के निर्देशानुसार ही कराना चाहिए। कफ सिरप कब हार्मफुल हो सकता है, इसका सेवन करते समय किन बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए, यहां डिटेल में बताया जा रहा है।

## डॉक्टर की सलाह के बिना ना करें कफ सिरप का सेवन

हाल ही में भारत सरकार ने ड्रग्स रूल्स 1945 में संशोधन करते हुए ड्रग्स रूल्स 2026 लागू किया है। जिसके तहत देश भर में अब किसी भी मेडिकल स्टोर पर सिरप आधारित दवाओं (विशेषकर कफ सिरप) की ओवर-द-काउंटर ब्रिकी को निषेध किया गया है। यानी डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना कोई भी सिरप दवाई नहीं मिलेगी। केंद्र सरकार ने यह फैसला मूलतया नकली या कहें मिलावटी कफ सिरप पीने से होने वाली मौतों के आधार पर लिया है। लोगों की जान बचाने और दवाओं के सुरक्षित इस्तेमाल के लिए सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है।

### दूषित सिरप से बच्चों की मौतें

पिछले कुछ वर्षों में भारत और अन्य देशों में ऐसे कई मामले सामने आए, जिनमें कुछ कफ सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल और इथाइलीन ग्लाइकॉल जैसे जहरीले रसायन पाए गए। इनसे बच्चों में किडनी फेल होने और मृत्यु तक की कुछ घटनाएं सामने आईं। ऐसे में हम सभी अगर जरूरी सावधानियां बरतें तो दवाओं से होने वाले नुकसान से काफी हद तक बचे रह सकते हैं।

### गाइडलाइन का क्या है उद्देश्य

लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने सभी सिरपों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है, केवल उनकी बिक्री को डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन से जोड़ दिया है ताकि उनका सुरक्षित उपयोग हो सके। सरकार की हाल में दी गई नई गाइडलाइन के पीछे पांच बड़े उद्देश्य बताए जा रहे हैं।

- दूषित सिरप से होने वाली मौतों की रोकथाम।
- बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो।
- सेल्फ-मेडिकेशन या मेडिकल स्टोर जाकर स्वयं दवा लेने की आदत कम करना।
- सिरप के दुरुपयोग को रोकना और नशे की समस्या पर नियंत्रण करना।
- दवाओं की गुणवत्ता तथा उसके सही वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखना।

### कफ सिरप तब होता है हार्मफुल

विशेषज्ञ मानते हैं कि शरीर की खांसी एक प्राकृतिक रक्षा प्रणाली भी है। इसलिए बार-बार कफ सिरप पीना, खुराक बढ़ा देना या कई कफ सिरप एक साथ लेना नुकसानदायक हो सकता है। सिरप अलग-अलग तरह के कंसंट्रेशन और डोज के साथ आते हैं। इन्हें लंबे समय तक, गलत तरीके से (जैसे-छोटे-बड़े सबको एक समान), ज्यादा मात्रा में या डॉक्टर की सलाह के बिना लिया जाए, तो कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। यहां तक कि व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। हाल के वर्षों में जिन सिरपों ने सबसे अधिक चिंता पैदा की, उनमें डाइएथिलीन ग्लाइकॉल, एथिलीन ग्लाइकॉल जैसे विषैले घटक पाए गए हैं। जिनसे किडनी-लिवर फेलियर, ब्लड प्रेशर-हार्ट रेट बढ़ना, मस्तिष्क को नुकसान, दौरे पड़ना, मृत्यु तक हो सकती है। कुछ कफ सिरप में कोडीन नामक दवा होती है। यह खांसी को दबाने में मदद करती है, लेकिन अधिक मात्रा में लेने पर नशे जैसी स्थिति पैदा कर सकती है। अत्यधिक नींद और सुस्ती आ सकती है। सांस



लेने की गति धीमी हो सकती है। व्यक्ति को इसकी लत लग सकती है।

डेक्स्ट्रोमेथॉर्फन नामक रासायनिक घटक भी कई कफ सिरप में पाया जाता है। इसे अधिक मात्रा में लेने पर चक्कर आना, कंफ्यूजन होना, व्यवहार में बदलाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा क्लोरफेनिरामाइन, डाइफेनहाइड्रामाइन एंटीहिस्टामिन जैसी दवाएं एलर्जी और खांसी के उपचार में दी जाती हैं। इनसे अधिक नींद, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कंफ्यूजन जैसी स्थिति पैदा कर सकती हैं। स्वाद बढ़ाने के लिए कई सिरपों में काफी मात्रा में चीनी मिलाई जाती है। इससे मधुमेह रोगियों को परेशानी हो सकती है। बच्चों में दांतों की समस्याएं बढ़ सकती हैं।

### किन्हें है ज्यादा खतरा

डॉक्टर की सलाह के बिना कफ सिरप लेने के दुष्प्रभावों का जोखिम मूलतया कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अधिक होता है जैसे छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, अस्थमा रोगी, किडनी, लिवर या गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति। इसलिए ऐसे लोग पूरी सावधानी बरतें।

### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

कफ सिरप का सेवन करने से पहले कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें।

- खांसी के कारण का पता लगाएं। किसी भी सिरप को सुरक्षित या सामान्य मानकर बार-बार न लें। खांसी शरीर का एक संकेत है, बीमारी नहीं। इसलिए केवल खांसी दबाने के बजाय उसके कारण का पता लगाकर उपचार कराना अधिक महत्वपूर्ण है।



- यदि आप पहले से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, किडनी, लिवर या हृदय रोग की दवाएं ले रहे हैं, तो डॉक्टर को इसकी जानकारी दें। कुछ सिरप अन्य दवाओं के साथ प्रतिक्रिया कर सकते हैं।
- डॉक्टर की सलाह के बिना कोई कफ सिरप न लें। खांसी-जुकाम या गले की खराश होने पर हर बार सिरप लेना जरूरी नहीं होता। खांसी कई बार एलर्जी, अस्थमा, टीबी, निमोनिया, एसिडिटी या किसी अन्य बीमारी का लक्षण भी हो सकती है। इसलिए बगैर जांच कराए बार-बार स्वयं दवा लेने से बचें।
- गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी सिरप नहीं लेना चाहिए।
- बुजुर्गों में किडनी और लिवर की कार्यक्षमता कम हो सकती है। इसलिए दवा का प्रभाव अधिक हो सकता है। उन्हें डॉक्टर द्वारा निर्धारित की गई मात्रा में ही किसी भी तरह के सिरप का सेवन करना चाहिए।
- सिरप ही नहीं कोई भी दवा खरीदते समय उसकी एक्सपायरी डेट, बैच नंबर और निर्माता कंपनी की जानकारी अवश्य जांचें। एक्सपायर सिरप का उपयोग न करें। बोतल की सील टूटी हुई न हो और पैकिंग सही अवस्था में हो। यदि सिरप का रंग, गंध या स्वाद असामान्य लगे। तो उसका उपयोग न करें।
- निर्धारित मात्रा से अधिक किसी दवा का सेवन कभी न करें। कुछ लोग यह सोचकर अधिक मात्रा में सिरप पी लेते हैं कि जल्दी आराम मिलेगा। ऐसा करना खतरनाक हो सकता है और दुष्प्रभावों का जोखिम बढ़ा सकता है।
- बच्चों को विशेष सावधानी से दवा दें। बच्चों के लिए दवा की मात्रा उम्र और वजन के अनुसार तय होती है। कभी भी बड़े लोगों वाली दवा बच्चों को न दें और न ही अनुमान से खुराक तय करें।
- कोई भी सिरप पिलाने के लिए मापने वाले सही चम्मच या कप का ही उपयोग करें। कई लोग घर के सामान्य चम्मच से सिरप पी लेते हैं। इससे दवा की मात्रा कम या अधिक हो सकती है। हमेशा दवा के साथ मिलने वाले मापने वाले कप, ड्रॉपर या माप वाले चम्मच का ही उपयोग करें।
- किसी दूसरे व्यक्ति के लिए लिखी गई दवा स्वयं न लें और इसी तरह अपनी दवा किसी अन्य को रोगी को न दें। एक जैसी खांसी होने पर भी कारण अलग-अलग हो सकते हैं।
- यदि सिरप लेने के बाद अत्यधिक नींद, चक्कर, सांस लेने में कठिनाई, त्वचा पर चकत्ते, सूजन या अन्य असामान्य लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**



### खतरनाक है सेल्फ मेडिकेशन

कई लोग खांसी-जुकाम या बुखार होने पर बिना डॉक्टर से सलाह लिए सीधे मेडिकल स्टोर से सिरप खरीद लेते हैं। कई बार बीमारी का सही कारण जाने बिना दवा लेने से समस्या बढ़ सकती है। वास्तव में सेल्फ मेडिकेशन बहुत खतरनाक हो सकता है, इसलिए इससे बचा जाना जरूरी है। कुछ सिरप में ऐसे घटक होते हैं, जो अधिक मात्रा में लेने पर नशे जैसी स्थिति पैदा कर सकते हैं। इसलिए इनके दुरुपयोग और लत की आशंका भी रहती है।

---

**हेल्थ अवेयरनेस**
**शिखर चंद जैन**

हमारे शरीर की कोशिकाओं में उपस्थित जीन में हमारे वर्तमान और भावी स्वास्थ्य की पिक्चर कोड के रूप में मौजूद रहती है। आने वाले समय में जीन मैपिंग और एडिटिंग के जरिए अनेक बीमारियों का पूर्वानुमान लगाकर उसको पनपने से भी रोका जा सकेगा।

## जीन तय करते हैं कैसा होगा स्वास्थ्य

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने आज उस रहस्यमयी चाबी को खोज लिया है, जो हमारे स्वास्थ्य और आयु के छिपे रहस्यों के राज खोल सकती है। ये चाबी और कुछ नहीं हमारे 'जीन' हैं। हमारी जीन कुंडली में हमारे जीवन का इतिहास, वर्तमान और भविष्य लिखा है। विज्ञान की भाषा में इसे 'जेनेटिक ब्लूप्रिंट' कहा जाता है, जो न केवल हमारी शारीरिक बनावट तय करता है, बल्कि यह भी निर्धारित करता है कि हम कितने साल जिएंगे और किन बीमारियों के प्रति संवेदनशील होंगे।

**क्या है जेनेटिक कुंडली:** चिकित्सा विज्ञान में जीनोम सीक्वेंसिंग के जरिए व्यक्ति की सेहत की सटीक 'कुंडली' तैयार की जा सकती है। हमारे शरीर में बड़ी संख्या में जीन होते हैं। ये जीन डीएनए के बने होते हैं, जो प्रोटीन बनाने के निर्देश देते हैं। ये प्रोटीन ही तय करते हैं कि हमारी मांसपेशियां कितनी मजबूत होंगी, हमारा मेटाबॉलिज्म कैसा होगा और हमारा इम्यून सिस्टम कितना प्रभावी होगा।

**जीन से आयु का निर्धारण:** वैज्ञानिकों का मानना है कि मनुष्य की औसत आयु का लगभग 20 से 30 प्रतिशत हिस्सा उसके आनुवंशिक गुणों पर निर्भर करता है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि जो लोग 100 वर्ष से अधिक जीवित रहते हैं, उनमें अक्सर 'फॉक्सो-3' नामक जीन का एक विशेष प्रकार पाया जाता है। इसे 'दीर्घायु जीन' भी कहा जाता है। यह जीन कोशिकाओं की मरम्मत करने और इंसुलिन के स्तर को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही हमारे क्रोमोसोम के सिरों पर 'टेलोमेयर्स' नामक सुरक्षा कवच होते हैं। टेलोमेयर्स का सीधा संबंध इस बात से है कि


एआई इमेज

आपका शरीर कितनी तेजी से 'बूढ़ा' हो रहा है। इसकी प्रक्रिया कुछ इस तरह काम करती है, हमारा शरीर लगातार पुरानी कोशिकाओं को हटाकर नई कोशिकाएं बनाता रहता है। जब भी एक कोशिका दो भागों में बंटती है, तो उसके टेलोमेयर्स थोड़े छोटे हो जाते हैं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, टेलोमेयर्स इतने छोटे हो जाते हैं कि कोशिकाएं अब और विभाजित नहीं हो पातीं। यहीं से बुढ़ापा शुरू होता है। अंग कमजोर होने लगते हैं और इम्यून सिस्टम थक जाता है। जिनके टेलोमेयर्स धीरे-धीरे छोटे होते हैं या लंबे समय तक सुरक्षित रहते हैं, वे लोग आमतौर पर ज्यादा समय तक जवान और स्वस्थ रहते हैं।

**मिलते हैं बीमारियों के पूर्व संकेत:** जेनेटिक मैपिंग का सबसे बड़ा लाभ बीमारियों के जोखिम को पहले से पता लगाना होता है।



**क्योर से प्रिवेंशन तक:** आने वाले 10-20 वर्षों में, स्वास्थ्य देखभाल का केंद्र अस्पताल नहीं, बल्कि हमारा अपना डेटा होगा। जीन एडिटिंग तकनीक के जरिए भविष्य में दोषपूर्ण जीन को गर्भ में ही ठीक करना संभव हो सकता है। हम एक ऐसे युग की ओर बढ़ रहे हैं, जहां बीमारी होने का इंतजार नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे होने से पहले ही रोक दिया जाएगा।

**कैंसर की पहचान:** 'बीआरसीए-1 और बीआरसीए-2' जैसे जीन में म्यूटेशन स्तन और डिंबग्रंथि के कैंसर के उच्च जोखिम का संकेत देते हैं।

**हृदय रोग और मधुमेह:** यदि किसी के जीन में कोलेस्ट्रॉल प्रबंधन की क्षमता कम है, तो उसे कम उम्र में ही दिल के दौरे का खतरा हो सकता है, भले ही वह बाहर से फिट दिखे।

**अल्जाइमर और पार्किंसंस:** मस्तिष्क से जुड़ी इन जटिल बीमारियों के संकेतों को भी जेनेटिक टेस्टिंग के जरिए दशकों पहले पहचाना जा सकता है।

**पर्सनलाइज्ड मेडिसिन:** मौजूदा दौर में चिकित्सा पद्धति 'ट्रायल और एरर' पर आधारित है, यानी एक ही दवा सबको दी जाती है लेकिन फार्माकोजेनोमिक्स ने इसे बदल दिया है। जीन यह तय करते हैं कि आपका शरीर किसी दवा को कैसे प्रोसेस करेगा। कुछ लोगों पर एक विशेष दवा बहुत अच्छा असर करती है, जबकि दूसरों पर उसका कोई प्रभाव नहीं होता या साइड इफेक्ट हो जाते हैं। जेनेटिक प्रोफाइलिंग से डॉक्टर अब यह जान सकते हैं कि आपके लिए कौन-सी दवा और कितनी डोज सही रहेगी।

**एपिजेनेटिक्स:** सटीक सुझाव का वैज्ञानिक आधार एपिजेनेटिक्स वह विज्ञान है जो बताता है कि हमारे पर्यावरण और आदतों के कारण जीन कैसे 'ऑन' या 'ऑफ' होते हैं। मान लीजिए आपके जीन में टाइप-2 मधुमेह का जोखिम लिखा है। लेकिन यदि आप सही खान-पान और नियमित व्यायाम अपनाते हैं, तो आप उस 'खराब जीन' को सुप्त रख सकते हैं। अत्यधिक तनाव और खराब पर्यावरण हमारे अच्छे जीन को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

**कैसे होता है जेनेटिक टेस्ट:** जेनेटिक टेस्ट चार चरणों में पूरा होता है। पहले लार या खून का एक छोटा नमूना लिया जाता है। फिर लैब में कोशिकाओं से डीएनए को अलग किया जाता है। इसके बाद मशीनों के जरिए डीएनए के कोड्स को पढ़ा जाता है। अंत में विशेषज्ञ आपके डेटा की तुलना 'नॉर्मल डेटा' से करते हैं और बताते हैं कि आपके जीन में कहां गड़बड़ी या जोखिम है। जेनेटिक रिपोर्ट को कभी भी अंतिम फैसला न मानें। यह केवल 'जोखिम' बताती है। रिपोर्ट आने के बाद हमेशा एक योग्य जेनेटिक काउंसलर या डॉक्टर से सलाह लें। *



### तब देर से आएगा बुढ़ापा

**टेलोमेयर्स जब** देर से यानी धीमी गति से कमजोर-छोटे होते हैं तो बुढ़ापा भी देर से आता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, कुछ आदतें टेलोमेयर्स को तेजी से घिसने (छोटा होने) पर मजबूर करती हैं, जबकि कुछ आदतें उन्हें सुरक्षित रखती हैं। अत्यधिक मानसिक तनाव, सिगरेट और शराब का सेवन, बहुत ज्यादा चीनी और जंक फूड का सेवन, प्रदूषणयुक्त माहौल में रहने और सुस्त जीवनशैली से बचें। अनुशासित जीवनशैली अपनाएं और पौष्टिक भोजन करें।





# जनसंख्या में बदलाव पर केंद्र गंभीर, शाह ने उच्चस्तरीय समिति से जल्द मांगी रिपोर्ट

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** देश में अवैध घुसपैठ और अन्य असामान्य कारणों से हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों के अध्ययन के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति ने अपनी कार्ययोजना को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने समिति के साथ समीक्षा बैठक में उसे अपनी सिफारिशें जल्द से जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान समिति ने गृह मंत्री को बताया कि वह देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा कर जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से जुड़ी वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष अध्ययन करेगी।

### स्वतंत्रता दिवस पर हुई थी मिशन की घोषणा

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष 15 अगस्त को अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में उच्चस्तरीय जनसांख्यिकीय मिशन की घोषणा की थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया, जिसका उद्देश्य अवैध प्रवासन तथा अन्य असामान्य कारणों से उत्पन्न जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का अध्ययन करना, उनके कारणों का विश्लेषण करना तथा उनसे निपटने के लिए उपयुक्त नीतिगत, विधायी और प्रशासनिक उपायों की सिफारिश करना है।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालोद (छ.ग.)

निविदा क्र. 02/ले. शा. (निविदा) / का.अ./ लो.स्वा. यां. खण्ड / 2026 — बालोद, दिनांक : 30-06-2026

**-:: ई-प्रॉक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

ऑनलाईन निविदाएं **प्रपत्र-एफ** में लम्प - सम दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद द्वारा के एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन की **सक्षम श्रेणी** में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण :-**

| सिस्टम नं. | विकासखण्ड | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 194417 | डौण्डी | बालोद जिले के विकासखण्ड डौण्डी के दल्लीराजहरा नगरीय जल प्रदाय योजनांतर्गत 03 नग क्लीयर वाटर सेन्ट्रीफ्यूगल पंप सेट्स प्रदाय तथा स्थापित करने एवं 02 नग 33/0.415 KV 160 KVA आउटडोर ट्रांसफार्मर प्रदाय तथा स्थापना तथा अन्य कार्य (शेड्यूल के अनुसार, सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित) | रू. 50.11 लाख | 38,000.00 |

**1. बिड सबमिशन प्रारंभ की तिथि- 02/07/2026 2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 20/07/2026**

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** दिनांक 02-07-2026 से एवं कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखे जा सकते है ।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद जिला - बालोद (छ.ग.)**

G-262701802/3

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग. जोन क्र. 02 शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 16/न.पा.नि/जोन क्र. 02/2026 — **निविदा निरस्तीकरण सूचना** — रायपुर, दिनांक 30/06/2026

निविदा सूचना क्र. 12/26 में दिनांक 08.06.2026 प्रकाशित अंक दिनांक 10. 06.2026 को ऑन लाईन निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की गई थी। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य स्थल का नाम | कुल कुशल / अकुशल श्रमिक | निविदा राशि (लाख रू. में) | अमानती राशि (लाख रू. में) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 192903 | प्लेसमेंट एजेंसी के तहत जोन क्र. 02 अंतर्गत वार्डों में में जल विभाग के पावर पंपों के संचालन हेतु 20 अकुशल श्रमिक कलेक्टर दर पर 01 वर्ष के लिए रखे जाने का कार्य। | 20 | 33.86 | 0.70 | 12 माह |
| 2 | 192906 | प्लेसमेंट एजेंसी के तहत जोन क्र. 02 अंतर्गत उद्यानों के वार्षिक संधारण हेतु 13 अकुशल श्रमिक कलेक्टर दर पर 01 वर्ष के लिए रखे जाने का कार्य । | 13 | 22.01 | 0.70 | 12 माह |

उपरोक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से कार्य क्र. 01 सिस्टम टेण्डर नं. 192903 एवं कार्य क्र. 02 सिस्टम टेण्डर नं. 129906 के कार्य को निरस्त किया जाता है। उपरोक्त ऑन लाईन निविदा निरस्तीकरण सूचना समाचार पत्र में प्रकाशन किये जाने हेतु सूचनार्थ प्रस्तुत ।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

**जोन आयुक्त**
**जोन क्र. 02**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर**
**फोन नं. 2535780, 90, फैक्स : 0771-2227395 Email: dc_rmc@rediffmail.com**

विज्ञापन क्रमांक 01 / 2026 — दिनांक 30/06/2026

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के घटक "भागीदारी में किफायती आवास (ए.एच.पी.) योजनांतर्गत नॉन स्लम परियोजनाओ में से निम्नलिखित परियोजनाओ में निर्मित कुल 2616 नग आवासीय फ्लैट आबंटन के लिए उपलब्ध है। आबंटन के लिए ऑनलाईन आवेदन, नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाइट :- www.nagarnigamraipur.nic.in के "शीर्षक" कार्यक्रम और योजनाएँ → पी.एम.ए.वॉय - एच.एफ.ए. → पी.एम.ए.वॉय.- ए.एच.पी. 2.0" में जाकर दिनांक 01/07/2026 से 15/07/2026 शाम 5:30 बजे तक राशि रू. 100/- का ऑनलाईन भुगतान कर किया जा सकता है ।

**उपलब्ध आवासीय फ्लैट की जानकारी निम्नानुसार है :-**

| स्थल का नाम | आवासो की संख्या | कॉरपेट एरिया (न्यूनतम)(वर्ग फीट में) | अनुमानित न्यूनतम मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|
| कचना, क्लासिक कैसल के समीप | 432 | 323 | 3.25 |
| हीरापुर, वेदांता वाटिका के समीप | 80 | 323 | 3.25 |
| बोरियाखुर्द, अनंतरा होम्स के समीप | 56 | 323 | 3.25 |
| लाभाण्डी, सूरज नगर | 56 | 323 | 3.25 |
| सड्डू वी.आई.पी. सिटी के समीप | 160 | 323 | 3.25 |
| आमासिवनी, सफायर ग्रीन्स के समीप | 140 | 323 | 3.25 |
| सड्डू केपीटल होम्स के समीप | 720 | 323 | 3.25 |
| सड्डू रजवाड़ा सिटी के समीप | 160 | 323 | 3.25 |
| सड्डू हाउसिंग बोर्ड के समीप | 120 | 323 | 3.25 |
| सड्डू वी.आई.पी. सिटी के समीप | 192 | 323 | 3.25 |
| लाभाण्डी - जोरा भवानी नगर के समीप | 320 | 323 | 3.25 |
| डूमरताराई, शुभम के मार्ट, देवपुरी के समीप | 96 | 323 | 3.25 |
| पुरैना, महावीर नगर, खुशी सिटी के समीप | 84 | 323 | 3.25 |

- दिनांक 15/07/2026 तक प्राप्त ऑनलाईन आवेदनो के परीक्षण उपरांत पात्र/ अपात्र आवेदको की प्राथमिक सूची दिनांक 20/07/2026 को नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाईट "शीर्षक" "कार्यक्रम और योजनाएँ → पी.एम.ए.वॉय- एच.एफ.ए. → पी.एम.ए.वॉय.- ए.एच.पी. 2.0" में प्रदर्शित की जावेगी ।
- पात्र / अपात्र की प्रथम सूची जारी दिनांक से पात्र/ अपात्र आवेदक 07 दिवस तक नगर पालिक निगम, रायपुर (मुख्यालय) के तृतीय तल स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना प्रकोष्ठ में अपनी पात्रता सिद्ध करने संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है। जिसके आधार पर पात्र/ अपात्र आवेदको की अंतिम सूची जारी की जावेगी ।
- अधिक जानकारी के लिए नगर पालिक निगम, रायपुर (मुख्यालय) तृतीय तल स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना प्रकोष्ठ में संपर्क किया जा सकता है।
- आवेदन शुल्क 100/- नगर निगम रायपुर के बैंक खाते मे ऑनलाईन जमा कराया जाना है ।
- उक्त विज्ञापन मे अंकित आवासो का कारपेट एरिया एवं अनुमानित मूल्य परिवर्तनीय है ।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/ मंडी / निर्माण / 2026-27/ 418 — कबीरधाम, दिनांक 01/07/2026

**-:: मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

कृषि उपज मंडी समिति कवर्धा, जिला कबीरधाम में निम्न दर्शित कार्य / स्थल एवं कार्य के सम्मुख दर्शित कार्य की लागत अनुसार कार्य कराये जाने हेतु छ.ग. शासन की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "डी" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहर बंद निविदायें केवल पंजीकृत डाक से तीन लिफाफे पद्धति से 24/07/2026 तक छ.ग. शासन लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु क्रमशः दिनांक 01/01/2015 एवं 01/07/2015 से प्रभावशील एस. ओ. आर एवं इस निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर निविदा प्रपत्र - अ (प्रतिशत दर) में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें इस कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों / प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक 25/07/2026 को प्रातः 12:00 बजे खोली जावेगी। **कार्य विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्र. | वि.ख. का नाम | कार्य का नाम एवं स्थल | अनु. लागत लाख (रू.में.) | बयाने की राशि एफ.डी. आर. में | कार्य अवधि वर्षा ऋतु सहित | निविदा प्रपत्र का मूल्य | एस.ओ.आर का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कवर्धा | ग्राम गुढ़ा में मुख्य चौक के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 9.71 | 10000 | 06 माह | 1000 | C.G.P.W.D Building SOR.w.e.f. 01.01.2015 And Electrical work 01.07.2015 |
| 2 | स.लोहारा | ग्राम कोहडिया में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 9.71 | 10000 | 06 माह | 1000 | |
| 3 | स.लोहारा | ग्राम बरगांव में शीतला मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 9.71 | 10000 | 06 माह | 1000 | |
| 4 | स.लोहारा | ग्राम गंगीबहरा में ग्राम पंचायत के पास सामुदायिक भवन निर्माण। | 9.71 | 10000 | 06 माह | 1000 | |
| 5 | स.लोहारा | ग्राम उडिया कला में भगत निषाद के घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण | 9.71 | 10000 | 06 माह | 1000 | |
| 6 | स.लोहारा | ग्राम दुधिया में शीतला मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 9.71 | 10000 | 06 माह | 1000 | |

1. निविदा प्राप्त करने के लिए वैघ पंजीयन/ जी.एस.टी. पंजीयन, पेन कार्ड एवं वाणिज्यिक चुकता प्रमाण पत्र बैंक साल्वेंसी (एक साल से पुराना न हो अनुमानित लागत का 15 प्रति मूल्य का) की मूल प्रति अवलोकनार्थ एवं तथा आवेदन सहित समस्त दस्तावेजों की नोटरी से सत्यापति छायाप्रति प्रस्तुत कर निर्धारित समय में निर्धारित शुल्क नगद राशि जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं होगा ।
2. अमानत राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ. डी. आर / टी.डी.आर या डाक विभाग द्वारा जारी एम.एस.सी. के रूप में सचिव कृषि उपज मंडी समिति कवर्धा, जिला कबीरधाम के नाम से देय ही स्वीकार्य होगी।
3. कार्यों से संबंधित जानकारियों एवं अन्य शर्ते दिनांक 15/07/2026 तक कार्यालयीन समय में देखी / प्राप्त की जा सकती है जो कि इस निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग है एवं वरिष्ठालय के पत्र क्रमांक 312 दिनांक 14.06.2025 के द्वारा संलग्न अतिरिक्त शर्ते क्र. 10 एवं 11 इस निविदा शर्तो का भाग होगा। दिनांक 16/07/2026 तक निविदा प्रपत्र प्राप्त की जा सकेगी।
4. उपरोक्त कार्य हेतु यदि निविदाकर द्वारा लागू दर / दर अनुसूची में 10 प्रतिशत कम दर से नीचे की दर कोट किया जाता है तो निविदा हेतु स्पेशल शर्ते लागू होगी। तद्नुसार अंतर की राशि सचिव कृषि उपज मंडी समिति कवर्धा, जिला कबीरधाम के नाम एफ. डी. आर के रूप में अनुबंध निष्पादन के पूर्व जमा करना होगा। शर्तें की प्रति निविदाओं के साथ प्रदाय की जावेगी।
5. लिफाफा "अ" में ई. एम. डी एवं शपथ पत्र, लिफाफा "ब" में समस्त दस्तावेजों (वैघ पंजीयन, श्रम कल्याण मंडल (ई.पी.एफ.) का पंजीयन प्रमाण पत्र, बैंक सालवेंसी (एक वर्ष से पुराना न हो एवं अनुमानित लागत का 15 प्रतिशत की मूल्य का) जी. एस. टी. पंजयीन, पैन कार्ड की छायाप्रति, लिफाफा, "स" में निविदा प्रपत्र एवं लिफाफा "द" में "अ" "ब" एवं "स" को भरकर प्रस्तुत किया जायेगा तथा लिफाफा "द" में कार्य क्रमांक एवं कार्य का नाम का स्पष्ट उल्लेख करें।

**सही/-**
**( मनोज कुमार वैष्णव)**
**सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति**
**कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**सही/-**
**(अमित मोहंसी)**
**उप संचालक कृषि/भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मंडी समिति**
**कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

S-48321/1

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' से होगा देश को फायदा, विकास कार्य बाधित होते हैं बार बार चुनावों से

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे देश में सुशासन को मजबूती मिलेगी, विकास कार्यों में तेजी आएगी, सरकारी खर्च कम होगा और लोकतांत्रिक व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी। पी.पी. चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' कोई नई अवधारणा नहीं है। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था की सिफारिश समय-समय पर , तथा कई संसदीय और विशेषज्ञ समितियां कर चुकी हैं।

# पाक द्वारा तोड़े गए ऐतिहासिक गुरुद्वारे की भारत ने की कड़ी निंदा

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** भारत ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर पाकिस्तान द्वारा पंजाब प्रांत के फारूकाबाद में स्थित श्री गुरु सिंह सभा साहिब नामक 125 साल पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारे को तोड़े जाने के मामले की बेहद कड़े अंदाज में निंदा की है। साथ ही जल्द से जल्द इस अत्यंत निंदनीय व बर्बरतापूर्ण कृत्य की निष्पक्षता से जांच करने और इसमें शामिल सभी दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की है। वहीं, इस घटना को लेकर पाकिस्तान में सिख समुदाय के लोगों में खासा रोष है। जिसकी वजह से स्थानीय प्रशासन ने गुरुद्वारे वाले इलाके को सील कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के हिसाब से गुरुद्वारे के गुंबद को तोड़ा गया है।

# भारत पहुंची जापान की प्रधानमंत्री ताकाइची

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची बुधवार को अपनी तीन दिवसीय (1 से 3 जुलाई तक) भारत यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंच गई हैं। यहां पालम हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी देते हुए बताया कि जापान की प्रधानमंत्री की यह भारत यात्रा दोनों देशों के बीच मौजूद विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और अधिक आगे बढ़ाने की दिशा में उठाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# एयर मार्शल तेजिंदर ने सीआईएससी के रूप में संभाला कार्यभार

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने बुधवार को सेनाप्रमुखों की समिति के अध्यक्ष के एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख (सीआईएससी) के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। वर्तमान दायित्व को ग्रहण करने से पहले वह वायुसेना की दक्षिण-पश्चिमी कमान के प्रमुख (एओसी-इन-सी) के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को संभाल रहे थे। 13 जून 1987 को एयर मार्शल सिंह वायुसेना की लड़ाकू शाखा में कमीशन हुए। वह एक 'ए' श्रेणी के योग्य फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर हैं।

## इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड

इरकॉन — IRCON
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई-निविदा सं. : **IRCON/2059/CGRP/e-Tender/CSPGCL Siding/Electrical-01** — दिनांक : **02.07.2026**

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) की ओर से योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने वाले निविदादाताओं से "सीएसपीजीसीएल के गारे पेलमा-III (5 एमटीवाई) खानें, रायगढ़ क्षेत्र घरघोडा-गारे पेलना खण्ड के मध्य (सीएच. किमी. 22.456 से किमी. 24.868 घरघोडा/सीएसबी से) में मिलुपारा के निकट एक क्रॉसिंग स्टेशन के विकास द्वारा जीपी-III कोल ब्लॉक से कोयले के परिवहन हेतु सीईआरएल लाइन से निकलते हुए सीएसपीजीसीएल की प्राइवेट रेलवे साइडिंग की स्थापना हेतु 25 केवी, 50 एचजैड, सिंगल फेज, ओएचई ट्रैक्शन सिस्टम, बाहरी विद्युतीकरण व स्काडा कार्यों का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग" के कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 9,47,69,831.50 |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 28.07.2026 को 15.00 बजे तक (आईएसटी) |

अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट **https://etenders.gov.in/eprocure/app** देखें। शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। मुख्य महाप्रबंधक / विद्युत / सीजीआरपी, प्रथम तल, एआरके, जूडियो के सामने, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001

## GOVERNMENT OF MAHARASHTRA

**Executive Engineer Central Mumbai Electrical Division P.W.D. Worli, Mumbai**

**TENDER NOTICE NO. 14/ 2026-27**

E-Tender for **25 Works** in B-1 form are invited by the Executive Engineer, Central Mumbai Electrical Division, P.W.D. Worli Mumbai (Phone - 022/45646881) from the registered contractors in appropriate class of Public Works Electrical Department of Govt. of Maharashtra.

1. Below Rs.3 Lakh - 8 works
2. Below Rs.10 Lakh - 14 works
3. Above Rs.10 Lakh - 03 works (E-Tenders)

All information related to this tender is made available on following website. Also, all the changes will be made available on this website.

For Below Rs.10 Lakh works - **http://mahapwd.gov.in** **(Pay PWD Online)**

For Above Rs.10 Lakh works **https://mahatenders.gov.in**

**Sd/-**
**Executive Engineer**
**Central Mumbai Electrical**
**Division P.W.D. Worli**

आरओसी. 2026-27/ क्र.-5/C 1426

## कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

स.क्र. दिनाँक

**-:: सार्वजनिक सूचना ::-**

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 अधिसूचित किये गये हैं, जो दिनांक 01 अप्रैल 2026 से पूर्ण रूप से प्रभावी हो गये हैं और निकाय सीमा क्षेत्र अंतर्गत नवीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 लागू कर दिये गये हैं।

उक्त नियम के नियम क्रमांक 3 (झ), 6 एवं 10 में थोक कचरा उत्पादक (Bulk Waste Generator (BWG)) की श्रेणी के लिए वर्णित परिभाषा एवं प्रावधानों को जमीनी स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार थोक कचरा उत्पादक की परिभाषा इस प्रकार है-

**"भारी मात्रा के अपशिष्ट जनित वे इकाइयाँ जो निम्नलिखित मानकों में से कम से कम एक को पूरा करते हों:"**

1. 20,000 वर्ग मीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल (Floor Area) वाले भवन, या
2. प्रतिदिन 40,000 लीटर पानी की खपत, या
3. प्रतिदिन 100 किलोग्राम ठोस अपशिष्ट उत्पादन सम्मिलित हो

इस प्रकार निकाय सीमा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मैरिज गार्डन होटल/रेस्टोरेंट, धर्मशाला, छात्रावास, सामुदायिक भवन, रहवासी संघ एवं अन्य संस्थान (निजी/ अर्धशासकीय/ शासकीय/ सार्वजानिक) आदि जो कम से कम एक मानक को पूरा करते हैं, वे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम-2026 के अनुसार थोक कचरा उत्पादक की श्रेणी में माने जाएंगे। ऐसे थोक कचरा उत्पादकों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 2026 का पालन किया जाना अनिवार्य है।

**थोक कचरा उत्पादक हेतु दिशा-निर्देश**

- सभी थोक कचरा उत्पादकों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तैयार केंद्रीकृत पोर्टल **https://swm.cpcb.gov.in** पर पंजीयन कर जोन कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है।
- संस्थान में उत्पन्न गीले, सूखे, सेनेटरीएवं विशेष देखभाल अपशिष्ट को पृथक-पृथक कर एकत्र करना।
- एकत्र गीले कचरे का संस्थान में ही निस्तारण करना।
- पिट कम्पोस्टिंग, बायोगैस या OWC मशीन अथवा अन्य माध्यम से कचरे का निस्तारण करना।
- प्रतिदिन उत्पन्न कचरे के नियमानुसार प्रबंधन हेतु केयर टेकर नियुक्त करना।
- निस्तारित गीले कचरे से उत्पन्न खादया निर्मित उत्पाद का उपयोग करना।
- संस्थान से निकलने वाले सूखे एवं अन्य अपशिष्ट को निकाय के अधिकृत कचरा संग्राहक को सौंपना।
- प्रतिदिन प्रसंस्कृत किये गये गीले अपशिष्ट खाद एवं निर्मित उत्पाद की लॉग बुक का संधारण करना।
- यदि संस्थान अपने परिसर में गीले कचरे का प्रसंस्करण करने में सक्षम नहीं है, तो नियमानुसार निकाय अथवा निकाय द्वारा अधिकृत संस्थान से प्रसंस्करण हेतु अनुबंध कर। EBWGR (Extended Bulk Waste Generator Responsibility) प्रमाण पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें।
- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के नियम क्रमांक 6 एवं 10 में वर्णित सभी प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य है।
- उपरोक्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सभी थोक कचरा उत्पादक अपने परिसर में ही कचरे का निस्तारण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा निकाय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही एवं प्रतिदिन जुर्माना लगाया जाएगा।

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**आयुक्त,**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

**तृतीय निविदा आमंत्रण ई – प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)**

**ब्लॉक स्तर पर विभिन्न निर्माण कार्य के लिए जोनल अनुबंध हेतु निविदा राशि रू. 95.00 लाख**

Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

| स.क्र. | नि.आ.सू.क्र. | ब्लॉक का नाम | स.क्र. | नि.आ.सू.क्र. | ब्लॉक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| | | रायपुर संभाग | | | |
| 1 | 10906 | बागबाहरा | 5 | 10910 | बलौदाबाजार |
| 2 | 10907 | पिथौरा | 6 | 10911 | भाटापारा |
| 3 | 10908 | बसना | 7 | 10912 | कसडोल |
| 4 | 10909 | सरायपाली | | | |
| | | बस्तर संभाग | | | |
| 1 | 10913 | बीजापुर | 7 | 10919 | लोहाण्डीगुड़ा |
| 2 | 10914 | दंतेवाड़ा | 8 | 10920 | कोयलीबेड़ा |
| 3 | 10915 | गीदम | 9 | 10921 | कांकेर |
| 4 | 10916 | बकावंड | 10 | 10922 | चारामा |
| 5 | 10917 | भानुप्रतापपुर | 11 | 10923 | कोण्डागांव |
| 6 | 10918 | बस्तर | 12 | 10924 | तोकापाल |
| | | दुर्ग संभाग | | | |
| 1 | 10925 | डोंगरगढ | 7 | 10931 | बेमेतरा |
| 2 | 10926 | डोंगरगांव | 8 | 10932 | साजा |
| 3 | 10927 | बालोद | 9 | 10933 | बेरला |
| 4 | 10928 | छुरिया | 10 | 10934 | मानपुर |
| 5 | 10929 | डौण्डीलोहारा | 11 | 10935 | मोहला |
| 6 | 10930 | गुण्डरदेही | 12 | 10936 | अंबागढ़ चौकी |
| | | सरगुजा संभाग | | | |
| 1 | 10937 | सोनहत | 2 | 10938 | सीतापुर |
| | | बिलासपुर संभाग | | | |
| 1 | 10939 | कोटा | 6 | 10944 | रायगढ़ |
| 2 | 10940 | करतला | 7 | 10945 | लोरमी |
| 3 | 10941 | कोरबा | 8 | 10946 | पथरिया |
| 4 | 10942 | पुसौर | 9 | 10947 | मुंगेली |
| 5 | 10943 | तमनार | 10 | 10948 | लैलूंगा |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी। उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 02/07/2026 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 13/07/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

**sd/-**
**अधीक्षण अभियंता**

S-48322/2

## कार्यालय कलेक्टर, जिला- बेमेतरा एवं पदेन उप-सचिव छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**// अधिसूचना //**

क्रमांक /अ-82/202....-2.... — बेमेतरा, दिनॉक.........

**भू-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा परदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत**

नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है । अर्थात

| जिला | तहसील | ग्राम/प.ह.नं. | क्षेत्रफल | लोक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| बेमेतरा | बेमेतरा | मरतरा / 13 | 0.03 हे. /300 वर्गमीटर | जिला- बेमेतरा के विकासखण्ड बेमेतरा अंतर्गत सेमरिया करचुवा मार्ग निर्माण कार्य में प्रभावित भूमि |

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई (दिनांक) 22.07.2026 को समय 11:00 स्थान **मरतरा** पर नियत की जाती है।

**प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है।**

1. लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण । जिला बेमेतरा के विकासखण्ड साजा अंतर्गत सेमरिया करचुवा मार्ग निर्माण कार्य में अर्जित भूमि से लोक प्रयोजन पूरा होता है ।
2. प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या । प्रभावित कृषकों की संख्या 10 है ।
3. अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या । **निरंक**
4. प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानो एवं अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या । **निरंक**
5. प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानो एवं अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या । **निरंक**
6. क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है । अर्जन के लिए प्रस्तावित परियोजना की सीमा उन परियोजना के लिए यथार्थ न्यूनतम सीमा तक ही है। **हाँ।**
7. क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया है। अर्जन के लिए प्रस्तावित भूमि पर मार्ग के चौड़ीकरण का निर्माण किया जा रहा है। अर्जित भूमि का मुआवजा भुगतान किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
8. परियोजना की कुल लागत । **सेमरिया करचुवा मार्ग निर्माण कार्य** के लिये शासन से 802.00 लाख रू. की स्वीकृति प्राप्त हुई थी ।
9. परियोजना से होने वाले लाभ । **सेमरिया करचुवा मार्ग निर्माण कार्य** के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा होगी।
10. प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिए उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय । समजिक समाघात पर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति पूर्ण योजनाओं के लंबित देनदारी हेतु उपलब्ध राशि से की जावेगी ।
11. परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक । **निरंक।**

उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति / संख्या या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी या सुझाव देना हो तो विहित तिथि / समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी ।

**कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग, बेमेतरा**
**जिला- बेमेतरा (छ. ग.)**

**कलेक्टर**
**जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

G- 262701813/2

## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 194066 द्वितीय आमंत्रण 24.06.2026 | विकासखण्ड पोडीउपरोडा के ग्राम पनगवां से जल्के पहुंच मार्ग लंबाई 5.00 कि. मी. वास्तविक लंबाई 4.10 कि.मी. का निर्माण कार्य, जमा मद । | 451.60 |
| 2 | 194069 प्रथम आमंत्रण 24.06.2026 | मुकडेगा से करवारजोर तक मार्ग लंबाई 6.50 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 655.70 |
| 3 | 194070 प्रथम आमंत्रण 24.06.2026 | रायगढ़ एकताल मार्ग से बडे अतरमुडा पहुंच मार्ग लंबाई 2.30 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 521.19 |
| 4 | 194098 प्रथम आमंत्रण 24.06.2026 | तखतपुर में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य, वा.स. से. फि., विद्युतीकरण एवं पहुंच मार्ग का कार्य । | 465.72 |
| 5 | 194068 प्रथम आमंत्रण 24.06.2026 | खरसिया के बायपास क्रमांक 3 कबीर चौक से डभरा रोड तक मार्ग लंबाई 2.30 का चौडीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य । | 690.42 |
| 6 | 194101 प्रथम आमंत्रण 24.06.2026 | जिला जांजगीर-चांपा के अरसिया - बिर्रा मार्ग में सोन नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 948.31 |
| 7 | 194102 प्रथम आमंत्रण 24.06.2026 | जिला खैरागढ बायपास मार्ग के राजनांदगांव कवर्धा मार्ग पर आमनेर नदी / मुस्का नाला / मोती नाला पर पुल निर्माण कार्य में पहुंच मार्ग निर्माण का शेष कार्य । | 314.16 |
| 8 | 193982 द्वितीय आमंत्रण 25.06.2026 | जिला जशपुर के स्टेट हाईवे से कछुआकानी पहुंच मार्ग लं. 3.80 कि. मी. का निर्माण कार्य । | 482.19 |
| 9 | 193979 द्वितीय आमंत्रण 25.06.2026 | जिला कबीरधाम के वि.ख. पंडरिया के महली से नानापुरी मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य । | 221.88 |
| 10 | 193984 द्वितीय आमंत्रण 25.06.2026 | जिला दुर्ग के उदय प्रताप शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय संस्थान भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, सेप्टिक टेंक, बाऊण्ड्रीवाल, आर.सी.सी. ड्रेन, सी.सी.मार्ग एवं विद्युतीकरण सहित उन्नयन संबंधी निर्माण कार्य। ( नाबार्ड - आर.आई.डी.एफ.) . | 864.75 |
| 11 | 193985 तृतीय आमंत्रण 25.06.2026 | जिला गरियाबंद के देवभाग - झाखरपारा मार्ग के बेलाटजोर नाला पर उच्चस्तरीय पुलमय पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 429.84 |
| 12 | 193995 द्वितीय आमंत्रण 25.06.2026 | जिला कबीरधाम वि.ख. पण्डरिया के ग्राम कुम्ही से कांपा मार्ग लंबाई 4.12 कि.मी. (वास्तविक लं. 8.50 कि.मी.) मार्ग का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 459.75 |
| 13 | 194000 द्वितीय आमंत्रण 25.06.2026 | जिला बेमेतरा के छिरहा बायपास मार्ग लंबाई 1.10 कि.मी. का पुल पुलिया सहित कांक्रीटीकृत मार्ग निर्माण कार्य । | 264.31 |
| 14 | 194008 द्वितीय आमंत्रण 25.06.2026 | जिला महासमुंद के बुटीपाली से लोहारपाली - खैरजुड़ी मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 324.52 |
| 15 | 193976 द्वितीय आमंत्रण 25.06.2026 | जिला रायपुर संभागीय आयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर तथा लेखा प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के भवन निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित निर्माण कार्य । | 677.54 |
| 16 | 193973 द्वितीय आमंत्रण 25.06.2026 | जिला मनेन्द्रगढ – चिरमिरी - भरतपुर नवीन लाईवलीहुड कॉलेज भवन का निर्माण कार्य । | 409.24 |
| 17 | 193974 द्वितीय आमंत्रण 25.06.2026 | केन्द्रीय सडक निधि योजनांर्गत वर्ष 2024-25 के द्वितीय अनुपूरक बजट में शामिल राजनांदगांव - कवर्धा - पोडी मार्ग (एस.एच. -05) के 4/2 से 38/4 = 34.40 कि.मी. का चौडीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य में भू-अर्जन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य । | 255.63 |
| 18 | 193975 द्वितीय आमंत्रण 25.06.2026 | जिला बीजापुर के कुटरू से गुटामांगी मार्ग के कि.मी. 7 / 2-10 इन्द्रावती नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 3605.75 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 01, सं.क्र. 11 दिनांक 13.07.2026 निर्धारित है । एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 16.07.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है ।

**मुख्य अभियंता**
**केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर**

G-262701807/2

## खबर संक्षेप

### 4.5 करोड़ गांजा जब्ती का सप्लायर गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले के पुलिस ने 4.5 करोड़ के गांजा तस्करी सिंडीकेट पर कार्रवाई करते हुए मास्टरमाइंड के बाद अब ओडिशा से मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। बता दें कि कच्चे केले की आड़ में आयशर ट्रक में फर्जी नंबर लगाकर गांजा जब्त किया गया था। पुलिस ने सिंडीकेट के मुख्य सरगना विनय शर्मा उर्फ पंडित को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार करने के बाद, अब इस नेटवर्क को ओडिशा से माल सप्लाई करने वाले मुख्य सप्लायर को भी पकड़ लिया है। 17 अप्रैल को थाना बसना पुलिस द्वारा पलसापाली बैरियर पर नाकाबंदी कर एक आयशर मालवाहक वाहन (एपी 39 टीटी 4556) को पकड़ा गया था। पुलिस को चकमा देने हेतु इसमें कच्चे केले के नीचे 29 प्लास्टिक बोरियों में छिपाकर रखा गया 912.760 किलो अवैध गांजा (कीमत लगभग 4.5 करोड़) जब्त किया गया था। ओडिशा से इस विशाल खेप को उपलब्ध कराने वाले मुख्य सप्लायर की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। बसना पुलिस टीम ने मुख्य गांजा सप्लायर मिश्रो नायक पिता सहना नायक (28) निवासी कर्णीबेड़ा, थाना बालीगुड़ा को पकड़ा गया।

## जोंगरा गोलीकांड का खुलासा : मामले में 9 आरोपी गिरफ्तार

# प्रेम संबंध पर पति-पत्नी ने रची साजिश सुपारी देकर कराई थी महिला की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

*जोंगरा में गोली मारकर महिला की हत्या के मामले का पर्दाफाश हो गया है। प्रेम संबंध के चलते पति-पत्नी ने मिलकर हत्या की साजिश रची थी। सुपारी देकर महिला का मर्डर कराया गया था। पुलिस ने मामले में 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 26 जून को ग्राम जोंगरा निवासी पूर्णिमा चैहान उर्फ पूनम को 2 अज्ञात नकाबापोश ने गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देकर शूटर मोटरसायकल से फरार हो गए।*

टीम लगातार 4 दिनों तक आरोपियों के पतासाजी में जुटी रही। मोबाइल टावर डंप एवं कॉल डिटेल का बारिकी से विश्लेषण किया गया। वहीं सीसीटीव्ही फूटेज खंगाले गए। विवेचना दौरान पता चला कि मृतिका पूर्णिमा चौहान उर्फ पूनम का मुरलीशंकर चौहान निवासी देल्लारी जिला रायगढ़ के साथ प्रेम संबंध था। इस बात को लेकर गौरीशंकर और उसकी पत्नी चम्पा चौहान के बीच लगातार अनबन एवं लड़ाई झगड़ा होता था। संदेह के आधार पर चम्पा चैहान से पूछताछ की गई। उसने बताया कि पूर्णिमा चैहान उर्फ पूनम और उसके पति मुरलीशंकर एक साथ आयुर्वेदिक दवाई प्रचार व बिक्री का काम करते थे। दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गया था। चम्पा को उसके पति और पूर्णिमा के प्रेम संबंध होने की जानकारी होने पर अपने पति मुरलीशंकर और पूर्णिमा को बार-बार समझाइश दी थी। चम्पा की समझाइश पर उसका पति मुरलीशंकर मान गया और पूर्णिमा से दूरी बना ली। लेकिन पूर्णिमा नही मान रही थी और मुरलीशंकर को लगातार शादी करने का दबाव बना रही थी। जिससे परेशान होकर उन्होंने हत्या की साजिश रची।



**वारदात को इस तरह दिया अंजाम**

*पूर्णिमा चैहान को गोली मारने के लिए 26 जून को ग्राम जोंगरा सुनील महंत और गौरीशंकर सिदार दोनों बाइक से गए। गौरीशंकर सिदार ने पिस्तौल से पूर्णिमा को गोली मारी। इसके बाद सुमित गबेल द्वारा घटना को अंजाम देने और वहां से भागने के लिए दी गई बाइक से फरार हो गए। घटना के बाद राकेश महंत ने गौरीशंकर सिदार एवं सुनील महंत को दीगर राज्य फरार होने में सहयोग किया। चम्पा से सौदे के तय रकम में से 2 लाख रुपए को राजेंद्र महंत अपने साथी वेदप्रकाश महंत उर्फ सोनू तथा चंद्रशेखर महंत के साथ ग्राम देल्लारी जाकर लिए।*

**गिरफ्तार आरोपी**

*श्रीमती चम्पा चैहान पति मुरलीशंकर चौहान रायगढ़, मुरलीशंकर चौहान, सुनील महंत मालखरौदा सक्ती, गौरीशंकर सिदार रायगढ़, राकेश महंत मालखरौदा सक्ती, वेद प्रकाश महंत मालखरौदा सक्ती, राजेन्द्र महंत सक्ती, सुमित गबेल खरसिया रायगढ़, चंद्रशेखर महंत मालखरौदा जिला सक्ती।*

**जब्त किया गया सामान**

*पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त पिस्तौल, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन एवं नगदी बरामद की है। आरोपी राजेन्द्र महंत से पिस्तौल एवं 4 नग जिंदा राउण्ड, नगदी 52000 रुपए जब्त किया। आरोपी गौरीशंकर से मोबाइल व नकदी 6000 रूपये जप्त किया है। चम्पा चैहान से बैंक पासबुक एवं 1 नग मोबाइल जब्त किया है। आरोपी मुरलीशंकर चौहान से मोबाइल जब्त किया गया है। आरोपी सुमित गबेल से टीव्हीएस मोटरसायकल, मोबाइल व नकद 2000 रुपए जब्त किया है। आरोपी वेदप्रकाश महंत उर्फ सोनू से बाइक , मोबाइल व नकदी 4000 रुपए जब्त किए हैं। आरोपी सुनील महंत से 4000 रुपए नकद जब्त किया है। आरोपी चंद्रशेखर दास महंत से मोबाइल एवं 3500 रुपए नकद और आरोपी राकेश महंत से मोबाइल जब्त किया गया है। घटनास्थल से पिस्तौल का 3 नग खाली खोखा बरामद किया गया है।*

## पुष्टि बिना आबकारी अधिनियम में गाड़ी ज़ब्त नहीं की जा सकती : एचसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने कहा है कि छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 47-ए के तहत गाड़ी को ज़ब्त करने का फ़ैसला इस अनुमान के आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता कि ज़ब्त की गई सभी बोतलों में शराब की मात्रा कानूनी सीमा से ज़्यादा थी। कोर्ट ने कहा कि ज़ब्ती की कार्रवाई करने से पहले संबंधित अधिकारी को भरोसेमंद सबूतों के आधार पर यह पक्का करना होगा कि ज़ब्त किया गया पदार्थ शराब थी और उसकी मात्रा पाँच बल्क लीटर से ज़्यादा थी; ऐसा पक्का यकीन ठोस सबूतों के बिना केवल अनुमानों पर आधारित नहीं हो सकता।

यह याचिका सेशंस जज के उस आदेश के खिलाफ़ थी, जिसमें स्कॉर्पियो गाड़ी की ज़ब्ती रद्द की गई थी। इस गाड़ी को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध के सिलसिले में ज़ब्त किया गया था। इसमें आरोप है कि इसका इस्तेमाल शराब ढोने के लिए किया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक रायपुर की रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर ने अधिनियम की धारा 47-ए के तहत गाड़ी ज़ब्त करने का आदेश दिया। आबकारी आयुक्त ने गाड़ी के मालिक की अपील खारिज की।

**मान्य सबूतों पर आधारित नहीं**

*कोर्ट ने गौर किया कि अभियोजन पक्ष ने देसी शराब, विदेशी शराब और बीयर की कुल 154 बोतलें जब्त करने का दावा किया, लेकिन ऐसा कोई सबूत नहीं था, जिससे पता चले कि सभी बोतलों में मौजूद चीज़ की वैज्ञानिक या रासायनिक जांच की गई। कोर्ट ने पाया कि आबकारी सब-इंस्पेक्टर ने केवल 180 एमएल की आठ क्वार्टर बोतलें और 650 एमएल की बोतल यानी कुल मिलाकर लगभग 2.09 लीटर शराब की ही जाँच की थी। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, केमिकल परीक्षक या किसी सक्षम अधिकारी की ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं थी, जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि बाकी बोतलों में भी शराब ही थी। कोर्ट ने कहा कि बाकी बोतलों की जांच नहीं होने की स्थिति में यह मान लेना कि सभी 154 बोतलों में शराब थी और कुल मात्रा पांच बल्क लीटर से ज़्यादा थी, कानूनी रूप से मान्य सबूतों पर आधारित नहीं है।*

# तंत्र-मंत्र के प्रभाव से डेढ़ करोड़ हथियाने की जांच करेंगे एसपी और एडीएम : नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कलेक्टोरेट जगदलपुर में बस्तर और बीजापुर जिले के प्रकरणों की जन सुनवाई राज्य महिला आयोग ने की। अध्यक्ष किरणमयी नायक ने पत्रवार्ता में बताया कि 6 साल के मेरे कार्यकाल में आज की जनसुनवाई 406 रही। बस्तर के 13 और बीजापुर के 2 मामले पर जन सुनवाई में दोनों पक्ष के विचार सुनने के बाद फैसला सुनाया गया। सबसे बड़ा मामला तंत्र मंत्र के प्रभाव से लगभग डेढ़ करोड़ रुपए हथियाने का रहा।

जिसमें तहसील कार्यालय में दस्तावेज लेखक से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पदस्थ वनरक्षक और उसकी पत्नी ने अलग-अलग तिथियों में नगदी और मकान जमीन के रूप में डेढ़ करोड़ रुपए हथिया लिए। उन्होंने कहा वनरक्षक का वेतन 43 हजार प्रतिमाह है और उसके पास निर्माणाधीन मकान की कीमत लगभग 50 लाख है। लक्जरी वाहन भी है। इस मामले में संपत्ति और वाहन के लिए वनरक्षक ने विभाग से क्या अनुमति ली थी उसकी संपत्ति और आय की जांच अपर कलेक्टर सीपी बघेल करेंगे। वहीं पुलिस कार्रवाई के लिए एसपी को पत्र लिखा गया है। दोनों जगह से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एक अन्य मामले में आयोग ने माँ-पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिलने की बात कहते हुए हाईकोर्ट जाने की समझाइश दी।

**कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के वनरक्षक की सपंत्ति जांच के बाद होगी कार्रवाई**



**मान्यता समाप्त करने की चेतावनी पर पहुंचे सचिव**

*रायपुर की पहली जन सुनवाई और आज की सुनवाई में बालबिहार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सचिव विकास चावड़ा उपस्थित नहीं हुए थे। उनके वकील आवेदन लेकर आए थे, जिस पर अध्यक्ष किरणमयी नायक ने कहा कि शिक्षिका ने सचिव पर आरोप लगाया है इसलिए उन्हें आना पड़ेगा। एक घंटे में नहीं आने पर विद्यालय की मान्यता रद्द करने जिला शिक्षाधिकारी को पत्र लिखा जाएगा। इस कड़े शब्दों के बाद सचिव कलेक्टोरेट पहुंचें, जहां दोनों पक्ष की सुनवाई हुई। 32 साल की नौकरी के बाद निकाल देना और वेतन कोरानाकाल से कम कर देना सहित सचिव पर कई आरोप थे। अध्यक्ष ने कहा कि रायपुर में 9 और 10 जुलाई को जनसुनवाई है, वहां फैसला होगा। जिस पर सचिव ने 10 जुलाई को पहुंचने की सहमति दी है।*

# डाही मर्डर मिस्ट्री : 24 घंटे में पुलिस ने सुलझाई गुत्थी, सभी 8 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम डाही में युवक हुलास मंडावी की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। वारदात के बाद अंधेरे में रहे हत्याकांड की परतें पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर खोल दी हैं।

पुलिस के अनुसार शराब सेवन के दौरान हुए विवाद के बाद मृतक के ही साथियों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी थी।



**शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के बाद तेज हुई जांच**

*पुलिस के मुताबिक रोशन ध्रुव और मुकेश यादव ने लकड़ी के लट्ठे से सिर पर वार किए, जबकि एक अन्य आरोपी ने बोल्डर, पत्थर से हमला किया। गंभीर चोट के कारण हुलास की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत हत्यात्मक पाए जाने के बाद हत्या का मामला दर्ज किया गया।*

**हथियार बरामद**

*घटना के बाद पुलिस टीम ने संदिग्धों से पूछताछ, मोबाइल लोकेशन, मुखबिर सूचना और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। रातभर चले ऑपरेशन के बाद सभी आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल लकड़ी का लट्ठा और बोल्डर पत्थर जब्त किया है।*

**छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन**
हाऊसिंग बोर्ड कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, चतुर्थ तल, दक्षिण पूर्व कार्नर, सेक्टर 27, अटल नगर, नवा रायपुर (छ. ग.) - 492015

**निविदा सूचना क्र./2924/सी.जी.एम.एस.सी.लिमि./ तकनीकी/2026-27**

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा ई. डी. एल. एवं नॉन - ई. डी. एल. औषधि (एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, कच्ची) एवं कन्जुमेबल, टेस्ट कीट, मेडिकल उपकरण, फर्नीचर सामग्री की आपूर्ति, बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव, हाट बाजार, 1099 मुक्तान्जली, रूरल एमएमयू, प्रयोगशालाओं के साथ अनुबंध किये जाने (Laboratories Empanelment) एवं कालातीत औषधियो के निष्कासन हेतु प्रतिष्ठित फ़र्म से निविदायें आमंत्रित की जा रही है।

निविदा दस्तावेज और नियम इत्यादि का विवरण दिनांक 02/07/2026 से 30/09/2026 तक छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट https://www.cgmsc.gov.in तथा https://www.eproc.cgstate.gov.in & gem.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं उक्त निविदाओं में समयानुसार किये जाने वाले संशोधनों की जानकारी उपरोक्त वेबसाइटो से प्राप्त किया जा सकेगा ।

**दिनांक 01/07/2026**
**(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित )**

वास्ते/-
प्रभारी महाप्रबंधक (तकनीकी)
सी.जी.एम.एस.सी.लिमिटेड
अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

S-48317/2

## स्कूल में पढ़ा रही प्रधानपाठिका से चाकू की नोक पर लूट

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के नेहरू नगर बड़े साजापाली स्थित प्राथमिक शाला में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे एक युवक सीधे कक्षा में घुस गया। उसने बच्चों को पढ़ा रही प्रधान पाठक नान बाई चौधरी के गले पर चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी दी और उनका मंगलसूत्र कीमत 30 हजार रुपए व करीब 20 हजार रुपये कीमत का मोबाइल लूट लिया।

घटना के समय विद्यालय में करीब 25 बच्चे मौजूद थे। अचानक हुए इस घटना के दौरान प्रधान पाठक ने डरने के बजाय आरोपी का विरोध किया। दोनों के बीच धक्का-मुक्की और झूमाझटकी भी हुई, जिसमें उनके हाथ पर चाकू की हल्की खरोंच आई। आरोपी ने चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी दी और वारदात के बाद दरवाजा बंद कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही भंवरपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्रों में तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 333 एवं 309(4)(1) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा**
नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.)
ई-मेल- cmeoffice-cg@cg.gov.in

क्र./STU-4701/75/2026-DME / 2026
नवा रायपुर, दिनांक 30-06-2026

**--ऑन-लाइन रूचि की अभिव्यक्ति क्र. 194109--**

संचालनालय अधीनस्थ चिकित्सा महाविद्यालयों मे Enterprise Resource Planning (ERP) Solution हेतु ऑन-लाइन रूचि की अभिव्यक्ति क्र. 194109 आमंत्रित की गई है, जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकारों को अपना बिड ऑन-लाइन के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा, इच्छुक निविदाकार इस संबंध मे हमारे सर्विस प्रोवाइडर से ई-मेल helpdesk.cgeproc@mjunction.in, 1800 4199140 (Toll free) पर सम्पर्क कर सकते है। निविदा की निर्धारित तिथि निम्नानुसार है-
प्रांरभ तिथि - 30.06.2026, दोपहर 2.00 बजे से
अंतिम तिथि - 29.07.2026, शाम 4.00 बजे से
प्री-बिड (ऑन-लाइन माध्यम ) - दिनांक 09.07.2026, दोपहर 1.00 बजे से
(Pre-Bid VC Link - https://meet.google.com/bdp-ynvi-qqo)

संचालक
चिकित्सा शिक्षा, छत्तीसगढ़
G-262701806/1

**झारखण्ड सरकार**
**भवन निर्माण विभाग**

**झारखण्ड सरकार के भवन निर्माण विभाग के लिए वास्तुविद् (आर्किटेक्ट) का पैनल तैयार करने हेतु अभिरूचि आमंत्रण सूचना**

भवन निर्माण विभाग द्वारा Comprehensive Architectural Services हेतु वास्तुविद् (आर्किटेक्ट) का पैनल तैयार कर परामर्शी के रूप में चयन किया जाना है।

राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित शर्तों पर इच्छुक वास्तुविद् (आर्किटेक्ट) से आवश्यक प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है –

1. Condition of Engagement को bcd.jharkhand.gov.in में भी देखा जा सकता है।
2. Comprehensive Architectural Services हेतु सूचीबद्ध वास्तुविद् (आर्किटेक्ट) से कार्य कराए जाने के लिए राज्य सरकार की बाध्यता नहीं होगी। विभाग महत्वपूर्ण भवनों में आवश्यकतानुसार चयनित पैनल के अतिरिक्त अन्य वास्तुविदों की सेवा लेने को स्वतंत्र होगा।
3. वास्तुविद् (आर्किटेक्ट) इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करेंगे कि उनके द्वारा दी गई सभी सूचनायें एवं समर्पित कागजात सही एवं सत्य हैं।
4. अभियंता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग की अध्यक्षता में गठित चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।
5. अनुमोदित शर्तों के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों की जांच के पश्चात् पैनेल तैयार किया जाएगा, जो वर्ष 2026–27 से 2028–2029 (तीन वर्ष) तक के लिए मान्य होगा।
6. वास्तुविद् (आर्किटेक्ट), जो उपरोक्त शर्तों के तहत कार्य करना चाहते हैं, वे **दिनांक– 02.07.2026 से 17.07.2026 को अपराह्न 05:30 बजे** तक bcd.jharkhand.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन समर्पित करेंगे। हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं होगा।
7. विभाग में सूचीबद्ध वास्तुविद् (Empanelled Architect) जिनका Empanelment वित्तीय वर्ष 2025–26 में समाप्त हो रहा है एवं वे पूर्व में आवेदन करने में विफल रहे है, वैसे वास्तुविद् जो उपरोक्त शर्तों के साथ कार्य करने हेतु इच्छुक हैं, अनिवार्य रूप से ऑनलाईन आवेदन समर्पित करेंगे।

For more information kindly visit bcd.jharkhand.gov.in

अभियंता प्रमुख
भवन निर्माण विभाग
PR 383718 (Building)26-27*D

epaper : www.haribhoomi.com
**हरिभूमि CLASSIFIED**
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर**
आवश्यकता है- हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, संपर्क करे- 6232022676.(आरो-460)

**पैकिंग/लोडिंग कार्य**
आवश्यकता है- चायपत्ती में पैकिंग कार्य के लिए लेडिस व लोडिंग अनलोडिंग के लिए पुरुष की आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मोबाइल :- 74699-80000, 0771-4075490.(RO-873)

**फिटर/वेल्डर**
आवश्यकता है- स्पंज आयरन प्लांटों को हीटिंग साईकल हेतु छत्तीसगढ़ लेवल पर सर्विसेज देने हेतु *Jainaveer limited* को 5+ साल अनुभवी फिटर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, डिग्रीधारी आदि की *आवश्यकता है* सम्पर्क 9090207009, 7828827710. (RO-874)

**ऑफिस स्टाफ**
आवश्यकता है- न्यू कंपनी विस्तार हेतु आवश्यकता हैं- लड़के, लड़कियों की 8वीं 10वीं पास सैलरी 12000 से 15000 हजार, रहना फ्री, मिले:- AMBITION COMPNY सुंदर नगर रायपुर Mob. No. 9098100628, 8435887784.(RO-877)

**कुक/स्टाफ**
आवश्यकता है- कुक/स्टाफ वीआईपी चौक, तेलीबांधा में, घर में शाकाहारी भोजन बनाने व साफ़-सफाई हेतु कुक/स्टाफ (महिला/पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 9300593000. (RO-103)

**टेलीकॉलर**
आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 7000+ कमीशन वीकली बोनस से कमाए 15,000 से 20,000 पता - रामनगर भिलाई Mo.no.- 8103147651 .(RO-876)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**
आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन एंव सेल्सगर्ल की आवश्यकता हैं। वेतन 8000 से 15000 तक मोबाइल नं. 9131315998. संपर्क करें:-राजेश कलेक्शन मालवीय रोड जवाहर बाजार के सामने (RO-271)

**ड्रायवर**
आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 500-1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के। जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955. (RO-63586)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**कारपेन्टर**
आवश्यकता है- शांति किराया भण्डार में रिपेरिंग काम के लिए बढ़ाई कारपेन्टर की आवश्यकता है संपर्क करें:- 9827140068. (RO-A)

**ऑफिस कार्य**
आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 12000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + रेल ट्रेंनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना 8770508791, 8982834337. (RO-529)

**अन्य**
आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु ( 10वी+12वी) पास लड़के लड़कियां, उम्र सीमा (18 से 42) सैलरी- 26500/- से 45500/- आवेदन हेतु - मार्कसीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो , व्हाट्सएप / कॉल करे - 8400406891. (RO-102)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**Finance फायनेंस**
फाइनेंस - लोन SAI KRIPA FINANCIAL SERVICE पर्सनल लोन ,मॉर्गेज लोन, बिजनेस लोन , लोन ट्रांसफर (B.T) , होम लोन, के.सी.सी लोन, पट्टे पर लोन, कार एवं हेवी व्हीकल लोन, बिना बैंक के चक्कर लगायें लोन प्राप्त करें पता:- शॉपनं.231 आकाशंगगा, ढिल्लन कॉम्पलेक्स सुपेला भिलाई मो.- नुरज सिंह राजपुत - 7587287565, 9165058207, 83139119645. (आरो न - 307)

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**विज्ञापन बुकिंग टाइम**
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**CLASSIFIED RATE CARD**
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Price per day Rs. 80/
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100RS. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
| --- | --- | --- |
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
| --- | --- |
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1

| | | | |
| --- | --- | --- | --- |
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**Healthcare**
गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

## जैकेट के शेष

### अलनीनो का सूखा ....

83 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। बांध की कुल जल भराव क्षमता 32.150 टीएमसी तथा उपयोगी जल भराव 27.079 टीएमसी है। वर्तमान में उपयोग किए जाने के लायक पानी 11.703 टीएमसी है जो लाइफ कैपिसिटी का 43.21 फीसदी पानी है।

**ऐसे समझें बांध की क्षमता** : सिंचाई विभाग के अनुसार 1 टीएमसी का मतलब 1 हजार मिलियन क्यूसेक फीट होता है। पानी के मापन में 1 टीएमसी यानी 2831.6 करोड़ लीटर (28.31 अरब लीटर) के बराबर होता है। 32.150 टीएमसी क्षमता वाले इस बांध में 910.1655 अरब लीटर पानी भरता है।

**निस्तारी के लिए 436 तालाबों में पानी** : जल संसाधन विभाग के योजनानुसार धमतरी तथा बालोद जिले के 436 तालाबों को पानी दिया जाता है। अप्रैल और मई माह के भीषण गर्मी में महानदी मुख्य नहर और उनकी सहायक छोटी नहरों के माध्यम से तालाबों को भरने पानी छोड़ा जाता है। ताकि ग्रामीणों को पेयजल निस्तारी संकट का सामना न करना पड़े। इसके अलावा डिमांड के अनुसार रायपुर बलौदाबाजार तक पानी जाता है। रायपुर तथा धमतरी में पेयजल आपूर्ति भी इस बांध से होती है।

### 2.64 लाख हेक्टेयर ....

की क्षमता रखता है। इस बांध का पानी मुख्य नहर के माध्यम से धमतरी, रायपुर, बालोद तथा बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के खेतों को सिंचित करता है। अनुमान है कि यह रायपुर संभाग का 50 फीसदी कृषि क्षेत्र है।

### खुद प्यासा, फिर ....

21 प्रतिशत पानी शेष बचा था। बारिश नहीं होने और बांध खाली होने की वजह से रायपुर, धमतरी, बालौदाबाजार जिले के किसानों की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई थी। शुरुआत में पानी की भारी किल्लत को देखते हुए अधिकारियों ने सिंचाई के लिए पानी देने में असमर्थता जताई। सूखे से बेहाल किसानों के बढ़ते दबाव और फसलों की बर्बादी बचाने के लिए सरकार ने विशेष कदम उठाए। जल संसाधन विभाग के अधिकारी बताते हैं कि स्थिति बहुत गंभीर होने पर विभाग ने आपातकालीन फैसला लिया। 17 अगस्त 2019 को 507 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। यह पानी रूद्री बैराज से महानदी मुख्य नहर के जरिए सूखा प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाया गया। पानी की कमी के कारण आपूर्ति बेहद नियंत्रित तरीके से की गई ताकि संकट के समय फसल को जीवनदान मिल सके। साथ ही शहरों के लिए पीने का पानी भी सुरक्षित रहे। इसके बाद अगस्त के उत्तरार्ध और सितंबर में हुई अच्छी बारिश से बांध का जलस्तर सुधरा जिससे किसानों को राहत मिली।

### सूखे जैसे हालात ....

2024 को था। पिछले साल 30 जून 2025 में 17 प्रतिशत यानी 51.72 एमसीएम जलभराव हुआ। वर्तमान 30 जून 2026 को बारिश नहीं होने के बावजूद भी 129.62 एमसीएम यानी 43 प्रतिशत पानी का स्टोरेज है। पिछले साल की तुलना में 26 प्रतिशत पानी का स्टोरेज ज्यादा है। जो दुर्ग संभाग के तीन जिलों को सूखे से बचाने की क्षमता रखता है। इन इलाकों में कुल कृषि क्षेत्र के लगभग आधे में तांदुला से सिंचाई होती है।

**तांदुला जलाशय में इस तरह होता है जलभराव** : तांदुला जलाशय जलभराव मुख्य रूप से मानसूनी वर्षा और उसके जलग्रहण (कैचमेंट) क्षेत्र से आने वाले पानी से होता है। इस जलाशय का कैचमेंट क्षेत्र लगभग 827.91 वर्ग किलोमीटर है। बालोद, दल्लीराजहरा और कांकेर जिले के पहाड़ी और वनांचल क्षेत्रों जैसे आसपास के खेतों, जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों से वर्षा का पानी बहकर जलाशय में आता है। तांदुला जलाशय में जरूरत के हिसाब से स्टोरेज बनाए रखने के लिए इसे गंगरेल और खरखरा बांध से जोड़ा गया है। बीएसपी को खरखरा और गंगरेल से पानी लेकर ही पूरे सालभर पानी की आपूर्ति तांदुला जलाशय करता है। इसी तरह पेयजल या गर्मी के दिनों में तालाबों को भरना हो या फिर खरीफ फसल की सिंचाई के लिए पानी देना हो इन बांधों से पानी लेकर संकट दूर कर लेते हैं। इसलिए सूखे के हालात में भी तांदुला जलाशय से पानी मिलना रूकता नहीं है।

**पिछले साल से अच्छी स्थिति** : तांदुला जलाशय में पिछले साल से 26 प्रतिशत ज्यादा जलभराव है। बारिश कम हुई तो भी स्थिति संभल जाएगी। यह जीवनदायिनी बांध है।

**- पीयूष देवांगन**, ईई जलसंसाधन विभाग बालोद

### पानी का इस तरह ....

संबंधी कार्य के लिए इस्तेमाल में लाई जाती है। जिसमें देश का सबसे बड़ा भिलाई इस्पात संयंत्र भी शामिल है। संयंत्र को सालभर 22 एमसीएम और पेयजल पर 22एससीएम पानी रिलीज किया जाता है।

### ट्रेन में बिना ....

रह गया है यानी ये 183.50 रुपये सस्ता हुआ है। कोलकाता में ये 3255.50 रुपए से घटकर 3,081.50 रुपए का, लखनऊ में 3,052.50 रुपए और पटना में 3,227 रुपए का हो गया है। हालांकि, इस बार भी घर की रसोई में इस्तेमाल होने वाले 14 किलो एलपीजी के दाम को स्थिर रखा गया है और इसकी कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके अलावा एटीएफ यानी हवाई ईंधन का दाम 1.15 लाख रुपए प्रति किलोलीटर से घटाकर 1.10 लाख रुपए प्रति किलोलीटर कर दिया गया है।

### नायरा का पेट्रोल ....

का खर्च (ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट) कम हो जाता है। इससे आने वाले दिनों में फल, सब्जियां, राशन और दूसरी जरूरी चीजें सस्ती हो सकती हैं।

### लिव-इन में रहकर .....

बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि, वर्तमान के समय में कई महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं और अपने जीवन से जुड़े फैसले खुद लेने में सक्षम हैं। ऐसे में लंबे समय तक साथ रहने वाले रिश्तों को केवल शादी नहीं होने के आधार पर रेप नहीं माना जा सकता। कोर्ट को रिश्ते की अवधि, दोनों पक्षों के व्यवहार और परिस्थितियों को देखकर यह तय करना होगा कि संबंध सहमति से था या नहीं।

### भरोसा देकर उसके ....

कि, जब भी वह शादी की बात करती, वो टाल देता था। अगस्त 2021 में आरोपी ने फोन पर बताया कि महिला के तलाकशुदा होने और ईसाई समुदाय से होने के कारण उसके माता-पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं हैं। इसके बावजूद वह शादी का भरोसा देता रहा।

### जिला कोर्ट ने ....

सहमति से संबंध रहे और वे साथ भी रहे। ऐसे मामलों में केवल शादी से इनकार होने के आधार पर रेप का अपराध नहीं बनता। कोर्ट ने माना कि ट्रायल कोर्ट के फैसले में कोई कानूनी त्रुटि या ऐसी कमी नहीं है, जिसके कारण हस्तक्षेप की जरूरत हो। इसी आधार पर अपील को एडमिशन स्टेज पर ही खारिज कर दिया।

### सिर्फ हैंड बैगेज ....

सकेगी। इंडिगो ने कहा कि इस स्कीम के तहत बुकिंग एक जुलाई से शुरू कर दी गई है। स्कीम का फायदा 15 जुलाई से शुरू हो जाएगा।

### श्रमिकों को अब ....

भारत सरकार द्वारा विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत अकुशल श्रमिकों के लिए नई मजदूरी दरें अधिसूचित की गई हैं। नई दरें 1 जुलाई 2026 से प्रभावी हो गई हैं। नई व्यवस्था के तहत छत्तीसगढ़ में ग्रामीण श्रमिकों की मजदूरी दर को 261 रुपए प्रतिदिन से बढ़ाकर 300 रुपए प्रतिदिन कर दिया गया है। इसके तहत मजदूरी दर में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**अब 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी** : इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी, 15 दिवस के भीतर मजदूरी भुगतान, बेरोजगारी भत्ता, डिजिटल जॉब कार्ड एवं तकनीक आधारित कार्य प्रबंधन प्रणाली, समयबद्ध एवं पारदर्शी भुगतान व्यवस्था प्राप्त होगी। वीबी जीरामजी में जल संरक्षण, सिंचाई, ग्रामीण सड़क, वृक्षारोपण एवं टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण के साथ ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल विकास एवं आजीविका पर जोर दिया गया है। अब ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की कार्ययोजना ग्राम सभा के माध्यम से तैयार की जाएगी, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों का चयन किया जा सकेगा।

### बोडला के गंडईखुर्द ....

में यह कार्यक्रम कबीरधाम जिले के बोड़लाविकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गंडईखुर्द में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### सराफा दुकान में संचालक...

दुकान खोल कर बैठे थे। इस बीच दोपहर लगभग 1 बजे प्लेटिना बाइक में सवार होकर नकाबपोश एक महिला और दो पुरुष दुकान में पहुंचे। उन्होंने चांदी की अंगूठी खरीदने की इच्छा जाहिर की। खरीदार समझ कर राजकुमार अग्रवाल ने अपने तिजोरी से चांदी की अंगूठी निकाली और सोफे में बैठे तीनों लोगों को अंगूठी की वैरायटी दिखाने लगे। इसी दौरान उसमें से एक युवक ने अपने पास रखे मिर्ची पाउडर को दुकान संचालक राजकुमार अग्रवाल के उपर छिड़कर कट्टा निकाल कर सीधे राजकुमार अग्रवाल पर तान दिया और लूटने का प्रयास किया। लुटेरों की हरकत को देखकर राजकुमार अग्रवाल कट्टा दिखा रहे युवक से भिड़ गए। इस दौरान दोनों लुटेरे श्री अग्रवाल से हाथापाई करने लगे, लेकिन राजकुमार अग्रवाल ने हार नहीं मानी और अंत तक दोनों से भिड़ते रहे। इस बीच वे जोर-जोर से चिल्लाते रहे। सराफा दुकान से चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ते हुए दुकान की ओर पहुंचने लगे। पकड़े जाने के भय से लुटेरे अपना देशी कट्टा, चप्पल और बाहर में खड़ी प्लेटिना मोटरसाइकिल को छोड़कर जंगल के रास्ते भाग निकले। इस दौरान साथी लुटेरों ने काउंटर से कुछ जेवरात उठा लिए थे जिसे वे अपने साथ ले गए है। पुलिस मामले में अज्ञात लुटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन में जुटी हुई है।

### रडार पर व्हाट्सएप,..

एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इस बात की समीक्षा कर रहा है कि कहीं यह सुविधा साइबर अपराधियों के लिए नई चुनौती तो नहीं बन जाएगी। जरूरत पड़ने पर सरकार व्हाट्सऐप को नोटिस भेजकर इस फीचर से जुड़ी पूरी जानकारी भी मांग सकती है। कानून प्रवर्तन एजेंसियां भी इस मामले की जांच कर सकती हैं।

### स्कूलों में मंत्रोच्चार के ....

राज्य सरकार के इस आदेश को रद्द करने की मांग याचिका में की है। एडवोकेट डा आमिर खान के माध्यम से पेश याचिका की सुनवाई इसी सप्ताह में होने की संभावना है। याचिका में यह उल्लेख किया गया है कि संविधान के अनुसार राज्य को धार्मिक तटस्थता बनाए रखने और सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान प्रदर्शित करने का दायित्व है। स्कूल शिक्षा विभाग का यह आदेश, विशिष्ट हिंदू धार्मिक प्रार्थनाओं और मंत्रों को अनिवार्य विद्यालयी गतिविधियों के रूप में निर्धारित करके, मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और अन्य समुदायों के छात्रों के साथ भेदभाव करता है और उनकी अंतरात्मा और धर्म की स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है।

## मणिपुर में फिर बढ़ा तनाव

# कांगपोकपी में कुकी प्रदर्शनकारियों का मार्च सुरक्षा बलों ने छोड़े आंसू गैस के गोले



एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में मंगलवार को तनाव काफी बढ़ गया। वहां जरूरी सामानों की सप्लाई दोबारा शुरू करने की मांग को लेकर कुकी-जो समुदाय के प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बफर जोन की तरफ मार्च निकाला। दूसरी तरफ, छह नागा नागरिकों की हत्या के विरोध में नागा संगठनों ने अपनी अंतर-जिला आर्थिक नाकेबंदी को और तेज करने का फैसला किया है। ये विरोध प्रदर्शन कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी नाम के संगठन ने आयोजित किया था। संगठन ने केंद्र और मणिपुर सरकार को नेशनल हाईवे-2 से कांगपोकपी जिले में सामान की आवाजाही शुरू कराने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। ये समय सीमा खत्म होने के बाद ही मार्च निकाला गया।

**सुरक्षा बलों ने छोड़े आंसू गैस के गोले**

प्रदर्शनकारियों ने वहां लगाए गए अस्थायी बैरिकेड्स को तोड़ने की कोशिश की, तो सुरक्षा बलों ने भीड़ को हटाने के लिए आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया। अधिकारियों के मुताबिक, इस घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। लेकिन हालात को बिगड़ने से रोकने के लिए वहां और ज्यादा सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। ये पूरा विवाद 11 जून से नागा संगठनों द्वारा शुरू की गई अंतर-जिला आर्थिक नाकेबंदी के कारण गहराया है।

**छह नागा पुरुषों की हत्या के बाद की नाकेबंदी**

नागा संगठनों ने ये नाकेबंदी तब शुरू की, जब 13 मई को लीलोन वैफेई गांव से लापता हुए छह लियांगमई नागा पुरुषों के शव 10 जून को बरामद किए गए थे। नागा संगठनों का आरोप है कि इन लोगों को कुकी हथियारों से लैस गुटों ने अगवा कर मार डाला था। हालांकि, इस दावे की अभी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। नागा संगठनों का ये भी आरोप है कि उन लोगों की पहचान जानने के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है। मंगलवार को सेनापति जिले में हुई एक बैठक में यूनाइटेड नागा काउंसिल, नागा पीपल्स ऑर्गनाइजेशन और अन्य नागा निकायों ने फैसला किया कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार कर न्याय नहीं मिलता, वे इस आर्थिक नाकेबंदी को और तेज करेंगे।

**सरकार से दखल की मांग....**

दूसरी तरफ, कुकी संगठन कोटू ने प्रशासन पर जरूरी सामानों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित न कराने का आरोप लगाया है। संगठन का कहना है कि लंबे समय से चल रही इस नाकेबंदी की वजह से कांगपोकपी जिले में भोजन, दवाओं और अन्य जरूरी चीजों की भारी किल्लत हो गई है, जिससे वहां एक मानवीय संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने इस मामले में केंद्र और राज्य सरकार से तुरंत दखल देने की अपील की है।

## आईवीएफ पर कलकत्ता हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

# 'पति की उम्र ज्यादा होने से नहीं छिन सकता मातृत्व अधिकार'

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने मातृत्व अधिकार को लेकर एक बेहद महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि यदि कोई महिला उम्र और स्वास्थ्य के लिहाज से पात्र है, तो उसे आईवीएफ उपचार से सिर्फ इसलिए वंचित नहीं किया जा सकता क्योंकि उसके पति की उम्र कानून में तय सीमा से अधिक है। जस्टिस कृष्णा राव की पीठ ने कहा, आईवीएफ से बच्चे के जन्म की प्रक्रिया में पति की भूमिका सिर्फ सहयोगी की होती है। महिला ही भ्रूण को गर्भ में धारण करती है और बच्चे को जन्म देती है। इसलिए पति की उम्र अधिक होने से किसी महिला के मातृत्व का अधिकार नहीं छीना जा सकता।'

**यह है मामला**

दरअसल, यह पूरा मामला साल 2014 से संतान के लिए प्रयास कर रहे एक दंपती से जुड़ा हुआ है। यह दंपती एआरटी बैंक से शुक्राणु और अंडाणु लेकर आईवीएफ कराना चाह रहे थे। लेकिन अस्पताल ने यह कहकर इलाज से इनकार कर दिया कि पति की उम्र 57 वर्ष है।

## सूचना

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति पहचान संख्या EC26A1005CG5509330N दिनांक 30.06.2026 को मेसर्स कल्याणी ईस्पात लिमिटेड के इंटीग्रेटेड स्टील संयंत्र के विस्तार के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके तहत तैयार स्टील की क्षमता 0.4785 मिलियन टन प्रति वर्ष से 0.9285 मिलियन टन प्रति वर्ष (कच्चे स्टील की क्षमता 0.466 मिलियन टन प्रति वर्ष से 2.012 मिलियन टन प्रति वर्ष) और संयंत्र का क्षेत्रफल 38.68 हे. से बढ़कर 84.021 हे. हो गयी है, जो ग्राम कोपेडीह एवं अंजोरा, तहसील एवं जिला राजनांदगाँव, छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित है। पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति, उसकी शर्तें, अतिरिक्त शर्तें तथा बचाव के उपाय कंपनी की वेबसाईट www.kalyaniispat.com पर देखा जा सकता है।

## पाकिस्तान में दर्दनाक हादसा

# लाहौर में ट्यूशन सेंटर की छत गिरने से 14 बच्चों की मौत

एजेंसी ▶▶| लाहौर

पाकिस्तान के लाहौर शहर में बहुत दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक निर्माणाधीन इमारत में चल रहे निजी ट्यूशन की छत गिर गई। दर्दनाक हादसे में कम से कम 14 स्कूली बच्चों की मौत हो गई, जबकि 5 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बता दें कि यह घटना मंगलवार को लाहौर के काहना इलाके की ईदगाह बस्ती में हुई। सात से 13 साल की उम्र के बच्चे क्लास में बैठे थे, तभी छत गिर गई और वे मलबे के नीचे दब गए। घटना के तुरंत बाद राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। इस दौरान 20 लोगों को मलबे से सुरक्षित निकाला गया। पुलिस ने बताया कि घायलों में एक महिला टीचर भी शामिल है। लाहौर के काहना इलाके में एक बेहद दुखद घटना हुई है। एक ट्यूशन सेंटर की छत गिरने से 14 बच्चों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। बचाव दल और संबंधित एजेंसियां राहत कार्यों में जुटी हुई हैं।

## कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Email ID-commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax No. 07722-241599

**-:: मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक/कार्य.अभि./लोक कर्म/निविदा/2026/827 धमतरी, दिनांक 01/07/2026

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा महापौर निधि से 02 विभिन्न कार्यो ( सामुदायिक भवनो में अतिरिक्त सुविधाओं का विस्तार) के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से छ.ग. पी. डब्ल्यू.डी.भवन / विद्युत एस.ओ. आर. 20.04.2026 एवं पी.एच.ई. एस. ओ. आर. 2020 अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य सम्पादन हेतु निविदा प्रपत्र "ए" में चार- लिफाफा पद्धति से मैनुअल निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 22.07.2026 तक आमंत्रित की जाती है ।

उपरोक्त कार्यो का कार्यवार अनुमानित लागत, निर्धारित अमानत राशि, निविदा की सामान्य शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर छ.ग. के वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है ।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, धमतरी

## पेज एक के शेष

### देशभर में रुकी नैक ग्रेडिंग, वेटिंग में छग ...

की बात सामने आई थी। इसके बाद से ऐसी पद्धति विकसित करने पर जोर दिया जा रहा था, जिसमें निरीक्षण दल का हस्तक्षेप कम हो और संस्थानों के वास्तविक कार्य के आधार पर ग्रेडिंग प्रदान की जा सके।

### राम मंदिर चढ़ावा मामले में आरोपी ...

अविनाश के पास से पांच लाख रुपये बरामद हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक पुलिस को योग केंद्र से जो बक्सा मिला है उस पर लाल रंग से 'रामराज्य कोष' लिखा हुआ था और उसपर एक क्यू.आर. कोड भी चिपका हुआ था। इस बीच, पुलिस ने रूदौली कोतवाली क्षेत्र के ठाकुरान फगोली गांव के निवासी एक अन्य आरोपी लवकुश मिश्रा के घर पर छापा मारकर सघन तलाशी ली। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक छापेमारी के दौरान पुलिस ने पशुओं के लिए रखे सूखे चारे की तलाशी ली और भूसे के ढेर के अंदर भी देखा। उन्होंने बताया कि इससे पहले 28 जून को भी पुलिस ने मिश्रा के मकान पर जाकर उसके परिजन से पूछताछ की थी। अधिकारियों के मुताबिक पुलिस ने लव कुश के पिता बच्चू लाल मिश्रा को हिरासत में ले लिया है। आरोपियों के कब्जे से लगभग 11 ग्राम सोना, लगभग 375 ग्राम चांदी और 1121 डॉलर भी बरामद किए गए हैं।

### आयकर रिटर्न से तय होगी हादसे में ...

के आधार पर वेतनभोगी कर्मचारियों और स्वरोजगार करने वाले व्यक्तियों के बीच अंतर स्पष्ट किया। न्यायमूर्ति करोल ने कहा, इस न्यायालय के विचार में, किसी मृत व्यक्ति/दावेदार की वार्षिक आय की गणना के लिए कोई सख्त और निश्चित नियम नहीं हो सकता। आईटीआर एक वैधानिक दस्तावेज होने के कारण, मोटर वाहन अधिनियम के तहत मुआवजे के उद्देश्य से किसी व्यक्ति की आय का आकलन करने में एक महत्वपूर्ण संदर्भ बिंदु होता है।

## राशिफल

**मेष**: संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष**: खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन**: शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क**: क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह**: कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या**: कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला**: लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक**: संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु**: स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर**: आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ**: क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन**: किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## चुनाव लड़ाएंगे चन्नी संगठन वरिंग के पास

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के बीच कांग्रेस नेतृत्व ने बड़ा संगठनात्मक फेरबदल करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। वहीं पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वरिंग और विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा को उनके पदों पर यथावत रखा गया है। इसके साथ ही पूर्व मंत्री विजय इंदर सिंगला को चुनाव प्रबंधन एवं समन्वय समिति तथा सुखजिंदर सिंह रंधावा को कोर समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। पहली नजर में यह केवल संगठनात्मक नियुक्ति लग सकती है।

## जनरल सेठ ने 'विजय' को बताया सेना की प्राथमिकताओं की आधारशिला

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** भारतीय सेना के लिए बुधवार का दिन महत्वपूर्ण पदों पर शीर्ष अधिकारियों के पदभार ग्रहण करने से जुड़ी औपचारिकताओं के नाम रहा। जिसमें सबसे पहले 31 वें सेनाप्रमुख के रूप में 30 जून को अपना कार्यभार संभालने के ठीक अगले दिन यानी 1 जुलाई को जनरल धीरज सेठ ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) पर राष्ट्र रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उसके बाद साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय के प्रांगण में आयोजित किए गए एक समारोह में गार्ड ऑफ आनर का निरीक्षण किया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) निविदा सं.: एसईसीआर एचक्यू इंजी टीएम-पीओएच-2026-04

**कार्य का नाम:** एस.ई.सी.आर. में बी.सी.एम. 361, बी.सी.एम. 722, यूटीवी-026 तथा यूटीवी-014 का आवधिक ओवरहॉलिंग (पी.ओ.एच) | **निविदा मूल्य: रू. 2,66,66,838.03/-** **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 20/07/2026 को 11.00 बजे ।

निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों की पुरी जानकारी के लिए निविदाकर्ता www.ireps.gov.in वेबसाइट पर लॉगइन कर सकते हैं । ईनिविदा के विरूद्ध मैन्युअल निविदाएं पर विचार नहीं किया जाएगा ।

कार्य. इंजीनियर/टीएम/एच.क्यू.
सीपीआर/10/249 द.पू.मध्य रेलवे
South East Central Railway @secrail

**पूर्व तट रेलवे**

सूचना सं.: eT-Bridges-RGDA-01-2026
दिनांक: 23.06.2026

**कार्य का नाम :** रायगड़ा मण्डल के वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/ब्रिज/रायगड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन सीमित ऊँचाई वाले उपमार्ग / सबवे के कार्यान्वयन के दौरान उपयोग हेतु 50 KMPH गति के लिए उपयुक्त मानक RDSO RH गर्डर (20.4M एवं 26.8M) की आपूर्ति एवं निर्माण।

**कार्य की अनुमानित लागत:** ₹12,80,58,352.46, **EMD :** ₹ 25,61,200/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय:** 16.07.2026 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), रायगड़ा
PR-271/R/26-27

## कार्यालय नगर पंचायत डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)

क्रमांक / 240 / लोनिवि / ई.प्रो.नि.आ.सू. / न.पं. / 2026-27 डौण्डीलोहारा दिनांकः 01/07/2026

**-:: ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रित की जाती है।


| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 194246 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of DOUNDI LOHARA, Chhattisgarh | 27.68 | 18.07.2026 |

दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत डौण्डीलोहारा एवं ई-प्रोक्योमेंट वेब पोर्टल http://cgeproc.cgstate.gov.in व नगरीय प्रशासन एवं विकास की वेबसाईट में www.uad.cg.gov.in देखा जा सकता है।

"स्वच्छ नगर, स्वच्छ डौण्डीलोहारा सम्पूर्ण कर समय पर अदा करें"

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत डौण्डीलोहारा
जिला - बालोद (छ.ग.)

## शब्द पहेली - 6274



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -6273 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6284

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6283 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

# अमेरिका के निर्यात नियंत्रण हटने से एंथ्रोपिक की पहुंच हुई बहाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एंथ्रोपिक ने अपने उन्नत एआई मॉडल फेबल-5 और मिथोस-5 की पहुंच बहाल कर दी है। अमेरिकी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए इस महीने की शुरुआत में इन मॉडल पर निर्यात नियंत्रण लगाए थे जिसके कारण इन तक पहुंच रोक दी गई थी। कंपनी ने ब्लॉग में लिखा कि फेबल-5 एक जुलाई से दुनिया भर के उपयोगकर्ताओं के लिए क्लॉड डॉट एआई और क्लॉड कोवर्क सहित एंथ्रोपिक के विभिन्न मंचों पर उपलब्ध हुआ। वहीं, मिथोस-5 तक पहुंच 26 जून को अमेरिकी सरकार की मंजूरी मिलने के बाद अमेरिका के चुनिंदा संगठनों के लिए फिर से शुरू कर दी गई है।

- अमेरिकी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला दिया था

## एंथ्रोपिक ने फेबल-5, मिथोस-5 एआई मॉडल की पहुंच बहाल की

### भारत, एंथ्रोपिक का दूसरा सबसे बड़ा बाजार

*एंथ्रोपिक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '' अमेरिकी सरकार के साथ कई सार्थक बातचीत के बाद हम नए वर्गीकरण तंत्र के साथ फेबल-5 मॉडल को फिर से उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि साइबर सुरक्षा से जुड़े अधिक कार्यों की पहचान कर उन्हें रोका जा सके। भारत, एंथ्रोपिक का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है।*




### एंथ्रोपिक ने टीसीएस के साथ किया समझौता

*कंपनी ने हाल ही में टीसीएस (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) के साथ समझौता किया है, जिसके तहत उसके 50,000 कर्मचारियों को एंथ्रोपिक के एआई मॉडल उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा कंपनी ने इन्फोसिस के साथ भी साझेदारी की घोषणा की है। इसके तहत क्लॉड मॉडल श्रृंखला का उपयोग कर उन्नत एंटरप्राइज एआई समाधान तैनात किए जाएंगे।*

### साझेदारों तक पहुंच बढ़ाने काम जारी

एंथ्रोपिक ने कहा कि अब वह अपनी 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग' पहल के तहत अमेरिकी सरकार के साथ मिलकर घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक साझेदारों तक इसकी पहुंच बढ़ाने के लिए काम कर रही है।

### मिथोस मॉडल तक पहुंच प्रदान की गई

मामले से परिचित सूत्रों के अनुसार, हाल ही में भारत की कुछ सरकारी एजेंसियों और निजी कंपनियों को भी 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग' नामक साइबर सुरक्षा पहल के तहत मिथोस मॉडल तक पहुंच प्रदान की गई है। 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग', एंथ्रोपिक द्वारा अप्रैल, 2026 में शुरू किया गया एक विशेष साइबर सुरक्षा गठबंधन है।

## खबर संक्षेप

### रुपया 67 पैसे कमजोर होकर 95.23 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 67 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.23 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर की मजबूती से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और एशियाई मुद्राओं में व्यापक कमजोरी के कारण डॉलर-रुपये की विनिमय दर पर दबाव देखा गया।

### एचएमएसआई की बिक्री 2% बढ़कर 5.28 लाख इकाई पर




**मुंबई।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) की कुल बिक्री जून, 2026 में 23 प्रतिशत बढ़कर 5,28,281 इकाई रही, जबकि जून, 2025 में कंपनी ने 4,29,147 वाहन बेचे थे। कंपनी ने बुधवार को कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 4,68,956 इकाई रही।

### सोना 1,300 रुपए टूटा चांदी 5,000 रुपए चढ़ी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में 1,300 रुपये की गिरावट आई और यह 1.44 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसकी वजह वैश्विक बाजार के कमजोर रुख और मजबूत डॉलर का इस कीमती धातु पर असर पड़ना था। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह 1,300 रुपये गिरकर 1,44,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही।

## नए कारोबारी ऑर्डर नरम रहने से उत्पादन पर असर पड़ा

# पीएमआई ने कहा- देश में विनिर्माण गतिविधियों की वृद्धि जून में धीमी पड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों की वृद्धि जून में धीमी पड़ गई। नए कारोबारी ऑर्डर और अंतरराष्ट्रीय बिक्री की वृद्धि दर नरम रहने से खरीद, रोजगार और उत्पादन की रफ्तार भी कम रही।

बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई के 55.0 से घटकर जून में 54.2 पर आ गया। यह 2022 के मध्य के बाद से क्षेत्र की स्थिति में दूसरा सबसे कमजोर सुधार दर्शाता है।

### बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा का कंपनियों ने उल्लेख किया

सर्वेक्षण के अनुसार, कई कंपनियों ने मांग की स्थिति में सुधार की बात कही, जबकि कुछ कंपनियों ने अपने उत्पादों की मांग कमजोर रहने और बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा का उल्लेख किया। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' भारत की विनिर्माण पीएमआई मई के 55.0 से घटकर जून में 54.2 पर आ गया, जो विस्तार तो दर्शाता है लेकिन धीमी रफ्तार से। यह संकेत देता है कि पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी पहले की तेजी के बाद मांग में कुछ नरमी आई है।''

### यूरोपीय बाजारों में कमजोर बिक्री बताई गई

भंडारी ने कहा, '' उत्पादन, नए ऑर्डर, निर्यात ऑर्डर और रोजगार सभी क्षेत्रों में वृद्धि की रफ्तार धीमी रही। वहीं अंतरराष्ट्रीय बिक्री में मार्च, 2023 के बाद सबसे कमजोर बढ़ोतरी दर्ज की गई। भारतीय वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय मांग जून में भी बढ़ी, लेकिन इसकी रफ्तार 39 महीनों में सबसे कमजोर रही। इसकी वजह कुछ यूरोपीय बाजारों में कमजोर बिक्री बताई गई।



### कंपनियों ने नई नियुक्तियां रोक दी

*कीमतों के मोर्चे पर, मांग की वृद्धि कमजोर पड़ने से वस्तु उत्पादक कीमतें बढ़ाने के प्रति कम उत्सुक दिखे। उत्पादन कीमतों में बढ़ोतरी मध्यम रही और पिछले तीन महीनों में सबसे कम दर्ज की गई। रोजगार के मोर्चे पर, कार्यभार स्थिर रहने और मांग का दबाव नहीं होने से कंपनियों ने नई नियुक्तियां रोक दीं या उन्हें कम कर दिया।*

- अंतरराष्ट्रीय बिक्री की वृद्धि दर नरम रहने का असर पड़ा
- रोजगार और उत्पादन की रफ्तार भी कम रही
- जून में सूचकांक घटकर 54.2 पर आ गया

### विनिर्माताओं ने तटस्थ रुख अपनाया

बड़ी संख्या में विनिर्माताओं ने तटस्थ रुख अपनाया, जिससे समग्र कारोबारी आशावाद पांच महीने के निचले स्तर पर आ गया। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

*भर्ती गतिविधियां समित रही : क्षमता पर दबाव नहीं होने से वित्त वर्ष की पहली तिमाही के अंत में भर्ती गतिविधियां सीमित रहीं। इस बीच, मांग और बाजार की स्थिति को लेकर चिंता के कारण जून में निवेशकों और कारोबारियों का भरोसा कमजोर पड़ा।*

# प्रतिभूति धोखाधड़ी मामले में 221 इकाइयों पर सेबी का प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- कंपनियों को सात साल के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित किया
- निवेशक हनीफ शेख पर 10 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 'पंप-एंड-डंप ऑपरेशन' यानी प्रतिभूति धोखाधड़ी मामले में 221 इकाइयों पर सात साल तक के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही व्यक्तिगत निवेशक हनीफ शेख पर 10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

सेबी ने बुधवार को यह जानकारी दी। 'पंप-एंड-डंप ऑपरेशन' प्रतिभूति धोखाधड़ी का एक रूप है। धोखाधड़ी करने वाले पहले किसी छोटी या कम कारोबार वाली कंपनी के शेयर खरीदते हैं, सोशल मीडिया या थोक संदेशों के माध्यम से झूठी अफवाहें फैलाकर शेयर की कीमत को कृत्रिम रूप से बढ़ाते (पंप) हैं और फिर शेयरों को उच्च कीमतों पर बेच देते (डंप) हैं। इससे खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान होता है। सेबी ने मंगलवार को जारी आदेश में कहा कि मॉरिया उद्योग लिमिटेड, 7एनआर रिटेल, दार्जिलिंग रोपवे कंपनी, जीबीएल इंडस्ट्रीज और विशाल फैब्रिक्स लिमिटेड के शेयरों में शेख और उसकी सहयोगी कंपनियों ने हेरफेर किया है।

### घोटाले से करीब 143.79 करोड़ का अवैध लाभ अर्जित किया गया

नियामक के अनुसार, इस घोटाले से करीब 143.79 करोड़ रुपये का अवैध लाभ अर्जित किया गया। सेबी ने हनीफ शेख को सात वर्षों के लिए बाजार से प्रतिबंधित किया और 10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं, उनसे जुड़ी पांच इकाइयों को छह वर्षों के लिए प्रतिबंध करते हुए उन पर दो-दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## आवासीय प्रोजेक्ट 'अभिनव सिटी' में तीन दिवसीय आवास मेला कल से




**रायपुर।** शहर के प्रतिष्ठित रियल एस्टेट डेवलपर अष्टविनायक रियल्टीज एवं अभिनव बिल्डर्स द्वारा 3, 4 और 5 जुलाई को अपने प्रमुख आवासीय प्रोजेक्ट 'अभिनव सिटी' में तीन दिवसीय भव्य आवास मेले का आयोजन किया जाएगा। मोवा स्थित दलदल सिवनी में अंबुजा मॉल के पीछे और साइंस सेंटर के समीप विकसित यह प्रोजेक्ट आधुनिक सुविधाओं, हरित वातावरण और उत्कृष्ट कनेक्टिविटी के कारण शहर के सबसे आकर्षक आवासीय विकल्पों में शामिल है।

आवास मेले में ग्राहकों को प्रीमियम प्लॉट्स के साथ 2 एवं 3 बीएचके लग्जरी अपार्टमेंट्स के विविध विकल्प उपलब्ध होंगे। प्रोजेक्ट में गार्डन फेसिंग, कॉर्नर तथा प्रीमियम प्लॉट्स के अलावा आधुनिक डिजाइन वाले अपार्टमेंट्स तैयार किए गए हैं, जो परिवारों की जरूरतों और निवेशकों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर विकसित किए गए हैं। 'अभिनव सिटी' में विश्वस्तरीय लाइफस्टाइल के लिए 10 गार्डन, मंदिर, स्विमिंग पूल, अत्याधुनिक जिम, स्टीम बाथ, मल्टीपर्पस कोर्ट, नेट क्रिकेट, मिनी थिएटर, म्यूजिक रूम, कम्युनिटी हॉल, किड्स प्ले एरिया, गेस्ट रूम तथा 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी एवं सुरक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी प्राइम लोकेशन है। यहां से इंदिरा स्मृति वन, साइंस सेंटर, प्रमुख स्कूल, अस्पताल, अंबुजा मॉल, रिलायंस स्मार्ट बाजार, डेकाथलॉन, अवंती बाई चौक, पंडरी मार्केट और रेलवे स्टेशन तक आसान पहुंच उपलब्ध है। 60 फीट मुख्य सड़क एवं 30-40 फीट चौड़ी आंतरिक सड़कों की बेहतर कनेक्टिविटी इसे रहने और निवेश दोनों के लिए उपयुक्त बनाती है।

### अपने सपनों का घर चुने

अष्टविनायक रियल्टीज के सीएमडी संतोष लोहाना ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को केवल मकान नहीं, बल्कि सुरक्षित और आधुनिक जीवनशैली उपलब्ध कराना है। वहीं एमडी प्रकाश लोहाना ने शहरवासियों से आवास मेले में पहुंचकर प्रोजेक्ट की विशेषताओं का लाभ उठाने और अपने सपनों का घर चुनने का आग्रह किया।

## शेयर बाजार में दो दिन की गिरावट का सिलसिला थमा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच लगातार दो सत्र की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 443.97 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,922.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 631.41 अंक यानी 0.82 प्रतिशत चढ़कर 77,110.08 अंक तक पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 140.10 अंक यानी 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,005.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में सबसे अधिक तेजी रही। वहीं एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा स्टील और इन्फोसिस के शेयर गिरावट में रहे।

## जीएसटी संग्रह जून में 14 फीसदी बढ़कर रहा 1.95 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का कुल संग्रह जून में 14 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.95 लाख करोड़ रुपये हो गया। आयात और घरेलू आपूर्ति से कर संग्रह में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आंकड़ों के अनुसार, घरेलू लेन-देन से सकल संग्रह 6.5 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी), राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) क्रमशः 37,376 करोड़ रुपये, 45,116 करोड़ रुपये और 52,282 करोड़ रुपये शामिल हैं।

## देश में बिजली की खपत जून में 11.62 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में भीषण गर्मी पड़ने और मानसून में देरी के कारण जून में बिजली की खपत 11.62 प्रतिशत बढ़कर 166.46 अरब यूनिट रही। मानसून में देरी और गर्मी के कारण एयर कंडीशनर जैसे ठंडक देने वाले उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ी है। देश में कुल बिजली खपत बीते वर्ष जून में 149.13 अरब यूनिट थी। पिछले महीने बिजली की अधिकतम मांग भी बढ़कर 264.76 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जो जून, 2025 में 242.77 गीगावाट थी। दक्षिण-पश्चिम मानसून चार जून, 2026 को केरल पहुंचा था। आम तौर पर, मानसून एक जून के आसपास केरल पहुंचता है।






# नॉकआउट के नए 'किंग' एमबाप्पे, रचा कीर्तिमान

*स्टार फुटबॉलर काइलियन एमबाप्पे ने फ्रांस की स्वीडन के खिलाफ 3-0 से जीत में दो गोल करके विश्व कप के नॉकआउट राउंड में सर्वाधिक गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया, जिससे वह फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर सर्वाधिक गोल करने के लियोनेल मेस्सी के रिकॉर्ड के करीब भी पहुंच गए।*



एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

एमबाप्पे ने 45वें मिनट में एक शानदार क्रॉसओवर शॉट से फ्रांस को बढ़त दिलाई। यह विश्व कप के नॉकआउट राउंड में उनका नौवां गोल था, जो विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने ब्राजील के दिग्गज लियोनिडास और रोनाल्डो (दोनों आठ-आठ गोल) को पीछे छोड़ा।

वह यहीं पर नहीं रुके और उन्होंने मैच के 74वें मिनट में अपना दूसरा गोल करके विश्व कप नॉकआउट राउंड में अपने कुल गोल की संख्या 10 तक पहुंचा दी। इस गोल से एमबाप्पे के मौजूदा टूर्नामेंट में अब छह गोल हो गए हैं और उन्होंने सर्वाधिक गोल करने के लिए मिलने वाले गोल्डन बूट की दौड़ में अर्जेंटीना के फॉरवर्ड मेस्सी की बराबरी कर ली है।

### मेस्सी के रिकॉर्ड से बस 1 गोल पीछे एमबाप्पे

विश्व कप करियर में उनके कुल गोल की संख्या 18 हो गई है, जो मेस्सी के रिकॉर्ड से सिर्फ एक कम है। एमबाप्पे ने विश्व कप में अब तक कुल 18 जबकि मेस्सी ने 29 मैच खेले हैं। फ्रांस अब अपने अगले मैच में पराग्वे का सामना करेगा। एमबाप्पे से जब मैदान से बाहर आते समय पूछा गया कि क्या वह पराग्वे का सामना करने के लिए पहले से ही उत्साहित हैं, तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, 'मैं चेंजिंग रूम और एसी में जाने के लिए बेताब हूं।' एमबाप्पे ने यह टिप्पणी भीषण गर्मी को लेकर की। यह मैच जब शाम को पांच बजे शुरू हुआ तब तापमान 32 डिग्री सेल्सियस था और उमस भी काफी थी।

### विश्व कप का पूरा आनंद लेना चाहता हूं: एमबाप्पे

*एमबाप्पे ने कहा, 'मैंने पहले भी कहा था कि मैं इस विश्व कप का पूरा आनंद लेना चाहता हूं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैंने पिछले विश्व कप का आनंद नहीं लिया, लेकिन तब मैं युवा था। मेरा ध्यान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर था लेकिन अब मुझे विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करने के साथ खेल का आनंद भी ले सकता हूं।'*

### फ्रांस ने स्वीडन को 3-0 से हराया

काइलियन एमबाप्पे के दो गोल की मदद से फ्रांस ने स्वीडन को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के अंतिम 16 में जगह बनाई, जहां उसका सामना पराग्वे से होगा। फ्रांस के लिए ब्रैडली बारकोला ने भी 53वें मिनट में एक गोल किया। एमबाप्पे ने 74वें मिनट में टीम की तरफ से तीसरा गोल दागकर उसकी जीत सुनिश्चित कर दी। चार साल पहले विश्व कप में उपविजेता रही और इस बार टूर्नामेंट की प्रबल दावेदार फ्रांस ने अब तक टूर्नामेंट में 13 गोल किए हैं और उसके खिलाफ केवल दो गोल हुए हैं। उसकी तरफ से माइकल ओलिस ने पांच गोल में मदद की है। फ्रांस ने मैच में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और स्वीडन को किसी भी समय वापसी का खास मौका नहीं दिया। फ्रांस ने इस मैच में 25 बार गोल करने के मौके बनाए जबकि स्वीडन केवल सात बार भी ऐसा कर पाया। पहले हाफ में यह आंकड़ा 15-3 का था। लगातार तीसरी बार विश्व कप फाइनल में पहुंचने की कवायद में लगा फ्रांस 4 जुलाई को फिलाडेल्फिया में पराग्वे के खिलाफ खेलेगा, जिसे जर्मनी को बाहर का रास्ता दिखाया।

# मैक्सिको ने 40 साल बाद जीता नॉकआउट मुकाबला

### इक्वाडोर को 2-0 से पीटा, एज्टेका में अजेय रथ जारी



एजेंसी ▶▶| मैक्सिको सिटी


जूलियन क्विनोन्स और राउल जिमेनेज ने पहले हाफ में 9 मिनट के अंतराल में गोल किए, जिससे मैक्सिको ने इक्वाडोर को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई और नॉकआउट चरण में जीत हासिल करने के 40 साल के सूखे को खत्म किया।

क्विनोनेस ने 22वें मिनट में मैक्सिको के लिए पहला गोल किया जबकि जिमेनेज ने 31वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। प्रतिष्ठित एज़्टेका स्टेडियम में मैक्सिको की टीम ने 10 विश्व कप मैचों में अजेय रहने का रिकॉर्ड बनाया है। इस मैदान पर मैक्सिको को केवल दो हार का सामना करना पड़ा है।

### अंतिम 16 में लगातार सात बार हारा मैक्सिको

मैक्सिको की टीम ने 1986 में टूर्नामेंट की मेजबानी करते हुए राउंड ऑफ 16 में बुल्गारिया को हराने के बाद से नॉकआउट चरण का कोई मैच नहीं जीता था। इसके बाद मैक्सिको को 1994, 1998, 2002, 2006, 2010, 2014 और 2018 के विश्व कप में अंतिम 16 में लगातार सात बार हार का सामना करना पड़ा। वह कतर में 2022 में खेले गए विश्व कप में ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया था। मैक्सिको रविवार को अपने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड और कांगो के बीच बुधवार को होने वाले मैच के विजेता का सामना करेगा।

# कांगो को हराकर इंग्लैंड की अंतिम 16 में एंट्री



एजेंसी ▶▶| अटलांटा

दूसरे हाफ में हैरी केन के दो गोल की मदद से इंग्लैंड ने कांगो को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले केन ने 86वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। इससे पहले ब्रायन सिपेंगा ने कांगो को हाफटाइम तक एक गोल की बढत दिलाकर सभी को चौंका दिया था। ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़े उलटफेर में से एक की ओर बढ रहा है लेकिन केन ने बराबरी का गोल दाग दिया। अब 1966 चैंपियन टीम मेक्सिको सिटी में रविवार को सह मेजबान मेक्सिको से खेलेगी।

# हिनकैपी को मुंह ढकना पड़ा भारी, मिला रेड कार्ड



**मैक्सिको सिटी।** इक्वाडोर के पिएरो हिनकैपी विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के नए नियम के तहत विश्व कप में लाल कार्ड पाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इस नियम में प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ी के साथ बहस के दौरान मुंह ढकने पर खिलाड़ी को लाल कार्ड दिखाकर बाहर करने का प्रावधान है। मैक्सिको की राउंड ऑफ 32 में इक्वाडोर पर 2-0 से जीत के दौरान हिनकैपी को दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में बाहर भेज दिया गया था। उन्हें मैक्सिको के फॉरवर्ड सैंटी गिमेनेज के साथ झड़प के दौरान मुंह ढकने के लिए लाल कार्ड दिखाया गया था। इक्वाडोर टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है लेकिन हिनकैपी उसके अगले अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाएंगे। फीफा ने यह नया नियम इसलिए बनाया है ताकि खिलाड़ी अपने मुंह को ढककर विरोधी टीम के खिलाड़ियों के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों को छुपा न सकें।

## खबर संक्षेप

### अंडर-19 : श्रीलंका के खिलाफ 3 वनडे खेलेंगी भारतीय टीम

**कोलंबो।** विमथ दिनसारा भारत के खिलाफ होने वाली अंडर-19 श्रृंखला में श्रीलंका की कप्तानी करेंगे जबकि कवीजा गमागे को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। भारत इस दौरे में श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और 2 मैचों की चार दिवसीय श्रृंखला खेलेगा। एक दिवसीय मैच 4, 6 और 9 जुलाई को हंबनटोटा में खेले जाएंगे। पहला चार दिवसीय मैच 13 जुलाई से गॉल में और दूसरा मैच 20 जुलाई से कोलंबो में खेला जाएगा।

### 25 जुलाई से डूरंड कप हिस्सा लेंगी 24 टीमें

**कोलकाता।** डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में इस साल 24 टीम हिस्सा लेंगी, जिनमें से सात टीम पदार्पण कर रही हैं। प्रतियोगिता के मुकाबले 25 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच शहरों में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 25 जुलाई को कोलकाता में होगी। इसके अलावा अगले चार हफ्तों में रांची, इम्फाल, शिलांग और गुवाहाटी में भी मैच खेले जाएंगे।

# तीसरे राउंड में कोको, सिनर जीते

विंबलडन



एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन में विमेंस सिंगल्स के दूसरे राउंड में अमेरिका की सातवीं वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने स्लोआना सिएरा को 6-3, 3-6, 7-6 से हराया। उन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में लगातार छह अंक हासिल करते हुए सोलाना सिएरा पर कड़ी टक्कर के बाद जीत हासिल की।

यह मुकाबला 2 घंटे और 8 मिनट तक चला। इस जीत के साथ गॉफ ने ऑल-इंग्लैंड क्लब में तीसरे राउंड में जगह बनाई। अर्जेंटीना की सिएरा ने कोर्ट नंबर-1 पर गॉफ को कड़ी चुनौती देते हुए लगभग उलटफेर कर ही दिया था, लेकिन 22 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया।

### सिनर ने बोर्गेस को हराया अगले दौर में प्रवेश


पुरुष वर्ग में नंबर एक खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन इटली के यानिक सिनर ने नुनो बोर्गेस को 7-6, 7-6, 6-4 से हराया। फ्रेंच ओपन उपविजेता फ्लावियो कोबोली, 17वीं रैंकिंग वाले फ्रांसिस टियाफो और 21वीं रैंकिंग वाले टॉमी पॉल भी अगले दौर में पहुंच गए।

# सबालेंका तीसरे दौर में केसलर को हराया



**लंदन।** वर्ल्ड नंबर 1 आर्यना सबालेंका ने अमेरिकी खिलाड़ी मैककार्टनी केसलर को 6-1, 7-6(9) से मात देकर तीसरे दौर में जगह बना ली है। सबालेंका ने दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चार सेट प्वाइंट बचाए। सबालेंका का अगला मुकाबला पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन जेलेना ओस्टापेंको से होगा, जिन्होंने क्रोएशिया की एंटोनिया रुजिक को सिर्फ 66 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 6-0 से हराया। लातवियाई खिलाड़ी ने हैरियट डार्ट के खिलाफ अपनी गलतियों से भरी पहली दौर की जीत में 13 डबल फॉल्ट किए थे, लेकिन अगले मुकाबले में शानदार खेल दिखाते हुए 34 विनर्स लगाए और सिर्फ 10 अनफोर्स्ड एरर किए। दूसरी तरफ, सबालेंका ने सीधे सेटों में जीत हासिल करने पर राहत की सांस ली। पहला सेट हारने के बाद, केसलर ने निडर होकर आक्रामक खेल दिखाते हुए मैच का रुख बदला।

# श्रीसंत को मिली बड़ी खुशखबरी, केसीए ने हटाया 3 साल का बैन



एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एस श्रीसंत पर पिछले साल लगाए गए तीन साल के प्रतिबंध को हटा लिया। यह प्रतिबंध केसीए के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के कारण लगाया गया था। केसीए के बयान के मुताबिक उसकी आम सभा की विशेष बैठक में प्रतिबंध हटाने का फैसला किया। बयान में कहा गया, 'बैठक में सर्वसम्मति से प्रतिबंध हटाने का फैसला किया गया। साथ ही केसीए ने श्रीसंत को चेतावनी दी कि अगर वह भविष्य में ऐसी हरकतें दोहराते हैं तो उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।'

# आईसीसी रैंकिंग: ईशान बने नंबर-1 बल्लेबाज



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन ने जारी आईसीसी की पुरुषों की टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने साथी खिलाड़ी अभिषेक शर्मा को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। किशन (876 रैंकिंग अंक) के शीर्ष पर पहुंचने में इसी साल हुए टी20 विश्व कप में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। विश्व कप में बाएं हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज ने लगभग 200 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए। उन्हें कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ हुए मुकाबले में मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था। अभिषेक (869) लगभग 12 महीने तक शीर्ष पर रहे। किशन और अभिषेक से पहले भारतीय खिलाड़ियों में विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 848 अंक के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

### तिलक छठे स्थान पर काबिज

नवीनतम सूची में भारत के नए उपकप्तान तिलक वर्मा (747) छठे स्थान पर बने हुए हैं जबकि पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव एक स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। गेंदबाजों में भारत के वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह एक-एक स्थान के नुकसान से क्रमशः तीसरे और छठे स्थान पर हैं।

हरिभूमि **आवश्यकता है** inh

रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित सैटेलाइट न्यूज चैनल inh के लिए

**विडियो एडिटर्स**

FCP या Adobe Premier की जानकारी अनिवार्य

अनुभवी को प्राथमिकता

संपर्क करें

inhnewshr@gmail.com  9522283349

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम / A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

ए.आर.एम. शाखा : अन्नपूर्णा भवन,
नेमा हार्ट हॉस्पिटल के पास, आईएसबीटी के सामने, विजय नगर,
दीन दयाल चौक, जबलपुर, एमपी-482002 फोन : 918699142824

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**

**Ref: ARM/9014/PRATEEK-DN/2026-27/01** **Date: 25.06.2026**

जमानतदार एवं बंधककर्ताः
**श्रीमती सरिता अग्रवाल, कानूनी उत्तराधिकारी (पत्नि स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल) मेसर्स प्रतीक सेल्स एसोसिएट्स**
**1. श्री यश अग्रवाल, कानूनी वारिस (पुत्र स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल)**
**2. श्री प्रतीक कुमार अग्रवाल, कानूनी वारिस (पुत्र स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल)**
**3. श्रीमती सरिता अग्रवाल, कानूनी वारिस (पत्नि स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल)**
**सभी का पताः** ईडब्ल्यूएस 44, सांस्कृतिक भवन के पास, वार्ड संख्या 10, वैशाली नगर, सुपेला भिलाई, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़- 490023
**4. श्रीमती कीर्ति अग्रवाल पत्नि श्री जयेश मोरारका, कानूनी वारिस (पुत्री स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल)**
निवासी प्लॉट संख्या 5, जे.डी. फिटनेस के बगल में, महावीर नगर, नागपुर- 440024
**5. स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री बजरंग लाल अग्रवाल के अन्य कानूनी वारिस, प्रोपराइटर- मेसर्स प्रतीक सेल्स एसोसिएट्स, पताः** ईडब्ल्यूएस 44, सांस्कृतिक भवन के पास वार्ड नंबर 10, वैशाली नगर, सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग छत्तीसगढ़-490023
महोदय/महोदया,

**विषयः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

**अधोहस्ताक्षरी केनरा बैंक स्पेशलाइज्ड एआरएम शाखा जबलपुर (DPCD-9014) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (जिसे आगे अधिनियम कहा जायेगा) के अन्तर्गत आपको निम्नानुसार नोटिस जारी करता है।**

केनरा बैंक के माध्यम से ऋणी- **मेसर्स प्रतीक सेल्स एसोसिएट्स प्रोपराइटर - स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल** (ऋणी), **श्रीमती सरिता अग्रवाल, पत्नि स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल** (ऋणी/ जमानतदार एवं बंधककर्ता) द्वारा लोन / साख सुविधा प्राप्त की एवं वर्तमान दिनांक तक मांगी गई राशि के भुगतान की गारंटी दी। मांगी गई राशि का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. सं. | लोन खाता क्र. | लोन/सीमा का प्रकार | वर्तमान दि. 25.06.2026 को बकाया राशि मय ब्याज | ब्याज की दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 0298261051082 | OCC/ODBD | Rs. 1,94,85,164.00/- | 10.00 % |
| 2 | 170001539246 | GECL | Rs. 3,20,420.59/- | 8.60 % + 2% penal intt |
| | | | Total Rs. 1,98,05,584.59/- | |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा दिनांक **30.03.2026** को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में वर्णित राशि रु. **1,98,05,584.59/- (रु. एक करोड अन्ठानवे लाख पांच हजार पांच सौ चौरासी एवं पैसा उनसठ मात्र)** एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम 13(2) की धारा 13 के उपनियम (a) एवं (b) के प्रावधानों के तहत सभी या किसी भी अधिकार का प्रयोग करते हुए कार्यवाही की जावेगी, जिसका सार इस मुद्दे की गंभीरता को बताने के लिए यहां नीचे दिया गया है।
इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
आपको यह भी सूचित किया जाता है कि धारा 13(13) के तहत, ऋणी/जमानतदार सिक्योर्ड क्रेडिटर (सुरक्षित लेनदार) की लिखित सहमति लिए बिना, नीचे बताई गई सुरक्षित संपत्तियों को बिक्री, लीज या किसी अन्य तरीके से ट्रांसफर नहीं करेगा।

**अनुसूची**

**(1) चल संपत्ति - बुक डेब्ट्स एवं स्टॉक का दृष्टिबंधक**
**टाइटल होल्डर का नाम : स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल प्रोपराइटर मेसर्स प्रतीक सेल्स एसोसिएट्स**
**अचल संपत्ति - संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित ई.डब्ल्यू.एस. 44, छत्तीसगढ़ हाऊसिंग बोर्ड, खसरा नं. 481/1, वैशाली नगर, वार्ड नं. 15, सुपेला भिलाई, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़- 490023 क्षेत्रफल- 98.00 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- उत्तर- ई.डब्ल्यू.एस. 45, दक्षिण- ई.डब्ल्यू.एस. 43, पूर्व- ई.डब्ल्यू.एस. 77, पश्चिम- रोड, टाइटल होल्डर का नाम : स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री बजरंग लाल अग्रवाल**
**CERSAI ID-400012442137**
**(2) संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित ई.डब्ल्यू.एस. 45, छत्तीसगढ़ हाऊसिंग बोर्ड, खसरा नं. 481/1, वैशाली नगर, वार्ड नं. 15, सुपेला भिलाई, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़- 490023 क्षेत्रफल- 98.00 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- उत्तर- ई.डब्ल्यू.एस. 46, दक्षिण- ई.डब्ल्यू.एस. 44, पूर्व- ई.डब्ल्यू.एस. 76, पश्चिम- रोड, टाइटल होल्डर का नाम : स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री बजरंग लाल अग्रवाल एवं श्रीमती सरिता अग्रवाल पत्नि स्व. श्री सतीश कुमार अग्रवाल**
**CERSAI ID- 400012528820**
**नोटिस दिनांक : 25.06.2026** — **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : जबलपुर** — **केनरा बैंक**




# ये है ब्रांडेड कपड़ों का कब्रिस्तान! फेंके जाते हैं महंगे-महंगे कपड़े

**सैंटियागो।** चिली के अटाकामा को दुनिया के सबसे सूखे रेगिस्तान में एक माना जाता है। यहां जीवन पॉसिबल नहीं है। कोई भी यहां नहीं रहता। अगर कुछ लोग रहते भी हैं तो उनकी लाइफ बड़ी मुश्किल है। लेकिन, इस रेगिस्तान में पहाड़ों जैसी ऊंचाई तक ब्रांडेड कपड़ों के ढेर लगे हुए हैं। ये कपड़े कभी किसी ने पहने तक नहीं हैं। फिर क्यों यहां इतने कपड़े पड़े हैं?

दरअसल, हर साल इकीके बंदरगाह से 59,000 टन नए कपड़े यहां पहुंचते हैं। इनमें से 85 प्रतिशत कपड़े कभी बाजार में बिकते तक नहीं और सीधे रेगिस्तान में फेंक दिए जाते हैं। हर साल 39,000 टन कपड़े रेगिस्तान में डंप किए जाते हैं। ये ढेर इतना बड़ा है कि स्पेस से दिखाई देता है। इसे कोई कभी छूने भी नहीं आता। रेगिस्तान में गर्मी और सूखे के कारण कई बार इनमें खुदबखुद आग लग जाती है। इससे लाखों-करोड़ों रुपए के ब्रांडेड कपड़े बर्बाद हो जाते हैं।

### दुनिया की विडंबना

दूसरी तरफ पूरी दुनिया में करीब 700 मिलियन (70 करोड़) लोग ऐसे हैं जिनके पास पर्याप्त कपड़े तक नहीं हैं। अफ्रीका, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई इलाकों में मां-बाप को तय करना पड़ता है कि बच्चों को खाना खिलाएं या जूते पहनाएं। यह समस्या फास्ट फैशन इंडस्ट्री की वजह से बढ़ी है। ब्रांड हर सीजन नई डिजाइन लाते हैं और पुरानी स्टॉक सस्ते में या बिना बिके डंप कर देते हैं। चिली इस डंपिंग का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है, क्योंकि यहां सस्ते में लैंड उपलब्ध है।

## गर्मी से कई बार कपड़ों में लग जाती है आग



### भारत भी फास्ट फैशन मार्केट में तेजी से बढ़ रहा

भारत भी फास्ट फैशन मार्केट में तेजी से बढ़ रहा है। हमें भी इस बर्बादी से बचना होगा। रिसाइक्लिंग, सेकंड हैंड मार्केट को बढ़ावा और जिम्मेदार खपत पर ध्यान देना जरूरी है। अटाकामा का यह कपड़ों का कब्रिस्तान इंसानी बर्बादी और लालच का जीवंत प्रमाण है। हमें उत्पादन और खपत के तरीके बदलने होंगे, नहीं तो आने वाली पीढ़ियां सिर्फ कचरे के ढेर विरासत में पाएंगी।

### पर्यावरण को कितना नुकसान?

ये कपड़े रेगिस्तान की मिट्टी को प्रदूषित कर रहे हैं। सिंथेटिक कपड़ों से निकलने वाले केमिकल पानी और मिट्टी दोनों को खराब कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के दौर में इतनी बड़ी बर्बादी पर्यावरण के लिए घातक है। विशेषज्ञ कहते हैं कि समस्या प्रोडक्शन में नहीं, बल्कि डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम में है। दुनिया भर में जहां जरूरत है, वहां कपड़े पहुंचाने के लिए बेहतर सप्लाई चेन, ट्रांसपेरेंट ट्रैकिंग और रिसाइक्लिंग सिस्टम बनाना होगा। कुछ संगठन 'पीस थ्रू ट्रेड' जैसे मॉडल पर काम कर रहे हैं, जो सरप्लस कपड़ों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। जब ये तस्वीरें वायरल हुईं तो लोग हैरान रह गए। कई यूजर्स ने लिखा, 'एक तरफ पहाड़ भर कपड़े सड़ रहे हैं, दूसरी तरफ लोग नंगे घूम रहे हैं।' फास्ट फैशन ब्रांड्स पर सवाल उठ रहे हैं। ये भारत के लिए भी सबक है।

## रोचक खबरें

## युवक ने खुद अपनी ही आंखों के पर्दे के कर दिए टुकड़े-टुकड़े



**एडिनबर्ग।** आजकल वर्क फ्रॉम होम और दिन भर लैपटॉप की स्क्रीन के सामने बैठे रहने से आंखों में थकान होना बहुत आम बात है। लेकिन, इस थकान को मिटाने के लिए कोई खौफनाक कदम भी उठा सकता है, यह सोचना भी डरावना है। स्कॉटलैंड से एक ऐसा ही हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने आंखों को आराम देने के चक्कर में उन पर मसाज गन चला दी। नतीजा यह हुआ कि उसकी दोनों आंखों का अंदरूनी पर्दा बुरी तरह फट गया। डॉक्टर भी इस लापरवाही को देखकर अवाक रह गए। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना स्कॉटलैंड की राजधानी एडिनबर्ग की है। यहां एक 25 वर्षीय युवक को पिछले कुछ समय से आंखों में काफी भारीपन और थकान महसूस हो रही थी। इस दर्द से राहत पाने के लिए उसने एक अजीब और खतरनाक तरीका अपनाया। उसने जिम के बाद मसल्स को आराम देने वाली तेज वाइब्रेशन वाली मसाज गन उठाई और उसे सीधे अपनी बंद आंखों के ऊपर और आसपास चलाना शुरू कर दिया। युवक को लगा कि इससे उसकी आंखों की नसों को आराम मिल रहा है। वह लगातार तीन महीने तक हर हफ्ते ऐसा ही करता रहा। लेकिन, कुछ दिनों पहले अचानक उसकी दाहिनी आंख के सामने काले धब्बे दिखने लगे और चमकीली लाइटें कौंधने लगीं। जब परेशानी ज्यादा बढ़ गई, तब वह घबराकर डॉक्टरों के पास गया।

## सबसे खतरनाक बकरी, एक ही टक्कर में ले जाएंगे यमराज

**नई दिल्ली।** आप सोच रहे होंगे कि बकरी क्या खतरनाक हो सकती है? लेकिन, मध्य एशिया की पहाड़ियों में एक ऐसी बकरी रहती है जिससे बड़े-बड़े शिकारी भी कांपते हैं। इसका नाम है मारखोर। इसे स्नेक ईटर या पहाड़ों का राजा भी कहा जाता है। इसके घुमावदार सींग और चट्टानों पर दौड़ने की क्षमता इसे दुनिया की सबसे अनोखी और खतरनाक बकरियों में शुमार करती है। मारखोर मुख्य रूप से पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान, भारत और उज्बेकिस्तान की ऊंची पहाड़ियों में पाया जाता है। यह 600 से 3600 मीटर की ऊंचाई तक रह सकता है। जिन खड़ी पहाड़ियों पर दूसरे जानवर फिसलकर गिर जाते हैं, वहां मारखोर आराम से भागता-दौड़ता है। इसके खुर खास तरह के होते हैं जो चट्टानों पर मजबूत पकड़ बनाते हैं। यह खड़ी दीवारों, संकरी लेज पर दौड़ सकता है और यहां तक कि पेड़ों पर भी चढ़ जाता है। मारखोर के नर के सींग 160 सेंटीमीटर (लगभग 5 फीट) तक लंबे हो सकते हैं। ये घुमावदार, कॉर्कस्क्रू की तरह होते हैं। ये सिर्फ दिखावे के लिए नहीं बल्कि हथियार भी हैं। मादा-मादा या क्षेत्र के लिए लड़ाई में ये सींग घातक साबित होते हैं। एक जोरदार टक्कर में दूसरे जानवर के सिर या शरीर पर गहरी चोट लग सकती है। यही वजह है कि स्नो लेपर्ड, वुल्फ और लिंक्स जैसे शिकारी भी वयस्क मारखोर से दूर रहते हैं। मारखोर पाकिस्तान का राष्ट्रीय पशु है। इसकी आबादी पहले काफी कम हो गई थी, लेकिन संरक्षण प्रयासों से अब यह आईयूसीएन की नियर थ्रेटेंड श्रेणी में है।




# आसमान से बरस रहे हैं बेशकीमती हीरे!

वाशिंगटन।जब हम अमीर बनने या खजाने की बात करते हैं, तो हमारे दिमाग में सोने की खदानें या हीरों की तिजोरियां आती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हमारे ही सौरमंडल में दो ऐसे जादुई और रहस्यमयी ग्रह मौजूद हैं, जहां हीरों की बारिश होती है? जी हां, आपने बिल्कुल सही सुना. यूरेनस और नेप्च्यून नाम के इन बर्फीले ग्रहों पर पानी की बूंदें नहीं, बल्कि आसमान से चमचमाते हीरे बरसते हैं। वैज्ञानिकों ने अब इस थ्योरी को सच साबित करने वाले मजबूत सुबूत ढूंढ निकाले हैं।

### लैब में वैज्ञानिकों ने बनाया नकली ग्रह

इस थ्योरी को साबित करने के लिए साल 2017 में एसएलएसी नेशनल एक्सीलेटर लैबोरेटरी और जर्मनी के वैज्ञानिकों ने एक अनोखा प्रयोग किया। उन्होंने धरती पर ही इन ग्रहों जैसा माहौल तैयार करने की कोशिश की। वैज्ञानिकों ने कार्बन और हाइड्रोजन से बने एक खास प्लास्टिक पर दुनिया का सबसे शक्तिशाली एक्स-रे लेज़र फायर किया। परिणाम बेहद चौंकाने वाले थे। पलक झपकते ही, यानी एक सेकंड के अरबवें हिस्से में, उस प्लास्टिक के टुकड़े नैनो-डायमंड्स (छोटे हीरों) में बदल गए। हाल ही में इसमें ऑक्सीजन मिलाकर किए गए प्रयोगों से पता चला है कि यह प्रक्रिया उम्मीद से भी ज्यादा तेज़ काम करती है।

## अंतरिक्ष के इस कोने में छिपा है हीरों का समंदर



### सिर्फ बारिश नहीं, चट्टानी कोर में छिपी है हीरों की परत

वैज्ञानिकों का मानना है कि हीरों की यह बारिश तो सिर्फ एक छोटी सी झांकी है। अगर यह प्रक्रिया पिछले अरबों सालों से चल रही है, तो इन ग्रहों के चट्टानी कोर (केंद्र) के चारों ओर हीरों की एक बहुत मोटी और भारी परत जमा हो चुकी होगी। यह हीरों की परत इतनी विशाल हो सकती है कि यह इन ग्रहों से निकलने वाली गर्मी और उनके अजीबोगरीब चुंबकीय क्षेत्र को भी प्रभावित करती है।

### क्या हम इन हीरों को धरती पर ला सकते हैं?

इसका सीधा जवाब है- फिलहाल बिल्कुल नहीं। ये हीरे किसी खुले मैदान या समुद्र तट पर नहीं बिखरे हैं। ये बादलों की उस गहराई में बनते हैं, जहां का दबाव पृथ्वी के मुकाबले लाखों गुना ज्यादा है। आज तक कोई भी इंसानी स्पेस प्रोब इन ग्रहों की इतनी गहराई में नहीं जा सका है। नासा अब भविष्य में इन बर्फीले ग्रहों के अंदरूनी रहस्यों को जानने के लिए विशेष मिशन भेजने की तैयारी कर रहा है।



### पूरे ब्रह्मांड का यही है सच

यह अनोखी खोज सिर्फ हमारे सौरमंडल तक सीमित नहीं है। अंतरिक्ष में यूरेनस और नेप्च्यून के आकार के हजारों एक्सोप्लैनेट्स (सौरमंडल से बाहर के ग्रह) मौजूद हैं। इसका मतलब यह हुआ कि हीरों की बारिश ब्रह्मांड में कोई दुर्लभ घटना नहीं, बल्कि एक आम मौसम की तरह है। भले ही हम इन हीरों को कभी छू न पाएं, लेकिन विज्ञान ने यह साबित कर दिया है कि कुदरत के पास हमसे भी बड़े खजाने छिपे हुए हैं।

# भारत की इस जगह आज भी है राम राज्य, दुकानों में नहीं रहता दुकानदार

## नागालैंड घूमने गए टूरिस्ट ने दिखाई सच्चाई

**कोहिमा।** आज कलियुग चल रहा है। राम राज्य में लोग काफी ईमानदार होते थे। उस समय चोरी, धोखेबाजी जैसी चीजें नहीं थी। लेकिन, अब इसकी बस कल्पना ही की जा सकती है। लेकिन, भारत के नागालैंड में आपको ऐसा नजारा देखने को मिलेगा, जिसके बाद लगेगा कि यहां आज भी राम राज्य चल रहा है। यहां लोग इतने ईमानदार हैं कि दुकानों में दुकानदार के रहने की जरूरत नहीं होती। सोशल मीडिया पर नागालैंड घूमने आए कई टूरिस्ट्स इसका वीडियो बनाकर शेयर करते हैं। यहां आपको कई दुकानें मिल जाएगी, जहां सामान रखा है, लेकिन कोई दुकानदार नहीं है। लोग अपनी जरूरत की चीजों को उठाकर स्कैनर में या कैशबॉक्स में पैसे डाल देते हैं। नागालैंड की यह अनोखी ईमानदारी पूरे देश के लिए मिसाल है। खासकर छोटे गांवों और कुछ शहरों की दुकानों में यह व्यवस्था आम है।



### कैसे चलती है दुकान?

यहां कई दुकानें हैं जो दिनभर खुली रहती है। यहां सामान रखा रहता है। ग्राहक खुद दुकान में घुसकर सामान चुनता है। कीमत चेक करने के लिए स्कैनर या प्राइस लिस्ट का इस्तेमाल करता है। इसके बाद पैसे कैशबॉक्स में डालता है या ऑनलाइन पेमेंट करता है। अगर जरूरत हो तो चेंज खुद ले लेता है। दुकानदार आसपास के काम में व्यस्त रहता है। शाम को गिनती करके देखता है कि सब ठीक है। चोरी के मामले बेहद कम या ना के बराबर होते हैं।








## मशरूम जैसी 5 आंखें, हाथी जैसी सूंड!



**नई दिल्ली।** सोचिए एक ऐसा जीव जिसकी 5 आंखें हों, हाथी जैसी सूंड हो, लेकिन साइज में वो आपकी एक उंगली जितना छोटा हो। सुनने में यह किसी साइंस फिक्शन मूवी का एलियन लग सकता है, लेकिन आज से करीब 50.5 करोड़ साल पहले हमारी धरती के समंदरों में सच में ऐसा एक अजीबोगरीब जीव राज करता था। इसका नाम ओपबीनिया है। कैम्ब्रियन काल का यह अनोखा जीव आज के किसी भी जानवर से मेल नहीं खाता। ओपबीनिया के सिर पर डंठल जैसी 5 आंखें होती थीं, जो देखने में छोटे मशरूम या बल्ब जैसी लगती थीं। इनमें से दो आंखें आगे, दो पीछे और एक बिल्कुल बीच में हुआ करती थी। वैज्ञानिकों का मानना है कि इन 5 आंखों की मदद से इसे 360 डिग्री व्यू मिलता था, जिससे यह चारों तरफ नजर रखकर अपने शिकारियों से बच जाता था।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com